WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| छत्तीसगढ़ 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| कारोबार

रायपुर, बुधवार, 10 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 292 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

राष्ट्रपति के हाथों हीराबाई बघेल राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित

■ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर /नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली धातुकला शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल को उनकी उत्कृष्ट कलात्मक उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ की समृद्ध धातुकला परंपरा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्थान दिलाने के लिए उनकी सराहनीय सेवा का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय हस्तशिल्प समारोह में देश भर के हस्तशिल्पियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने की, इस मौके पर राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप उपस्थित थीं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर हीराबाई झरेका बघेल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि हीराबाई झरेका ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और धातुकला क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उनका यह कार्य न केवल हमारी कला को संरक्षित करता है, बल्कि नये कलाकारों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। राजेश अग्रवाल ने आगे कहा कि श्रीमती हीराबाई झरेका की अद्भुत सफलता पर छत्तीसगढ़ सरकार और संस्कृति विभाग की ओर से हार्दिक अभिनंदन। हमारे कलाकारों की उत्कृष्टता और उनका समर्पण ही हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने का मूल आधार है। संस्कृति विभाग निरंतर प्रयासरत है कि वह धातुकला के शिल्पियों एवं कलाकारों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता एवं उचित मंच प्रदान करे, जिससे वे अपनी कला को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए विश्व के सामने मजबूती से प्रस्तुत करें। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ के शिल्पकारों के कौशल संवर्धन के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, वित्तीय सहायता एवं प्रदर्शनियों का आयोजन करता रहता है, जिससे कि वे अपनी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। विभाग का उद्देश्य है कि प्रदेश के धातुकला एवं हस्तशिल्प क्षेत्र को संरक्षित करते हुए युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाए। हीराबाई झरेका को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त होने से न केवल छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति की प्रतिष्ठा बढ़ी है बल्कि यह पूरे प्रदेश के शिल्पकारों के लिए एक नई प्रेरणा भी बनी हैं।

आज बेबाक

खुद को सबसे बड़ा खिलाड़ी समझने वाली बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का खेला इस बार शायद ही हो पाये। हुमांयू कबीर को पार्टी से हकाल कर ममता बनर्जी ने आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर ली है। मुर्शीदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले टीएमसी के पूर्व विधायक हुमांयू कबीर ने अपनी अलग पार्टी बनाने और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी से गठबंधन कर विधानसभा चुनाव लडऩे का ऐलान कर दीदी को जोर का झटका जोर से दे दिया है हुमांयू ओवैसी अब एक और एक ग्यारह हो गये तो दीदी का बारह बजना तय है।

नक्सली कमांडर हिडमा के खात्मे के बाद अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता और कुख्यात नक्सली कमांडर हिडमा के ढेर होने के बाद अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अगले सप्ताह छत्तीसगढ़ के दौरे पर पहुंचेंगे। अमित शाह का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह 13 दिसंबर को बस्तर पहुंचेंगे। यहां वे बस्तर ओलंपिक से जुड़े विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान वे बस्तर की सांस्कृतिक पहचान और युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देने वाले आयोजनों को भी संबोधित कर सकते हैं। इस दौरे के दौरान गृहमंत्री शाह सुरक्षा एजेंसियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में हालिया ऑपरेशन, नक्सल संगठन की मौजूदा स्थिति और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा होगी। अमित शाह उन सुरक्षाबल की टीमों से सीधे संवाद कर सकते हैं जो हाल ही में चले सफल ऑपरेशन का हिस्सा थीं।

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही, उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की तारीफ की। उन्होंने संकट के समय उन्हें शरण देने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और देश को एक महत्वपूर्ण पड़ोसी और पार्टनर बताया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि वह बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को कैसे देखती हैं, तो हसीना ने कहा, भारत एक महत्वपूर्ण पड़ोसी और पार्टनर है।

पूर्व सरपंच की हत्या का खुलासा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पूर्व सरपंच सूर्यप्रकाश बघेल की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया था. इस मामले में गांव के 2 भाइयों को अभिरक्षा में लिया गया है, जिन्हें पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा. आरपियों के पास से मोटरसाइकिल और हथियार जब्त किया गया है. पूरा मामला रतनपुर थाना इलाके का है। दरअसल, पूर्व सरपंच सूर्यप्रकाश बघेल के गुमशुदगी की 4 दिसंबर को रिपोर्ट लिखाई गई थी. इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो तकनीकी साक्ष्य भैंसाझार जंगल और डैम के आसपास छानबीन की. 5 दिसंबर को झाड़ियों में लापता पूर्व सरपंच का शव और बाइक बरामद हुआ. सूचना पर पुलिस, एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची।

गरमा-गरम

वंदे मातरम् का विरोध कांग्रेस के खून में : शाह

राहुल ने कहा- बीजेपी लोकतंत्र को डैमेज कर रही

राज्य सभा में बोले गृहमंत्री - नेहरु ने दो हस्सों में बांटा, गीत न बंटता तो देश भी नहीं बंटता

नई दिल्ली/वार्ता। राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् पर मंगलवार को चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो लोग वंदे मातरम् के महत्व को नहीं जानते वे इसे चुनाव से जोड़ रहे हैं। शाह के बयान को प्रियंका गांधी के बयान से जोड़ कर देखा जा रहा है। शाह ने संबोधन में कहा- जब वंदे मातरम 100 साल का हुआ, पूरे देश को बंदी बना दिया गया। जब 150 साल पर कल सदन (लोकसभा) में चर्चा शुरू हुई, गांधी परिवार के दोनों सदस्य (राहुल-प्रियंका) नदारद थे। वंदे मातरम् का विरोध नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस नेतृत्व के खून में है। कांग्रेस पार्टी की एक नेत्री ने लोकसभा में कहा कि वंदे मातरम पर अभी चर्चा की कोई जरूरत नहीं है।

हम सब सौभाग्यशाली हैं कि आज वंदे मातरम् पर चर्चा हो रही: गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'वंदे मातरम् के यशोगान के लिए चर्चा के लिए हम यहां आए है। चर्चा के जरिए हमारे देश के किशोर, युवा, आने वाली पीढ़ियों तक वंदे मातरम् का योगदान पता चले। हम सब सौभाग्यशाली है कि हमें एतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, इस महान सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा

■ शेष पृष्ठ 6 पर

जब एक जवान प्राण त्यागता है, वंदे मातरम् बोलता

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- 'सही है कि वंदे मातरम् के रचनाकार बंकिम बाबू बंगाल में पैदा हुए, बंगाल में गीत की रचना हुई। आनंदमठ में समाहित हुआ, उसका बैकग्राउंड भी बंगाल था, लेकिन यह सिर्फ बंगाल तक या देश तक सीमित नहीं रहा। दुनिया भर में जहां तक आजादी के दीवाने थे, उन्होंने इसका गुणगान किया। जब सरहद पर एक जवान अपने प्राण त्यागता है, तो उसकी जुबान पर वंदे मातरम् होता है।

लोक सभा में राहुल ने कहा- 'सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर कहा कि आरएसएस और भाजपा देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को डायरेक्ट कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है।

राहुल गांधी ने कहा, देश भी फेबरिक है, जो 1.4 बिलियन लोगों से बना: लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा, खादी भारत के लोगों के एक्सप्रेशन का हिस्सा है। आज मैंने खादी पहना है। बनारसी-कांजीवरम साड़ी, हिमाचली टोपी और भी दूसरे कपड़े। ये भारत के लोगों को दर्शाते हैं। ये उनके ट्रेडीशन को दर्शाते हैं। ये फेबरिक बहुत सुंदर हैं। लेकिन अब गहराई से देखते हैं तो पाते हैं कि हर एक फेबरिक में हजारों थ्रेड हैं। ऐसा नहीं है ये एक थ्रेड दूसरे से ज्यादा बड़ा है। ये सभी एक साथ हैं। इसी तरह हमारा देश भी फेबरिक है, जो 1.4 बिलियन लोगों से बना है। जो वोट से एक साथ है। हर बार हम देखते हैं, लोकसभा-राज्यसभा, देश के पंचायत-विधानसभा हम

■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल ने 3 मांग की

1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए।
2. सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए।
3. हमें ईवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी एंटी नेशनल काम है। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती।

राहुल ने 3 सवाल पूछे

1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया गया।
2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयोक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। ऐसा क्यों किया।
3. चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज क्यों डिलीट किए जाएं।

74 रन ही बना सका साउथ अफ्रीका

भारत ने 101 रन से पहला टी-20 जीता

■ हार्दिक की फिफ्टी; बुमराह के 100 विकेट पूरे

कटक(वार्ता)। भारत ने साउथ अप्रीका को पहले टी-20 में 101 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मंगलवार को कटक के बाराबाती स्टेडियम में साउथ अप्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने हार्दिक पंड्या की फिफ्टी के दम पर 6 विकेट खोकर 175 रन बना लिए। जवाब में मेहमान टीम 74 रन बनाकर ही सिमट गई। एनरिक नॉत्र्या (एक रन) को अक्षर पटेल ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने पावरप्ले के आखिरी ओवर में अक्षर पटेल ने ऐडन मार्करम (14 रन) को बोल्ड कर दिया। जसप्रीत बुमराह ने केशव महाराज (जीरो) और डेवॉल्ड ब्रेविस (22 रन) को एक ही ओवर में आउट किया। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट भी पूरे कर लिए। वरुण चक्रवर्ती ने मार्को यानसन (12 रन) और डोनोवन फरेरा (5 रन) के विकेट लिए। डेविड मिलर (एक रन) को हार्दिक पंड्या ने अपनी पहली बॉल पर आउट किया। अर्शदीप सिंह ने क्विंटन डी कॉक (जीरो) और ट्रिस्टन स्टब्स (14 रन) को पवेलियन भेजा। पंड्या की फिफ्टी, 100 छक्के भी पूरे टीम इंडिया की ओर से हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा 59 रन (28 बॉल) बनाए। उन्होंने 25 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने टी-20 इंटरनेशनल में 100 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। पंड्या के अलावा, तिलक वर्मा ने 26 और अक्षर पटेल ने 23 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने

कस्टम मिलिंग स्कैम

दीपेन चावड़ा के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया चालान

■ 2,000 करोड़ से अधिक अवैध धन प्रबंधन के आरोप

रायपुर /नवप्रदेश । कस्टम मिलिंग स्कैम मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपेन चावड़ा के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया है। चावड़ा पर 2,000 करोड़ रुपये से अधिक अवैध धनराशि के प्रबंधन में प्रमुख भूमिका निभाने के आरोप हैं। वह स्कैम के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर का सहयोगी माना जाता है।

जानकारी के अनुसार, दीपेन चावड़ा को ईओडब्ल्यू ने नवंबर 2025 में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान चावड़ा की भूमिका कई बड़े आर्थिक अपराधों में सामने आई, जिसके आधार पर उसके खिलाफ ठोस साक्ष्य जुटाए गए। इन सबूतों के आधार पर आज, 9 दिसंबर 2025 को रायपुर स्थित न्यायालय

(भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) में उसके विरुद्ध चालान पेश किया गया। जिसमें बताया गया है कि दीपेन चावड़ा ईओडब्ल्यू में दर्ज अन्य प्रकरणों में लगभग 2,000 करोड़ रुपये से अधिक अवैध धन के प्रबंधन में शामिल था। कस्टम मिलिंग स्कैम में भी उसके द्वारा लगभग 20 करोड़ रुपये लोकसेवकों की ओर से एकत्र किए जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

इस मामले में इससे पहले फरवरी 2025 में तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर के विरुद्ध तथा अक्टूबर 2025 में अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा के विरुद्ध माननीय

■ शेष पृष्ठ 6 पर

माइक्रोसॉफ्ट का एआई सेक्टर में निवेश, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- 'दुनिया भारत को लेकर आशावादी'

नई दिल्ली (आईएएनएस)। माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मदद के लिए 17.5 अरब डॉलर (1.50 लाख करोड़ रुपए) के निवेश की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको लेकर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को लेकर आशावादी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला के पोस्ट को रीपोस्ट किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने लिखा कि जब बात एआई की आती है, तो दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। सत्य नडेला के साथ बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई। यह देखकर खुशी हुई कि

भारत वह स्थान बन रहा है, जहां माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना अब तक का सबसे बड़ा निवेश करेगा। भारत के युवा इस अवसर का लाभ उठाकर नवाचार करेंगे और एक बेहतर ग्रह के लिए एआई की शक्ति का लाभ उठाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सत्य नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन

शीर्ष कंपनियों के सीईओ ने पीएम मोदी से मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मंगलवार को दुनिया की कई दिग्गज कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने मुलाकात की। इनमें इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला और कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस और उसकी भारतीय इकाई के एमडी एवं चेयरमैन राजेश वरियर शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद लिप-बू टैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात हुई। हमने टेक्नोलॉजी, कंप्यूटिंग और भारत के लिए अपार संभावनाओं वाले विविध विषयों पर व्यापक चर्चा की। मैं एक व्यापक सेमीकंडक्टर डिजाइन और निर्माण नीति लागू करने के लिए प्रधानमंत्री की सराहना करता हूं और इंटेल भारत सेमीकंडक्टर मिशन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ पीएम मोदी ने कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस और उसकी भारतीय इकाई के एमडी एवं चेयरमैन राजेश वरियर से मुलाकात की। इस पर कॉग्निजेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे सीईओ रवि कुमार एस और कॉग्निजेंट इंडिया के एमडी एवं चेयरमैन राजेश वरियर ने पीएम मोदी से मुलाकात की। जहां उन्होंने एआई को अपनाने में तेजी लाने और एआई क्षमताओं एवं उत्पादकता को बढ़ाने हेतु शिक्षा एवं कौशल विकास को आगे बढ़ाने पर

विभागों की गहन समीक्षा | **पूंजीगत व्यय में ढिलाई पर बरती सख्ती**

मुख्य सचिव ने प्रशासनिक सुस्ती पर कसा शिकंजा

रायपुर /नवप्रदेश । राज्य में पूंजीगत व्यय की धीमी रफ्तार और लंबित प्रशासनिक स्वीकृतियों पर मंगलवार को मुख्य सचिव विकासशील ने सभी विभागों की गहन समीक्षा की। बैठक में सामने आया कि कई विभाग बजट जारी होने के बावजूद एक से दो वर्ष तक स्वीकृति प्रक्रियाओं में अटके रहे, जिससे योजनाएं समय पर जमीन पर नहीं उतर सकीं। मुख्य सचिव ने इसे गंभीर प्रशासनिक कमी बताते हुए विभागों से जवाब तलब किया और कहा कि योजनाएं उतनी ही बनें, जिन्हें

निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जा सके। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकांश प्रश्न सचिवों की बजाय विभागीय डायरेक्टरों और एमडी से पूछे। एसएनए-स्पर्श प्रणाली में ऑनबोर्डिंग और भुगतान की स्थिति कई विभागों में अधूरी पाई गई, जिस पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। बैठक में कुछ अधिकारियों ने आंकड़ों का हवाला देकर देरी को उचित ठहराने की कोशिश की, लेकिन मुख्य सचिव पूरी तैयारी के साथ बैठक ले रहे थे। ऐसे अफसरों को उन्होंने फटकार लगा दी। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान सीजीएमएससी के निर्माण कार्यों में शामिल होने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह संस्था मूल रूप से दवाइयों और स्वास्थ्य उपकरणों की आपूर्ति के लिए गठित की गई थी, इसलिए इंजीनियरिंग विशेषज्ञता की मांग वाले निर्माण कार्यों को संबंधित विभागों को ही दिया जाना चाहिए। इस विषय पर विभागों से विस्तृत मत मांगा

सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक आज

कई अहम मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

छत्तीसगढ़ सरकार की अगली कैबिनेट बैठक 10 दिसंबर को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर निर्णय लिए जा सकते हैं।

किसानों ने दी चेतावनी एक सप्ताह के भीतर मक्का खरीदी प्रारंभ नहीं होने पर करेंगे उग्र आंदोलन

■ समर्थन मूल्य में मक्का खरीदी प्रारंभ करने की मांग को लेकर मैनपुर में सैकड़ो किसानों ने रैली निकाल एसडीएम को सौपा ज्ञापन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में हजारो हेक्टेयर में सैकड़ो किसानों के द्वारा मक्का की फसल लिया गया है, अन्य वर्षो में छत्तीसगढ शासन द्वारा धान खरीदी के साथ ही मक्का खरीदी प्रारंभ किया जाता था लेकिन इस वर्ष अब तक समर्थन मूल्य में मक्का खरीदी को लेकर कोई तैयारी नजर नही आ रही है मैनपुर देवभोग क्षेत्र में अब तक मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी नही किये जाने से क्षेत्र के सैकडो किसान परेशान है, और लगातार सहकारी सोसाईटियों का चक्कर लगा रहे है, खुन पसीने की मेहनत की कमाई मक्का को औने-पौने दामो पर बिचौलियों को बेचने के लिए मजबूर हो रहे है जिसके चलते परेशान किसानों ने आज सोमवार को किसान संघर्ष समिति के बैनर तले मैनपुर में रैली निकाल नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर मांग किया है कि एक सप्ताह के भीतर समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी प्रारंभ किया जाए अन्यथा किस मजबूरन सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर होंगे और एक सप्ताह बाद उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन चक्का जाम करने की चेतावनी दी है,

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम कपिल, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, वरिष्ठ किसान नेता प्रेमसाय जगत ने बताया गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में 20 हजार से भी अधिक हेक्टेयर में सैकड़ो किसानो के द्वारा भारी पैमाने पर मक्के की फसल हर वर्ष की भांति लिया गया है लेकिन अब तक समर्थन मुल्य मे खरीदी नही प्रारंभ होने से किसान मजबूरन 1500 से 1600 के बीच बेचने मजबूर हो रहे है। लगातार उच्च अधिकारियों से मक्का खरीदी प्रारंभ करने की मांग को लेकर आवेदन किया जा रहा है लेकिन हमारें इस गंभीर समस्या की ओर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है,किसानो ने बताया मक्के की फसल को बहुत सहेज कर रखा और बारिश में काफी नुकसान हुआ खाद बीज महंगे हो गए है फसल जब कट कर तैयार हो गई है तो अभी तक समर्थन मुल्य में खरीदी प्रारंभ नही हुआ है जिसके करण कई किसान मजबूरन औने-पौने दाम पर मक्का बेचने मजबूर हो रहे है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित थे एवं पुलिस के अधिकारी पुलिस बल तैनात थे।

सीमेंट प्लांट के बढ़ते विरोध पर प्रबंधन ने प्रेसवार्ता लेकर दी सफाई

निर्धारित क्षेत्र में नियमानुसार खनन और उत्पादन, भ्रम फैलाकर कराया जा रहा विरोध

■ बैठक मे चर्चा से स्पष्ट हो जाएगी तस्वीर

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के संडी ब्लाक मे सीमेंट प्लांट के बढ़ते विरोध के बीच जिला प्रशासन और श्री सीमेंट प्रबंधन ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर कतिपय लोगो पर किसानो के बीच भ्रम पैदाकर सीमेंट प्लांट के खिलाफ अनर्गल प्रचार करने का आरोप लगाया। प्रबंधन की ओर मौजूद श्री सीमेंट के मुख्य कार्यकारी रवि तिवारी ने प्रेस वार्ता मे कहा कि संडी ब्लाक मे सीमेंट प्लांट निर्माण से क्षेत्र के किसानो को कोई परेशानी और दिक्कतें नही होगी। क्षेत्र मे सीमेंट प्लांट लगने के बाद रोजगार, आर्थिक गतिविधियों, विकास और सुविधाओं मे बढोत्तरी होगी।

विश्राम गृह मे आयोजित प्रेस वार्ता मे तिवारी ने बताया कि कंपनी द्वारा अब तक लगभग 180 एकड़ जमीन किसानो से सीधे खरीदी गई है। परियोजना के लिए कुल 404 हेक्टेयर जमीन पर माइनिंग लीज स्वीकृत है। और शासन के नियमों के अनुरूप डम्पिंग कार्य इसी स्थान पर होगी। तिवारी ने नियमों का हवाला देते कहा कि अधिकतम 30 मीटर तक खनन की अनुमति है इसका पूरा पालन होगा। खनन के बाद गडडो को पुर्नस्थापित कर वाटर टैंक बनाकर उसमे सिंचाई पेयजल सहित अन्य व्यवस्था बनाई जाएगी। लगातार बढ़ते विरोध को भ्रामक प्रचार करार देते तिवारी ने स्पष्ट किया कि श्री सीमेंट देश की तीसरी सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी है। जिसके पहले ही देश भर 13 से अधिक प्लांट संचालित है। तिवारी ने कहा कि दबाव डाल कर जमीनो क अधिग्रहण की खबरे भ्रामक है। किसानो से जमीन की खरीदी बाजार मूल्य के आधार पर सहमति से हूई है। किसानो सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा विरोध और की गई शिकायतों पर जवाब देते तिवारी ने कहा कि सीमेंट प्लांट के नाम पर अफ्वाह फैलाकर भ्रमिक करने का प्रयास किया जा रहा है।

जनसुनवाई पर उच्चाधिकारियो से चर्चा: कलेक्टर

प्रेसवार्ता मे मौजूद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि जनसुनवाई रोकने व्यापक पैमाने पर आवेदन निवेदन आए है। उच्चाधिकारियो को इससे अवगत कराया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो जनसुनवाई आगे बढ़ सकती है फिलहाल इस पर कूछ कहने से कलेक्टर ने मना कर दिया। चंद्रवाल ने कहा कि विरोध को टालने, किसानो को सही जानकारी देने का प्रयास जारी है। सार्थक चर्चा होगी तो सभी बाते स्पष्ट हो जाएगी । इसके लिए प्रभावित होने वाले पांच गांवो मे पहले चर्चा की पहल की जाएगी। प्रेसवार्ता में जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल,श्री सीमेंट कंपनी के स्टेट हेड संजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

गांव में बैठकर किसानों को समझाएंगे

क्षेत्र के खनन इलाके सहित 39 गांवो मे प्लांट के विरोध के सवाल पर तिवारी ने कहा कि पहले ज्यादातर किसानो ने हामी भरी थी। अब भ्रम के कारण विरोध है । कंपनी प्रबंधन अब भी गांवो मे किसानो के साथ बैठक प्लांट निर्माण और कार्य की वस्तुस्थिति साझा करने तैयार है इसमे स्पष्ट होगा कि गांव, किसान को कोई नुकसान नही होगा इसके लिए गांव के प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक किए जाने की तैयारी है। जनसुनवाई के लिए गांव मे बांटे गए अग्रेजी विवरणिका पर तिवारी ने स्पष्ट किया कि प्रभावित होने वाले किसानो को हिंदी मे भी इसकी समरी उपलब्ध कराई गई है। इसमे किसी प्रकार के तथ्यों को नही छिपाया गया है।

कवर्धा की शिक्षिका ने बनाया इतिहास

बच्चों के लिए तैयार की नई ध्यान-पद्धति और पुस्तक

■ राज्य की ताज़ा शैक्षणिक रिपोर्ट ने बढ़ाई नई पद्धति की ज़रूरत — हजारों बच्चे अभी भी गिनती और अक्षर ज्ञान से वंचित

पूरे प्रदेश में बनी चर्चा का विषय

कवर्धा/नवप्रदेश। जहाँ एक ओर प्रदेश में हाल ही में जारी सोशल ऑडिट रिपोर्ट ने चौकाने वाला खुलासा किया है कि 9843 स्कूलों के कक्षा 3 के बच्चे न तो गिनती जानते हैं और न ही अक्षर ज्ञान, वहीं दूसरी ओर कवर्धा जिले की शिक्षिका विधि तिवारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अगरीकला, जिला कबीरधाम, द्वारा विकसित नई ध्यान-पद्धति बच्चों की इस सीखने की कमी को दूर करने में एक आशाजनक समाधान बनकर उभर रही है।

राज्य के 38955 स्कूलों में हुए सर्वे में यह स्पष्ट सामने आया है कि बड़ी संख्या में बच्चे अभी भी बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान से जूझ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों की एकाग्रता की कमी, मानसिक असंतुलन और सीखने में रुचि की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। इसी पृष्ठभूमि में शिक्षिका द्वारा विकसित यह नई ध्यान-पद्धति अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। शिक्षिका विधि तिवारी ने पहली बार ध्यान, योग, विज़ुअलाइज़ेशन, ब्रेन डांस, ओम्-चैन्टिंग और भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीन पद्धतियों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर एक नवीन विधि तैयार की है, जिससे बच्चे- खेल-खेल में ध्यान सीख रहे हैं, तनावमुक्त होकर पढ़ाई कर रहे हैं, गिनती, अक्षर ज्ञान और समझ की गति में सुधार ला रहे हैं। यह विधि बच्चों में एकाग्रता, स्मरण शक्ति, सीखने की गति और भावनात्मक संतुलन को तेज़ी से बढ़ा रही है—जो स्वस्थ सुधार के लिए सबसे आवश्यक है। पुस्तक बनी बच्चों की पसंद– माँग बढ़ी कि यह सभी स्कूलों में उपलब्ध कराई जाए इस पद्धति पर आधारित शिक्षिका की पुस्तक प्रकाशित होते ही बच्चों की पहली पसंद बन गई। छात्रावासों में इसकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि बच्चे स्वयं शासन से मांग कर रहे हैं कि यह पुस्तक सभी स्कूलों और छात्रावासों में उपलब्ध कराई जाए। रिपोर्ट और नई पद्धति–दोनों ने दिखाया कि बदलाव की दिशा स्पष्ट है जहाँ सोशल ऑडिट रिपोर्ट ने सीखने में गिरावट के गंभीर संकेत दिए, वहीं शिक्षिका की ध्यान-पद्धति ने यह साबित किया है कि यदि बच्चों के मन, मस्तिष्क और भावनात्मक स्तर पर काम किया जाए तो सीखने की क्षमता, स्कूल उपस्थिति, पढ़ने-लिखने की रुचि, और व्यवहारिक बदलाव तेज़ी से देखने को मिल सकते हैं।

शिक्षिका की मांग – नई पद्धति को पायलट प्रोजेक्ट बनाकर पूरे प्रदेश में लागू किया जाए। शिक्षिका ने राज्य शिक्षा विभाग एवं शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया है कि इस पद्धति को राज्य-स्तरीय पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाए। उन्हें जिला/राज्य स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण का अवसर दिया जाए।, यदि SCERT तीन दिवसीय प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करे, तो इसे राज्य का मॉडल प्रोजेक्ट बनाया जा सकता है।

कुरूद नगर पालिका में होगी सूखे एवं गिले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना

■ कुरूद नगर पालिका में कचरा प्रबंधन के लिए केंद्र ने दिए 96 लाख की राशि

कुरूद/नवप्रदेश।। मोदी की गारंटी विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को आगे बढ़ाने के लिए आज कुरूद नगरपालिका को कचरा प्रबंधन के लिए मशीनें लगाने एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार ने 96 लाख ? स्वीकृत प्रदान की है। , कुरूद नगर में पिछले कई वर्षों से नगर के प्रमुख स्थानों मे कालेज रोड के केनाल रोड किनारे और कुरूद से लगे ग्रामीण सीमाओं में कचरा डंपिंग कर देते थे, इन समस्याओं से हमेशा हमेशा के लिए दूर करने नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर जी परिषद में प्रस्ताव करवाकर राइस मिल एरिया में नगरपालिका के 4 एकड़ ज़मीन पर कचरा प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार से मशीनें लगाने एवं मनीकंचन केन्द्र तैयार करने राशि माँग की थी। जिस पर 5 दिसम्बर को केन्द्र सरकार ने आदेश जारी कर 96 लाख लागत ? से मशीन लगाने एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान किया। .

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर अपने पार्षदों के साथ, कचरा प्रबंधन वाले जगह का निरीक्षण किया। और मिडिया को जानकारी देते हुए कहा यह स्वीकृति कुरूद नगर में स्वच्छता हेतु नया अध्याय लिखेगी। वर्षों की कचरा डंपिंग समस्या से निजात मिलेगी। नगर को स्वच्छ बनाने के लिए भारत सरकार का कुरूद वासी सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने आगे यह कहा कि हमारे नई परिषद के लगातार सक्रियता से कुरूद पिछले 9 महिनो से तेज गति से आगे बढ़ रहा है, चारों दिशा में युद्ध गति से विकास कार्य चल रहे है, बहुत जल्द सबके सहयोग से कुरूद नगर की तस्वीर सुंदरता में सम्मिलित होने वाली है।

निष्क्रिय बैंक खातों में फंसी जमा राशि के वास्तविक हकदारों को मिलेगा तत्काल हक

■ मनेंद्रगढ़ के जनपद पंचायत की सभाकक्ष में 12 दिसंबर को लगेगा डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप

एमसीबी/नवप्रदेश। वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों, अनक्लेम्ड जमा और लंबित क्लेम राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर एलडीएम सेल द्वारा 12 दिसंबर 2025 को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में विशेष डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर उन सभी खाताधारकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर की तरह उभर रहा है जिनकी मेहनत की कमाई बैंकिंग तकनीकी प्रक्रियाओं या अनजाने कारणों से वर्षों से अटकी हुई है।

इस एक दिवसीय विशेष कैंप में निष्क्रिय खातों का पुनर्सक्रियण, भूली-बिसरी जमा राशि का निपटान, दावा आवेदन का सत्यापन और लंबित क्लेम का मौके पर त्वरित समाधान एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाएगा। डीईएएफफंड के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में अटकी पूंजी को नागरिकों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, और यह कैंप आर्थिक सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एलडीएम सेल ने सभी बैंक ग्राहकों, आमजनों, सामाजिक प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस कैंप में अधिकाधिक संख्या में पहुंचे और अपनी जमा राशि पर अपने अधिकार को सुनिश्चित करें। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। ताकि दावा निपटारा उसी दिन पूरा हो सके, लाभार्थियों को पासबुक, पहचान पत्र तथा संबंधित दस्तावेज साथ लाने की सलाह दी गई है। इस कैंप के आयोजन से नागरिकों को सिर्फ उनकी आर्थिक पूंजी का संरक्षण नहीं मिलेगा, बल्कि वित्तीय साक्षरता को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे भविष्य में बैंकिंग प्रणाली के प्रति जागरूकता और विश्वास और अधिक मजबूत होगा। प्रशासन का मानना है कि यह पहल समाज में आर्थिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता के नए मार्ग खोलेगी। अधिक जानकारी, आवश्यक दिशा-निर्देश या दस्तावेजों के बारे में सहायता के लिए इच्छुक लाभार्थी अपने निकटतम बैंक शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर हुई विशेष चर्चा में बोले सांसद

कवर्धा/नवप्रदेश। क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने भारतीय लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर हुई विशेष चर्चा में मुखरता के साथ अपने विचार रखे। सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि वंदे मातरम् कोई धार्मिक गीत नहीं, किसी व्यक्ति या दल या राज्य का गीत नहीं, वंदे मातरम् राष्ट्र की आत्मा का गीत है, भारत के गौरव का गीत है, हर भारतीय के आशाओं-आकांक्षाओं का सुरमयी गीत है।

इस गीत ने लाखों भारतीयों के भीतर स्वतंत्रता का स्वप्न देखने का साहस जगाया और असंख्य वीरों ने यातनाओं और फांसी के तख्तों पर चढ़ते हुए भी ÷वन्दे मातरम्÷ का उद्घोष कर मातृभूमि के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत ञ्च2047 की कल्पना बिना वंदे मातरम् गीत के पूरा नहीं हो सकता। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह उत्सव पूरा देश मना रहा है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ÷इण्डिया इस इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया÷ का नारा लगाने वाले कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मातृभूमि के प्रति क्या भावना होगी यह पूरा देश जानता है।

बिना वैध ट्रेड लायसेंस के संचालित नहीं किया जा सकेगा व्यापार

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यापार अनुज्ञप्ति नियम, 2025 अब नगर पंचायत क्षेत्र में पूरी तरह लागू है। इन नियमों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यवसाय, व्यापार, सेवा गतिविधि या वाणिज्यिक संचालन बिना वैध व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लायसेंस) के संचालित नहीं किया जा सकेगा।

नगर पंचायत अधिकारी तेज चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सभी दुकानदार, गुमटी/ठेला संचालक, मोबाइल वैन/वाहन से व्यापार करने वाले व्यापारी, सेवा आधारित व्यवसाय जैसे सैलून, मरम्मत केंद्र, वर्कशॉप, क्लिनिक, गोदाम आदि के संचालकों को अनिवार्य रूप से नगर पालिका से व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करनी होगी। अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज, शुल्क और प्रक्रिया की जानकारी नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। व्यापारी निर्धारित समयावधि में आवेदन प्रस्तुत कर अनुज्ञप्ति प्राप्त कर सकते है। इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई, दंड या व्यवसायिक बाधा से बचा जा सकेगा।

परेशानियों से मिली मुक्ति, पक्का घर बनाने का बरसों का सपना हुआ साकार

सांकरा की अम्बा बाई को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

धमतरी/नवप्रदेश। कच्चे घर की पीड़ा - सांकरा गाँव की अम्बा बाई और उनके पति नारायण का जीवन मेहनत और सादगी से भरा था। नारायण मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे, लेकिन जीवन की सबसे बड़ी कमी थी एक पक्का आशियाना। उनका कच्चा, मिट्टी और खपरैल की छत वाला घर हर साल बरसात में एक बड़ी समस्या बन जाता था। बारिश के मौसम में रात भर जागना पड़ता था। छत जगह-जगह से टपकती थी। घर के अंदर पानी भर जाता था और बच्चों को सुरक्षित सुलाना भी मुश्किल होता था। साँप-बिच्छुओं का डर हमेशा बना रहता था। सम्मान से सिर छुपाने के लिए एक पक्की छत का सपना बस एक सपना ही था।

नई उम्मीद की किरण प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) - जब अम्बा बाई को ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बारे में पता चला, तो उनके मन में एक उम्मीद जगी। ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के सहयोग से उन्होंने आवेदन प्रक्रिया पूरी की।

कुछ समय बाद उन्हें सूचना मिली कि उनका नाम लाभार्थियों की सूची में शामिल हो गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राही आई.डी. ब्भ्117546449 के माध्यम से राशि 01 लाख 20 हज़ार रूपये एंव महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 90 मानव दिवस की मजदूरी मिला। यह उनके और उनके परिवार के लिए किसी बड़े त्यौहार की खुशी से कम नहीं था। सपनों का घर बना हकीकत - योजना के तहत मिली किस्तों और अपने पति नारायण की कड़ी मेहनत से उन्होंने अपने पुराने, कच्चे घर के पास ही नए पक्के मकान का निर्माण शुरू किया। एक-एक ईंट रखी गई, एक-एक दीवार खड़ी हुई।

गृह प्रवेश और खुशियों की नई रोशनी

जब मकान पूरी तरह बनकर तैयार हुआ, तो अम्बा बाई और नारायण ने शुभ मुहूर्त पर पूरे विधि-विधान से गृह प्रवेश किया। वह दिन उनके जीवन का सबसे यादगार दिन था। नया पक्का घर, सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक बना। आज अम्बा बाई का परिवार पक्की छत के नीचे सुरक्षित महसूस करता है। बच्चों को अब सुरक्षित और स्थिर माहौल मिला है, जहाँ वे मन लगाकर पढ़ाई कर सकते हैं।

परिवार का सामाजिक सम्मान बढ़ा है

अम्बा बाई और नारायण जी कहते हैं, यह पक्का मकान केवल चार दीवारें नहीं हैं, यह उनकी मेहनत और सरकार की मदद का परिणाम है, जिसने एक गरीब परिवार को सम्मान के साथ जीने का अवसर दिया है। वे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। धमतरी जिले में नगरी विकासखंड की सांकरा ग्राम पंचायत में यह कहानी हजारों परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की एक जीती-जागती मिसाल है।

पुस्तक समीक्षा- कर्ण हूं मैं

पुस्तक समीक्षा: मानवीय संवेदनाओं की खुशबू लिए प्रेरक गुलदस्ता है यह कविता संग्रह.. फूलों का गुलदस्ता सौंदर्य के लिए होता है पर 'कर्ण हूं मैं' कविता संग्रह एक ऐसा गुलदस्ता है जिसमें मानवीय संवेदनाओं की खुशबू है.. इसे पढ़कर बहुमुखी प्रतिभा लिए कवि पवन प्रेमी अपने नाम के अनुरूप निरंतर बहने , गतिमान रहने में ही जीवन की सार्थकता को देखते हैं अगर यह कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी इस कविता संग्रह के मुख पृष्ठ में प्रकाशित चार पंक्तियों से रचनाकार का परिचय स्वयं ही हो जाता है जिसमें वे लिखते हैं-

हार नहीं सकता मैं
भाग नहीं सकता मैं
रण मेरा भाग्य बना
कर्ण हूं मैं.....

हालांकि अपनी बात को स्पष्ट करते हुए रचनाकार कहते हैं कि हृदय के करीब ऐसे चरित्रों का चित्रण इस संग्रह में है जो अपने कार्य क्षेत्र में कर्ण की भांति संघर्ष कर अपना अस्तित्व ढूंढते रहते हैं ,आप उनकी रचना को पढ़ते हुए आगे बढ़े तो यह स्वयं स्पष्ट हो जाता है उनके अंदर संवेदनाओं को सहेजने अणुओं का ऐसा प्रस्फुटन हो रहा है जिसे सहेजते से वे कर्ण जैसे योद्धा ही प्रतीत होते हैं ..! अपनी पहली कविता कवि मन की बात कहते हैं

आंदोलित रहता सदा,
हृदय की उबाल को,
परोसना चाहता स्याही कलम से ।चाहता है बहुत कुछ कहना कवि मन।

...इन पंक्तियों से बहुत कुछ स्पष्ट हो जाता है धीरे-धीरे पाठक आगे बढ़ते हैं आगे के सफर में रचनात्मक चित्रण के साथ शब्द और गहरी संभावनाओं के पंख लिए बढ़ते चले जाते हैं - शीर्षक रचना कर्ण हूं मैं में आप पढ़ेंगे कि जितनी सरलता से महाभारत के महती किरदार कर्ण को शुरुआती चंद लाइनों में रचनाकार जीवंत कर देते हैं वह अद्भुत है -

सूर्य की लाली से
उत्पन्न लाल मैं,
दिव्या कुंडला धारी हूं
रिपु दलन काल हूं ।..
आगे लिखते हैं उससे कर्ण का अंतर्द्वंद्व जीवंत हो जाता -
हार नहीं सकता मैं
भाग नहीं सकता मैं
रण मेरा भाग्य है बना
कर्ण हूं मैं

समीक्षक-
नवीन श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक

छत्तीसगढ़ में भूखंड से लेकर फ्लैट-दुकानों के गाइड लाइन मूल्यांकन दरों में बदलाव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने गाइडलाइन दरों के पंजीयन और मूल्यांकन प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। इससे भूखंड, फ्लैट और दुकानों की रजिस्ट्री अब 10 से 25 प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के नए निर्णय लागू होने के बाद रजिस्ट्री की लागत में कमी आई है। विरोध, ज्ञापन और लगातार घटती रजिस्ट्री संख्या को देखते हुए बोर्ड ने कई उपबंधों में सुधार कर मूल्यांकन गणना को सरल बनाया है। साथ ही जिलों की मूल्यांकन समितियों को 31 दिसंबर तक नए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

ऐसे समझे आपको कैसे मिलेगी राहत?: नए प्रविधानों के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक की जमीन पर लागू इंक्रीमेंटल आधार की अतिरिक्त गणना समाप्त कर दी गई है। नगर निगम में 50 डेसिमल, नगरपालिका में 37.5 डेसिमल और नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक की जमीन पर सीधे स्लैब रेट लागू होंगे, जिससे छोटे भूखंड खरीदने वालों को सीधी राहत मिलेगी।

फ्लैट और दुकानों की रजिस्ट्री में भी राहत

अब सुपर बिल्ट-अप एरिया की जगह केवल बिल्ट-अप एरिया के आधार पर मूल्यांकन होगा। इससे स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री शुल्क दोनों में कमी आएगी। बहुमंजिला भवनों में बेसमेंट और पहली मंजिल पर 10 प्रतिशत तथा दूसरी मंजिल से ऊपर की संपत्तियों पर 20 प्रतिशत कम दर से मूल्यांकन किया जाएगा। मुख्य मार्ग से

20 मीटर दूर स्थित कमर्शियल स्पेस का मूल्यांकन अब 25 प्रतिशत कम दर पर होगा, जिससे छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को फायदा मिलेगा।

असली सरकार वही जो जनहित में निर्णय बदले: साय

राजनांदगांव में चर्चा के दौरान जमीन की गाइडलाइन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि असली सरकार तो वही है, जो जनता के हित के लिए अपने निर्णयों को भी बदल दे।

दरों में सुधार करना पड़ा: पूर्व सीएम भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा कि सरकार को गाइडलाइन की दरों संबंधी आदेश में सुधार करना पड़ा, लेकिन यह सुधार सतही है और जनता को बहुत कम राहत देने वाला है।

निमया फाउंडेशन की पहल: सेवाभाव हो प्रबल

रायपुर/नवप्रदेश। निमया सेवा जतन फाउंडेशन प्रमुख एम जे एफ लॉयन मधु यादव ने विश्व मानव अधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बैरन बाजार स्थित हिंदी मीडियम सेंट पॉल्स स्कूल के नरसैया हॉल में शाला के छात्रों को अपने अधिकार के प्रति सजग रहने के साथ साथ कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की सलाह दी। छः ग शासन योजना आओ खुशियों बांटे और न्यौता भोज प्रोजेक्ट अंतर्गत गोविंद सेवा सोसायटी प्रेसिडेंट अमरजीत कौर घई एवं रविंदर अरोरा ने पंगत में बिठाकर बच्चों के संग शाला स्टाफको भी लंच कराया । इस अवसर पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की उपाध्यक्ष सरोज सैफी ने विद्यार्थियों को पठन पाठन सामग्री, बिस्कुट, टॉफी आदि वितरित की। तदोपरान्त प्रगतिशील यादव महासंघ की कार्यकारी अध्यक्ष अरुणा श्रीकांत यादव ने बच्चों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखने की सलाह के साथ एग्जाम प्रिपरेशन पर टिप्स दी। इस आयोजन में सेंटपॉल्स स्कूल बैच 71 और 73 के छात्र गंगाधर इंग्लेकर, तरनंदीप सिंह, रविंद्र सिंह रवि, किशोर नेभानी , निरंजन सिंह यादव आदि उपस्थित थे। राष्ट्रगान के पूर्व शाला प्राचार्य जयवंत मसीह ने सभी सेवाभावी संस्थाओं के प्रमुखों का आभार माना और निवेदन किया कि आगे भी बच्चों के उज्जवल भविष्य निमित्त सकारात्मक कार्य करते रहें ।

लोक कलाकार गंगा साहू हुए 'अगास दिया' सम्मान से सम्मानित

रायपुर/आरंग/नवप्रदेश। आरंग के लोक कलाकार गंगा प्रसाद साहू को शनिवार को बालोद में आयोजित एक कार्यक्रम में अगास दिया सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया उन्हें, समाजसेवी,लेखक एवं मंचीय प्रदर्शन में सिद्ध कलाकार कीर्तिशेष नारायण चंद्राकर की स्मृति में छत्तीसगढ़ के अनेक विधाओं पर बीस वर्षों से लोकगीत गायन तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को निरंतर प्रचारित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।ज्ञात हो कि गंगा प्रसाद साहू महादानी राजा मोरध्वज नगरी आरंग में संचालित चर्चित लोकमंचीय संस्था लोकबयार के संचालक हैं। उन्हें सम्मानित है। किए जाने पर आरंग क्षेत्र के समस्त कलाकार संगठनों, सामाजिक संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग छत्तीसगढ़ व रानी पद्मावती महिला संगठन आरंग ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई, शुभकामनाएं दिए हैं।

रेत कलाकार हेमचंद साहू ने बढ़ाया अंतर्राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का मान

रायपुर/आरंग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के एकमात्र प्रतिष्ठित रेत कलाकार और ग्राम तामासिवनी के गौरव हेमचंद साहू ने ओडिशा के कोणार्क-चंद्रभागा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेंड आर्ट फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ राज्य का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

साहू को यह छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व करने पर ओडिशा सरकार और इस कला के ब्रांड एंबेसडर पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने विशेष रूप से सम्मानित किया।हेमचंद साहू पद्मश्री सुदर्शन पटनायक को अपना गुरु मानते हैं। और उन्हीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने कला के इस विशिष्ट क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया।उन्होंने अब तक 200 से अधिक रेत कलाकृतियाँ बनाए हैं। वे विशेष रूप से पर्यावरण,सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक और समसामयिक विषयों पर मार्मिक कलाकृतियाँ बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी संवेदनशीलता का उदाहरण तब दिखा जब उन्होंने ओडिशा रेल हादसे जैसे संवेदनशील विषय पर भी रेत कलाकृति बनाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अखबार वितरकों को किया कैप और दस्ताने वितरण

रायपुर/आरंग। मंगलवार को स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने लगातार बढ़ रही कंपकंपाती ठंड को देखते हुए नगर के अखबार वितरकों को सिर व कान ढकने वाले विशेष टोपी एवं हाथों के लिए दस्ताना वितरण किया। जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके।इस अवसर पर फाऊंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा मीडिया देश का चौथा स्तंभ है।हर क्षेत्र में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है।अखबार वितरण करने वाले युवा सर्दी,गर्मी, बरसात,सभी मौसम में प्रातः से ही उठकर अखबारों का वितरण करते हैं। घर घर जाकर सुबह-सुबह अखबार पहुंचाते है?। लोगों को भी सुबह-सुबह अखबारों का इंतजार रहता है। वितरकों को अखबारों को समय पर लोगों तक पहुंचाना चुनौती भरा कार्य होता है। इसलिए उन्हें ठंड से बचाव के लिए विशेष टोपी व दस्ताना वितरण किया गया। ज्ञात हो कि यह संस्था ठंड को देखते हुए वस्त्र दान अभियान चला रहे हैं। जिसके तहत् जरूरत मंदों को कंबल वितरण किया जा रहा है।जिसे काफी सराहा जा रहा है। वहीं पीपला की पहल का वरिष्ठ पत्रकार पवन साहू सहित सभी अखबार वितरकों ने सराहना करते हुए आभार जताया है।

10 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस विशेष

हमारी उम्मीद: मानवअधिकार

डॉ. भूपेन्द्रा करवंदे
सहायक प्राध्यासपक

सीरिया में इजरायल के हमलों से आम लोगों की मौतें और गिरफ्तारियां, और सुरक्षा बलों में मानवाधिकार उल्लंघन करने वालों को शामिल करने की प्रक्रिया चिंता का विषय है तों वही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत में पुलिस अत्याचार और हिरासत में मौतों के मामले बढ़ रहे हैं, हालाँकि बाहुबलियों और माफ्यिाओं के खिलाफ शिकायतें भी अधिक हैं.क्याऔ वास्ततव में मानव अधिकार अंतर्राष्ट्री य स्तंर पर सभी मानवों को प्राप्तो है? क्याप वास्त वमें मानव अधिकार के संरक्षण को लेकर किए गये प्रयास काफी है?या यह केवल किताबों, व्याटख्यारनों या कार्यशालाओं की शोभाबढ़ाने के लिए है या हमें वास्तषविक मानवों तक उनके अधिकारों को पहुंचाने के लिए अभी और लम्बा, इंतजार करना होगा।

मनुष्यण योनि में जन्मउ लेने वाले प्रत्ये क प्राणी की एक गरिमा होती है, इस कारण वह अपने आप में बहुमूल्या है, और मनुष्यण होने के नाते उसे गरिमामय जीवन जीने का पूरा अधिकार है, इसलिए पैदा होते ही प्राकृति उसे वे सब अधिकार प्रदान करती है जो एक मानव जाति के अस्तित्वा के लिये जरूरी है। कोई भी व्यषक्ति या राज्ये किसी अन्य व्याक्ति से उन अधिकारों को छीन नहीं सकता है। ऐसे में मानव अधिकारों की रक्षा के लिये कानून द्वारा मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है। चलिये अब विस्तासर से जानते हैं कि आखिर मानव अधिकार क्याक है और इनके संरक्षण के लिये बनाया गया मानवाधिकार आयोग कितना सफ्ल रहा है?

मानवाधिकार क्यौ है?

- मानवाधिकारऐसे अधिकार है जो हमारे पास इसलिये हैं क्योंरकि हम मनुष्यय हैं।

- राष्ट्री य लिंग, राष्ट्री य या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या किसी अन्यफ स्थिति की परवाह किये बिना ये हम सभी के लिये सार्वभौमिक अधिकार है।

- इसमें सबसे मौलिक, जीवन के अधिकार से लेकर वे अधिकार शामिल हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं, जैसे कि भोजन, शिक्षा, काम, स्वोस्थकय और स्व तंत्रता का अधिकार।

- प्रत्येअक वर्ष अंतर्राष्ट्रीनय समुदाय 10 दिसंबर को विश्वा मानवाधिकार दिवस मनाता है।

- यह वर्ष 1948 के उस दिन के उपलक्ष्य् में मनाया जाता है जब संयुक्तस राष्ट्रक (UN) महासभा में मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR) को अपनाया था। UDHR मानव अधिकारों केअंतर्राष्ट्रीाय विधेयक का एक हिस्सा है।

- कई क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ जिनेवा में इसका मुख्या लय है, मानवाधिकार के उच्चा युक्तक के कार्यालय ने मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण के लिये संयुक्त् राष्ट्रे प्रणाली में अग्रणी जिम्मे दार निभाई है।

17वीं और 18वीं शताब्दीक में प्राकृतिक अधिकारों से संबंधित जो घोषणाएं की गई थीं; 20वीं शताब्दीं में संयुक्ता राष्र्का के मानवाधिकार घोषणापत्र और इनसे संबंधित कई अन्यद समझौतों के माध्यसम से उन्हीं का और विस्तोर किया गया।आसान भाषा में कहें तो मानवाधिकार पुराने प्राकृतिक अधिकारों के ही उत्तमराधिकारी हैं।

मानव अधिकारों की उत्परत्ति

'मानवाधिकार' शब्दि का प्रयोग 20वीं शताब्दी में किया गया था। इसके पहले अधिकारों के संदर्भ में 'प्राकृतिक अधिकार अथवा 'व्यीक्ति के अधिकार' शब्द2 प्रचलन में थे। प्राकृतिक अधिकारों के सिद्धांत की उत्पंत्ति 17वीं शताब्दीर में प्रसिद्ध दार्शनिकों ग्रोशियस, हॉब्सक और लॉक की रचनाओं में हुई थी। उन्होंचने बताया था कि प्राकृतिक अधिकारों का मुख्य आधार 'प्राकृतिक कानून' हैं। यह कानून प्रत्येॉक व्यरक्ति को दूसरे व्य क्ति के जीवन, स्व तंत्रता तथा संपत्ति का सम्मा न करने की बात कहते हैं। जॉन लॉक ने अपनी प्रसिध्द पुस्तकक ''दी टू टीटसेज ऑन गवर्नमेंट'' में इन प्राकृतिक सिद्धांतो का उल्लेतख किया है।

इसके अलावा, 1776 में अमेरिका द्वारा स्वटतंत्रता के संबंध में जारी किये गए घोषणापत्र में भी कहा था कि 'सभी व्य।क्ति समान पैदा हुए हैं तथा सृष्टिकर्ता ने उन्हें जीवन, स्व तंत्रता तथा सुख की प्राप्ति जैसे कुछ अदेय अधिकार प्रदान किये हैं। तत्पतश्चा त 1789 में फ्रांस द्वारा घोषित मानव और नागरिक अधिकारों के घोषणापत्र में एक बार फिर व्याक्ति के अधिकारों की प्राकृतिक व अदेयता की बात कही गई थी। इन देशों ने अपने नागरिकों को ये अधिकार एक व्यमक्ति होने के नाते दिया था न कि एक राज्य होने के नाते।

मानवाधिकारों के विश्वथबंधुत्व की घोषणा

द्वितीय विश्वथ युद्ध के दौरान मानवाधिकारों का घोर उल्लंवघन किया गयाथा इस कारण से भविष्यक में मानवाधिकारों के संरक्षण की ठोस व्यशवस्थाय में गिरावट का एहसास हुआ और 10 दिसंबर 1948 को संयुक्तम राष्ट्रै की आम सभा में मानवाधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वींकार करने की घोषणा की। आम सभा ने सभी सदस्योंम से इस घोषणा-पत्र को प्रसारित करने की मांग की थी। मानवाधिकारों की रक्षा से संबंधित संयुक्तष राष्ट्रद के चार्टर में 48 देशों ने हस्ताकक्षर किए जिनमें भारत भी शामिल था। लेकिन भारत में मानवाधिकारों से जुड़ी एक स्वसतंत्र संस्थाा बनाने में 45 साल लग गए। 12 अक्टूबर 1993 को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 में राष्ट्री य मानवाधिकार आयोग (ह।त्रष्ट) का गठन किया गया इसके अलावा, राज्यन में भी मानवाधिकार आयोगों के गठन का प्रस्तामव रखा गया।

वैसे तो मानव अधिकारों की कोई निश्चित संख्या नहीं है। विविध प्रकार के समाजों में जैसे-जैसे नए खतरे और चुनौतियां सामने आ रही है, वैसे-वैसे मानवाधिकारों की सूची लगातार बढ़ती जा रही है। यहां पर हम संयुक्त- राष्ट्रौ के सार्वभामिक घोषणापत्र में उल्लिखित मानवाधिकारों को सामान्या तौर पर नागरिक-राजनीतिक और आर्थिक-सामाजिक-सांस्कृेतिक श्रेणियों में बांटा गया है। इसके अनुच्छेवद-3 में व्यरक्ति की स्वीतंत्रता एवं सुरक्षा के अधिकारों की बात कही गई है जो अन्य सभी अधिकारों के उपभोग के लिये जरूरी है।

भारत में मानवाधिकार उल्लेंघन से संबंधित आंकड़े

एनएचआरसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में आयोग ने 2017 में 82,006, वर्ष 2018 में 85,950, वर्ष 2019 में 76,585 और वर्ष 2020 में 75,064, वर्ष 2021 में 106022मामले दर्ज किया है। वहीं, वित्तीयय वर्ष 2022-23 में मई माह तक 16,504 बैंक खातों का भुगतान किया गया और 17043 मामले (नये और पुराने) का भुगतान किया गया। इतना ही नहीं, आयोग के हजारों मामले विचाराधीन है।

कई सारी स्थितियों के साथ हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि कोई कार्य हमारे स्वा)स्थगय एवं कल्याइण के साथ दूसरों के लिए भी नुकसानदेय है तो उसे अधिकार नहीं कहा जा सकता केवल मानव अधिकार आयोग द्वारा शिकायतों का निराकरण करने से मानव अधिकारों का संरक्षण नहीं होगा बल्कि लोगों को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा। साथ ही यह भी ध्या न रखना बहुत जरूरी है कि आपको अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहते हुए दूसरों के अधिकार का भी सम्माथन करना अर्थात जो आजादी, समानता, प्रतिष्ठाध, शांति आप अपने लिए चाहते हैं वह दूसरों को भी दें। तब जाकर हम सब अपने मानव अधिकारों का विकास और संरक्षण कर पाएंगे।



सुविचार

जिंदगी को हर साल जनवरी का महीना सुनहरे सपने दिखाता है और दिसम्बर का महीना दिखाता है आईना। - अज्ञात

वंदे मातरम को लेकर सियासत

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जन-जन के बीच आजादी का अलख जगाने वाले वंदे मातरम गीत को लेकर सियासत होना दुर्भाग्यजनक है। 1947 के पूर्व जब आजादी के दीवाने अंग्रजी हुकुमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे तब बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत वंदे मातरम हर जुबां पर हुआ करता था। करोड़ों देशवासियों को एकजुट करने में इस गीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और जब देश आजाद हुआ तो 1950 में जनगण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया था। वंदे मातरम को अब एक सौ पचास साल पूरे हो गये हैं इसलिए संसद के शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम पर विशेष चर्चा कराई गई है जो स्वागत योग्य कदम है। लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम को टुकड़े में बांट दिया गया। क्योंकि तात्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जिन्ना के दबाव के सामने घुटने टेक दिये थे। वंदे मातरम पर समझौता करना एक बड़ी भूल थी। इसके जवाब में कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि वे वंदे मातरम को विवादित बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम देश के कण-कण में बसा है और देश की भावना से जुड़ा है। प्रियंका गांधी के अनुसार वंदे मातरम पर ससंद पर चर्चा कराने की आवश्यकता ही नहीं थी। इसकी जगह देश के सामने मंहगाई और बेरोजगरी सहित जो विकट समस्याएं है उन पर चर्चा होनी चाहिए। किन्तु बंगाल विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है इसलिए संसद में वंदे मातरम पर चर्चा कराई गई है। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आप जितने साल से प्रधानमंत्री पद पर है उतने साल तो जवाहरलाल नेहरू ने आजादी की लड़ाई में भाग लेते हुए जेल में बिताए हैं। कुल मिलाकर अब वंदे मातरम पर जो सियासत हो रही है। उसे कतई उचित नहीं कहा जा सकता। बेहतर तो यह होता कि वंदे मातरम पर संसद में सार्थक चर्चा की जाती और इसे महिमा मंडित करने के लिए सरकार और क्या कर सकती है इस पर विचार किया जाता। अभी भी वंदे मातरम को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। जबकि इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला हुआ है। बहरहाल वंदे मातरम पर सरकार ने उसके एक सौ पचास साल पूरे होने पर संसद में विशेष चर्चा कराने का जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य कदम है।

छत्तीसगढ़ सरकार का एक और यूटर्न

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पहले बिजली के हाफ बिल योजना पर यूटर्न लिया था और अब उसने जमीनों की खरीद फरोख्त के लिए तय की गई नई गाइडलाइन दर के मामले में भी यूटर्न ले लिया है। गौर तलब है कि सरकार ने 20 नवंबर से जमीन की नई गाइडलाइन दर लागू की थी जिससे रजिस्ट्री के खर्च में कई गुना वृद्धि हो गई थी इसका जमीन कारोबारियों के साथ ही आम जनता ने भी भारी विरोध करना शुरू कर दिया था। जनभावनाओं को देखते हुए अब राज्य सरकार ने जमीन का मूल्यांकन पूर्व की भांति स्लैब प्रणाली से ही करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में मूल्यांकन की जटिलता को दूर करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। इसके अलावा कॉमर्शियल कॉम्लेक्सों को भी राहत देने का फैसला लिया गया है। इस बारे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि कोई भी अच्छी सरकार वही होती है जो जनहित को सर्वोपरि मान कर नियमों में संसोधन करती है उन्होंने कहा है कि जमीन के नई गाइडलान में सरकार ने जो बदलाव किया था उससे लोग असंतुष्ट हो गये थे इसलिए सरकार ने इस पर पुनर्विचार कर प्रावधानों में संसोधन किया है और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है। तथा संबंधित लोगों से भी विचार विमर्श की भी प्रकिया जारी है। यदि आवश्यक है होगा तो इसमें भी आगे संसोधन किया जाएगा। निश्चित रूप से गाइडलाइन दर में पूर्ववत स्लैब प्रणाली को फिर से लागू करना सरकार का सराहनीय फैसला है इससे निश्चित रूप से लोगों को राहत मिलेगी और रजिस्ट्री कार्यालयों में जो सन्नाटा पसर गया था वह टूटेगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ असिद्ध है तुम्हारा श्रवण अगर सिर्फ कानों की खुराक है ये, सिद्ध है तुम्हारे श्रवण जब शब्द विग्रह के साथ-साथ प्रभु के और भक्त भगवान के प्रत्यक्ष विग्रह लीला का दर्शन भी तुम्हें होनी लगे।

❖ जो मन ही मनुष्य के बंधन और मुक्ति का कारण है उस मन का विज्ञान वो अध्यात्म है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1878 : जामिया मिलिया इस्लामिया के संस्थापकों में से एक मोहम्मद अली जौहर का रामपुर में जन्म। 1887 ङ्क आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन के बीच बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1878 : चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म। 1896 : नोबेल पुरस्कार के संस्थापक अल?फ्रेड बर्नहार्ड नोबेल का निधन। 1898 - पेरिस संधि के बाद स्पेन-अमेरिका युद्ध समाप्त हुआ। 1898 : पेरिस संधि के बाद स्पेन-अमेरिका युद्ध समाप्त हुआ। 1902 : तस्मानिया में महिलाओं को मत देने का अधिकार मिला। 1950 : इस तारीख को संयुक्त राष्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस घोषित किया गया। 1992 : गुजरात में देश की पहली होवरक्राफ्ट सेवा की शुरूआत। 2001 : दिग्गज अभिनेता अशोक कुमार का निधन। 2007 : क्रिस्टीना फर्नांडीज डी किर्चनेर अर्जेंटीना की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। 2016 : तुर्की के इस्तांबुल में एक फुटबॉल स्टेडियम के पास दो धमाकों में 38 लोगों की मौत। 2013 - मादक पदार्थ मारिजुआना के विकास, बिक्री तथा उपयोग को वैध बनाने वाला उरूगवे पहला देश बना।

"दिवस" मनाने की औचित्यता एवं सार्थकता?


राजीव खंडेलवाल

औपचारिकता या आत्मावलोकन?

हमारे यहाँ वर्ष के 365 दिनों में शायद ही कोई ऐसा दिन बचा हो, जिस पर एक या दो "दिवस" न मनाए जाते हों। कुछ दिवस "लौकिक"–यथा "स्मृति" एवं "घटना-प्रधान दिवस"–तो कुछ "अलौकिक" स्वरूप, जैसे "जयंती, पुण्यतिथि अथवा वैवाहिक वर्षगांठ"। समय के साथ "दिवस" मनाना एक यंत्रवत् परिपाटी बन गया है, जिसमें भाव, उद्देश्य और विवेचना का स्थान प्रायः खो जाता है। किसी महान व्यक्ति के "समर्पण" या "बलिदान" अथवा किसी घटना की स्मृति में आयोजित इन "दिवसों" पर लंबे-चौड़े भाषण और बधाई-संदेश देकर हम उस दिवस की "इतिश्री" कर देते हैं। परिणामतः "अमीर-ए-कारवां अंततः गुबार-ए-कारवां" बनकर रह जाता है। जबकि वास्तव में "दिवस" मनाते समय एक पंक्ति की औपचारिक बधाई के बाद आत्मावलोकन व आत्मचिंतन का वह स्वर मन-मस्तिष्क में "नक्कारे की भांति" बजना चाहिए कि– क्या मैं उस उद्देश्य को अगले 365 दिनों में और मजबूत करने हेतु कोई ठोस कदम उठा सकता हूँ? और यदि अब तक कुछ नहीं किया, तो क्या आने वाले 365 दिनों में इस "दिवस" की सार्थकता हेतु मेरी कोई सार्थक "आहुति" हो सकेगी?

संविधान दिवस : एक सकारात्मक पहल, कुछ अनकहे प्रश्न।

26 नवंबर 1949 को संविधान स्वीकार किए जाने की स्मृति में 26 नवंबर को "संविधान दिवस" घोषित करने का श्रेय निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। इसी प्रकार 21 जून (अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस), "राष्ट्रीय एकता दिवस" (सरदार पटेल जयंती) और "गुड गवर्नेंस डे" (अटल बिहारी वाजपेयी जयंती) की उल्लेखनीय पहल भी नरेंद्र मोदी की ही है। प्रधानमंत्री की देश के नाम लिखी चिट्ठी ऊर्जा, प्रेरणा और उपलब्धियों का सार लेकर आती है।

परंतु–"पगड़ी दोनों हाथों से संभाली जाती है"–संविधान को मजबूत करने की बात करते समय उन "कमियों" के उल्लेख की अपेक्षा थी, जिनके रहते संविधान की वास्तविक शक्ति पूर्ण नहीं हो पाती है।

"**अनुच्छेद 370 :** आधा काम अभी बाकी।"

हमारे संविधान का "मूल तंत्र लोकतंत्र है।" जिसका उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा अनुच्छेद 370 (2) हटाना ऐतिहासिक कदम है। किंतु अनुच्छेद 370 (1) अब भी संविधान का हिस्सा है, जिसे हटाने के लिए संविधान संशोधन आवश्यक है।

और सबसे महत्वपूर्ण– जम्मू-कश्मीर अब तक पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त नहीं कर सका है। यह वही राज्य है, जो अनुच्छेद 370 हटाए जाने पूर्व "विशेष दर्जा लिए हुए पूर्ण राज्य" था। भाजपा के घोषणा पत्र में भी पूर्ण राज्य का दर्जा लौटाने का वादा किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने भी इसे "यथाशीघ्र बहाल" करने की अपेक्षा व्यक्त की थी। परंतु अवाम अभी भी "तेल देखो और तेल की धार देखो" की प्रतीक्षा में है।

संविधान : केवल पुस्तक नहीं, "लोकतंत्र की आत्मा" है।

संविधान का अर्थ केवल उसके शब्दों को "यांत्रिक" रूप से लागू करना नहीं है, बल्कि "बिटवीन द लाइंस" निहित जनभावनाओं को समझ कर उन्हें धरातल पर उतारना है। अति प्राचीन काल से गौतम ऋषि और वात्स्यायन से लेकर चाणक्य और वाचस्पति मिश्र तक भारतीय न्याय-शास्त्र में "प्रयोजन" (हेतु) को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है।

इसी कसौटी पर यदि देखें तो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रणाली पारदर्शी एवं "प्रयोजन-सिद्ध" नहीं मानी जा सकती। यह भी आत्मावलोकन का विषय है।

"**आरटीआई संशोधन (2019) :** पारदर्शिता पर आघात।"

सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा कर लोकतंत्र को शक्ति दी थी। परंतु 2019 का संशोधन केंद्रीय एवं राज्य सूचना आयुक्तों की स्वतंत्रता और स्वायत्तता को क्षीण करता है।

यह मुद्दा भी संविधान दिवस पर विमर्श का पात्र था।

"**उच्चतम न्यायालय की भूमिका :** क्या आत्ममंथन आवश्यक नहीं?"

संविधान की व्याख्या का अंतिम अधिकार सिर्फ सुप्रीम कोर्ट को है। संविधान क्या है उसकी मंशा क्या है और संविधान सम्मत क्या है या निर्णय सुप्रीम कोर्ट ही कर सकता है। प्रश्न यह है कि–

क्या न्यायालय अपने इस दायित्व को हर बार पूर्ण रूप से निभा पाया है?

कई निर्णय ऐसे रहे, जिनमें "संविधान के अनुच्छेद तो "दर्ज" हुये, पर वास्तविक परिणाम उस भावना के अनुकूल नहीं निकला। कहीं निर्णय असंवैधानिकता घोषित करता है, पर उसका लाभ पक्षकार को नहीं मिलता। कहीं न्यायालय की भावना को दरकिनार कर तकनीकी छूट का दुरूपयोग कर लिया जाता है – "पंचों का कहना सिर माथे, लेकिन परनाला वहीं गिरेगा"। चुनाव आयुक्त नियुक्ति संबंधी अनूप बरनवाल निर्णय इसकी ताजा मिसाल है।

इसके अतिरिक्त– नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) पर 237 याचिकाएँ लंबित हैं, और असम का पूर्ण हुआ ह्रष्ट अब तक अधिसूचित नहीं हुआ। यह भी असंगति है।

उच्चतम न्यायालय के दोहरे भाव वाले कुछ प्रमुख निर्णय।

1. केशवानंद भारती (1973)
संसद की संशोधन शक्ति भी मानी, पर "मूल संरचना" से बाँध भी दिया। दोनों पक्ष सुरक्षित।
2. एस.आर. बोम्मई (1994)
राष्ट्रपति शासन की न्यायिक समीक्षा स्वीकार, पर इसे राजनीतिक निर्णय भी बताया–दो अर्थ।
3. शायरा बानो (ट्रिपल तलाक, 2017)
तीन तलाक अवैध, पर जजों के तर्क भिन्न–निर्णय दो दिशाओं में खुला।
4. नरेश मिराजकर (1967)
न्यायिक आदेश रिट से चुनौती योग्य नहीं, फिर मौलिक अधिकार का अपवाद भी–दोहरे निष्कर्ष।
5. मेनका गांधी (1978)
सरकारी प्रक्रिया मान्य, पर उसे "न्यायसंगत-उचित-युक्तिसंगत" होने की बाध्यता भी–दोहरे अर्थ।
6. कोयला घोटाला और CBI "पिंजरे का तोता" (2013)
CBI की तीखी आलोचना, पर उसे संवैधानिक संस्था न बनाने का निर्णय–मिश्रित संदेश।
7. श्रेया सिंघल (धारा 66, 2015)
66 रद्द, पर ढ्ढञ्ज,ब्ह्ल की अन्य कठोर धाराएँ यथावत–आंशिक स्वतंत्रता, आंशिक नियंत्रण।
8. चुनावी बॉन्ड (2024)
स्कीम असंवैधानिक, पर पूर्व लेन-देन अप्रभावित–अधूरा उपचार।

निष्कर्ष।

संविधान दिवस केवल "बधाई" या "औपचारिकता" का दिवस नहीं होना चाहिए। यह आत्मचिंतन का दर्पण बनना चाहिए–जिसमें सरकार, न्यायपालिका, व्यवस्थाएं और हम नागरिक–सभी स्वयं को परखें।

कुछ संशोधनों और निर्णयों ने लोकतंत्र में "धीमे क्षरण" का मार्ग प्रशस्त किया है। यदि इस क्षरण पर आज विचार नहीं हुआ, तो "दिवस" मनाते रह जाएंगे, और मूल उद्देश्य–"लोकतांत्रिक आत्मा की रक्षा"– केवल पुस्तकों में सिमट कर रह जाएगा।

मानव अधिकार दिवस : सभ्यता के नैतिक विवेक का दर्पण

– महेन्द्र तिवारी

हर वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया मानवता के उस मूल्य को याद करती है जो किसी भी राष्ट्र, धर्म या शासन की सीमाओं से परे है–मानवाधिकार। यह दिन कैलेंडर की एक साधारण तारीख नहीं, बल्कि उस आत्मा का उत्सव है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है। यह हमें याद दिलाता है कि सभ्यता का विकास केवल तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से मापा जाता है कि हम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सबसे कमजोर व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। मानव अधिकार दिवस हमें हमारे सामूहिक विवेक से यह प्रश्न पूछने का अवसर देता है कि क्या सचमुच हम उस दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ हर मनुष्य गरिमा, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जी सके। द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका ने दुनिया को भीतर तक झकझोर दिया था। जब नस्ल, धर्म और विचार के आधार पर मनुष्यों का निर्मम संहार हुआ, तब मानवता ने महसूस किया कि सभ्यता का ढांचा कितनी आसानी से ध्वस्त हो सकता है। इसी ऐतिहासिक चेतना ने 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिसने पहली बार यह स्पष्ट किया कि मनुष्य के अधिकार राज्य की इच्छा नहीं हैं, बल्कि जन्मसिद्ध हैं–वे मनुष्य होने के कारण स्वतः प्राप्त हैं। इस घोषणा का पहला वाक्य–"सभी मनुष्य जन्म से स्वतंत्र और समान गरिमा एवं अधिकारों के अधिकारी हैं"-आज भी नैतिकता का सबसे स्पष्ट और सार्वभौमिक घोषणापत्र है। यह अंतः करण की वह आवाज़ है जो किसी एक देश या संस्कृति की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की है। भारत ने, स्वतंत्रता के तत्काल बाद, इन सिद्धांतों को अपने संविधान में समाहित करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। संविधान के मौलिक अधिकार नागरिकों को समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जीवन और स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और शोषण से मुक्ति का आश्वासन देते हैं। यह न केवल राजनीतिक दस्तावेज़ है, बल्कि हमारे लोकतंत्र का नैतिक आधार भी है। 1993 में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की स्थापना इसी प्रतिबद्धता की निरंतरता है, जिसका उद्देश्य राज्य की नीतियों और कार्यवाहियों से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्याय की निगरानी करना है। यह आयोग उन नागरिकों की आवाज़ बनने का प्रयास करता है जो शक्ति-संरचनाओं में हाशिए पर छूट जाते हैं।

परंतु मानव अधिकार का अर्थ केवल विधिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह किसी वर्ग को दिया गया उपकार भी नहीं है। यह मनुष्य की गरिमा का वह बुनियादी सिद्धांत है जो बताता है कि किसी व्यक्ति के साथ किया गया अन्याय केवल उसके विरुद्ध नहीं, बल्कि पूरी मानवता के विरुद्ध अपराध है। महात्मा गांधी ने कहा था कि ÷किसीएकमनुष्यकाअपमान, समूची मानवता का अपमान है।÷यहीव्यापकताऔरसंवेदनशीलतामानवाधिकारोंकी आत्माहै। जहाँ गरिमा का हनन होता है–चाहे वह जाति के आधार पर भेदभाव हो, लिंग असमानता, धार्मिक उत्पीड़न, श्रम का शोषण, या अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध–वहाँ मानवाधिकार खतरे में पड़ जाते हैं।

आज का समय इन अधिकारों को नए प्रकार की चुनौतियों के बीच परखता है। युद्ध और आतंकवाद ने दुनिया के कई हिस्सों में नागरिक जीवन को अस्थिर कर रखा है। मध्य पूर्व और अफ्रीका के संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापित हुए हैं और मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। एशिया के कई देशों में राजनीतिक असहमति पर अंकुश और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खतरे बढ़ रहे हैं। लोकतांत्रिक देशों में भी निगरानी प्रणालियों, डेटा-संग्रह और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के विस्तार ने निजता के अधिकार पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। वही तकनीक, जो विकास का साधन हो सकती है, कई बार नियंत्रण का साधन बनकर सामने आती है। संयुक्त राष्ट्र का 2025 का थीम–÷डिजिटलसमानताऔरमानवगरिमा÷–विश्वसमुदायकोचेतावनीदेताहैकितकनीकीप्रगतियदिमानवीयमूल्योंकेसाथसंयोजितनहो, तो वह नई असमानताओं को जन्म दे सकती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में मानव अधिकार विमर्श और भी जटिल हो जाता है। जाति, लिंग, वर्ग और धर्म के आधार पर भेदभाव की ऐतिहासिक परंपराएँ आज भी सामाजिक व्यवहार में दिखाई देती हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अंतर्द्वंद्व के अपने

अंतर्द्वंद्व के अपने युद्ध होते हैं तो प्रतिस्पर्धाओ के अपने द्वंद उपलब्धियों के अपने दंश तो मंचो की अपनी अपनी त्रासदी। सवेरे के अपने शगल तो अंधेरे की अपनी दुनिया दुनिया की अपनी रीत रीतियों के अपने रिवाज़ और रिवाज़ो के अपने ताने बाने और इन तानों बानों में उलझते हम.. बस बुनते और बीनते रहते हैं अपने अपने मनपसंद क़िरदार। समझ पाए तो उत्सव वरना मातम के साथ विसर्जित करते हम आप एक दूजे को। – **सुरेखा अग्रवाल**

कस्टमाइज्ड करते

कस्टमाइज्ड करते हम अपने रिश्तों को बोनसाई की तरह बिल्कुल हमारे ड्रॉइंग रूम की तरह बड़े-बड़े वृक्ष को छोटा कर सजा दिए हमने खूबसूरती के साथ। बस जिंदगी में खूबसुरती चाहिए। अपने हिसाब से। बरगद,पीपल,आम,अशोक इस स्टैंड से उस स्टैंड विजय मुद्रा के साथ अब तो ये भी खुशी की शुद्ध हवा भी मिल रही है। और छाँव? छाँव नहीं मिलती कस्टमाइज्ड होते रिश्तों और बोन्साई किये पौधों से – **तनु देहलवी**

दर्द भी अजीब साथी है, जब कोई नहीं

दर्द भी अजीब साथी है, जब कोई नहीं होता तब ये और पास आ बैठता है। हँसते चेहरों के पीछे छुपी ये खामोशी, सबको दिखती है मुस्कान, पर कोई आँसू नहीं पढ़ पाता है। कुछ ज़ख्म वक़्त से नहीं, किसी अपने के बदल जाने से भरते हैं। और कुछ दर्द ऐसे भी होते हैं, जो कहे नहीं जाते, बस चुपचाप आँखों में उतर आते हैं। – **मिनाक्षी सिंह**

मंद-मंद मुस्कान लिए तुम जीवन में

मंद-मंद मुस्कान लिए तुम जीवन में आए खिल उठा उर-उपवन चहूँ ओर पुष्प-पुंज मुस्काए!! नाच उठा मन-मयूर बादल घिर-घिर आए मेघ-मल्हार की राग पे बरखा झूम-झूम कर गाए!! आगमन तुम्हारा है जैसे कोई त्योहार आशाओं के दीप कमलनयनों में जगमगाए!!जीवन के हर क्षण में खुशियों की बहार गीत बन कर तुमइन होठों से गुनगुनाए !! – **अंजू डोकानिया**

पलकों पर तैरते यादों के शीशे शीशे

पलकों पर तैरते यादों के शीशे शीशे के टुकड़ो में चेहरा तुम्हारा चेहरे पर तुम्हारे एक प्यारी सी बिंदी बिंदी से जुड़ी इक तेरी मेरी कहानी उस कहानी के किस्से में हम तुम तुम हम में हम तुम में कुछ ऐसे थे सिलसिले जैसे लगता है हम तुम आज ही हैं मिले मिलकर उन यादों में आँखों में सपने भरे आज फिर पलकों पर तैरते वो यादों के शीशे – **नीरज वर्मा नीर**

ऊला सानी सोम चहारम लिखते

ऊला सानी सोम चहारम लिखते हैं। मतला औ काफ़िया रुक्न रदीफ़ लिखते हैं। वज्न में जब बहर होगी उरूज़ में चाँद सितारे- चतुर शायर कलमकारी का नव अहसास लिखते हैं। – **राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढी**

वंशवाद और परिवारवाद का

वंशवाद और परिवारवाद का गठजोड कितना खतरनाक और हिंसक होता है इसका उदाहरण पाकिस्तान मे देखा जा सकता है। दोनो परिवारो जरदारी +शरीफ ने इमरान खान नियाजी जो इनसे टकराने की हिम्मत किया वह आज किस हाल मे है कोई नही जानता। इन वंशवादियों ने अपनी लालच और कुर्सी के लिये आमिम मुनीर के कदमो मे पाकिस्तान देश और वहां के बचे खुचे लोकतंत्र को भी डाल दिया। – **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन भी कई अशांति वाले प्रसंग बनेंगे। आज आप अन्य लोगो से मतलब का व्यवहार रखेंगे जिस कारण काम पड़ने पर मदद करने की जगह लोग अपना स्वार्थ साधेंगे।

वृषः आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी अधिकांश कार्यो की योजना पूर्व में ही बना लेंगे फिर भी कुछ काम अकस्मात आने से फेरबदल करना पड़ेगा। नौकरी व्यवसाय में धन के साथ सम्मान की प्राप्ति भी होगी।

मिथुनः आपका आज का दिन थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा लेकिन आज की मेहनत संध्या बाद से रंग लाने लगेगी आलस्य भी बने रहने से जल्दी से किसी कार्य के लिये हाँ नही करेंगे।

कर्कः आज का दिन परिश्रम को छोड़ अन्य सभी विषयों में उत्तम रहेगा। मेहनत आज अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक करनी पड़ेगी लेकिन इसका फल आशानुकूल मिलने से संतोष होगा।

सिंहः आज का दिन भी आपकी आशाओ के विपरीत रहेगा। दिन के आरंभ से ही कुछ गड़बड़ होने की आशंका रहेगी कार्य क्षेत्र अथवा परिवार में कोई छोटी-बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है।

कन्याः आज का दिन लाभदायक है लेकिन मानसिक रूप से गंभीर होने भी आवश्यक है निर्णय लेने में आज भी दुविधा होगी दिमाग पर ज्यादा दबाव न डालें निसंकोच होकर फैसले ले विजय आज आपकी ही होगी।

तुलाः आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। सेहत ठीक रहने पर भी कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे लेकिन जिस भी कार्य को हाथ मे लेंगे उसमे हानि लाभ की परवाह नही करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आध्यात्मिक उन्नति वाला रहेगा। दिन के आरंभ से ही घर मे धार्मिक कार्य को लेकर चहल-पहल रहेगी इसके लिए दैनिक कार्यो में बदलाव भी करना पड़ेगा।

धनुः आज भी मध्यान तक सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा मध्यान बाद ही इसमे स्थिरता आएगी फिर भी ज्यादा परिश्रम वाले कार्यो से बचें। बनी बनाई योजनाए अधर में लटकी रहेंगी।

मकरः आज का दिन आपके उच्च प्रतिष्ठित लोगो से संबंध बनेंगे सरकारी कार्यो के लिए दिन उत्तम है सरकार की तरफ से शुभ समाचार मिलने से व्यवसाय एवं अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यो की उलझन दूर होगी।

कुंभः आज के दिन लाभ-हानि बराबर रहेगी। दिन के आरंभ से ही लाभदायक प्रसंग बनेंगे। आज आप व्यवसाय के साथ सामाजिक कार्य भी आने से अधिक व्यस्त रहेंगे कमाई संतोषजनक रहेगी।

मीनः आज के दिन आपकी मानसिकता कम समय एवं परिश्रम से अधिक लाभ पाने की रहेगी पर आज आपके कार्यो में सफाई कम रहेगी विफलता मिलने पर क्रोध भी आएगा। सेहत में सुधार आएगा।

QUIZ TIME

1) बाल गंगाधर तिलक को लोकमान्य की उपाधि कब मिली?

2) एशिया का सबसे बड़ा ग्रास लैंड कौन-सा है?

3) आसमान में सबसे बड़ा नक्षत्र कौन सा है?

4) अप्रैल 2025 में रक्षा साहित्य महोत्सव कलम एंड कवच 2.0 का आयोजन कहाँ हुआ?

5) अगस्त्यमलाई बैम्बटेल, जो समाचारों में देखा गया था, किस प्रजाति से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) होमरूल आन्दोलन के दौरान (2) बन्नी घास मैदान (3) हाइड्रा (4) नई दिल्ली (5) डैमसेल्फ़्लाई

पहेली

शब्द सामर्थ्य -253

न्यूज गैलरी

भागवत गीता से मिलती है जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा

दुर्ग। मोहन नगर में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर धर्मपत्नी मीनाक्षी चंद्राकर के साथ शामिल हुए। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और सेवा में ही जीवन की सच्ची शांति और सुख है। इस अवसर पर गुड्डू पांडे, सुशीला पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

'मानव मार्केट' का ट्रेलर रिलीज

भिलाई। छत्तीसगढ़ में निर्मित हिंदी फीचर फिल्म 'मानव मार्केट' स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यवसायीकरण के विरुद्ध आवाज उठाती है। शहर के प्रसिद्ध अभिनेता व निर्देशक गुलाम हैदर मंसूरी और निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल, निम्मी रोशन सवाने और गुलाम हैदर मंसूरी की फिल्म का ट्रेलर 3 दिसम्बर को एन माही फिल्म्स के यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज़ हुआ। दर्शक फिल्म के ट्रेलर को खूब पसंद कर रहे हैं। फिल्म आगामी 19 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म में जनता के साथ स्वास्थ्य सेवा में होने वाली अव्यवस्था को संवेदनशीलता से दिखाया गया है। फिल्म में कई संवाद ऐसे हैं जो वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर देखी जा रही अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करते हैं।

श्रीमद् भागवत कथा आज से

भिलाई। स्व. उदयराम पारकर की स्मृति में विष्णु अरोड़ा महाराज का श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 10 दिसंबर से 18 दिसंबर तक समीपस्थ ग्राम बेलौदी (मालूद) में किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक भक्तिमय आयोजन के संबंध में समिति की ओर से दुर्गा प्रसाद पारकर ने बताया कि पहले दिन 10 दिसंबर बुधवार को कलश स्थापना दोपहर 1 बजे से और गौकरण कथा, 11 दिसंबर को परीक्षित संवाद, 12 दिसंबर शुक्रवार को सृष्टि रचना, 13 दिसंबर को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, 14 दिसंबर को श्री राम चरित्र, श्री कृष्ण जन्म, 15 दिसंबर श्री कृष्ण बाल लीला दही लूट माखन चोरी, 16 दिसंबर मंगलवार गोवर्धन लीला, कंस वध और रुकमणी विवाह, 17 दिसंबर सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री, 18 दिसंबर गीता प्रवचन तुलसी वर्षा पूर्णाहुति व महाप्रसादी होगा। पारकर ने प्रवचनकर्ता बालयोगी विष्णु अरोड़ा महाराज जावरा (रतलाम) का प्रवचन लाभ लेने की अपील धर्म प्रेमियों से की है।

निधन: दुलारी बाई भट्ट

दुर्ग। मोहन नगर निवासी दुलारी बाई भट्ट 95 वर्ष का मंगलवार की शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 दिसंबर, बुधवार को दोपहर 12 उनके निवास स्थान से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे स्व. बीएल भट्ट की धर्मपत्नी, आरएस भट्ट एवं संतोष भट्ट की माताजी थी।

प्राचार्य कक्ष में घुसकर एनएसयूआई नेताओं ने किया हंगामा, नेम प्लेट पर स्याही पोती

भिलाई/नवप्रदेश। कल्याण कॉलेज में मंगलवार को भिलाई नगर विधायक प्रतिनिधि व एनएसयूआई के प्रदेश महसाचिव आकाश कनौजिया ने जमकर हंगामा किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के केबिन में घुसकर प्राचार्य के ऊपर पर्चा फेंका। नेम प्लेट के ऊपर स्याही फेंक दी। एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्राचार्य को जूते-चप्पल की माला पहनाने की कोशिश की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विधायक प्रतिनिधि ने प्राचार्य विनय शर्मा को कुर्सी से उठने और बाहर निकलने कहा। प्राचार्य केबिन के अंदर आधे घंटे तक हंगामा जारी रहा। प्राचार्य के समझाने पर भी विधायक प्रतिनिधि ने उनकी बात नहीं मानी। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता लगातार प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा को चप्पलों की माला पहनाने की कोशिश करते रहे। बाद में पुलिस बल ने हुडदंग मचा रहे नेताओं को केबिन से बाहर निकाला।

दरअसल चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी गोदावरी सिन्हा और तीरथी साहू ने प्राचार्य पर अभद्र और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत भी की गई।

उन्होंने बताया कि 1 अगस्त को अचानक नौकरी समाप्त करने की जानकारी मिलने पर प्राचार्य कक्ष में गए। प्राचार्य ने उनके साथ अत्यंत अभद्र और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इसी शिकायत के आधार पर मंगलवार को एनएसयूआई नेताओं ने कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य का घेराव किया। एनएसयूआई नेता आकाश कनौजिया प्राचार्य से लगातार महिलाओं को तत्काल नौकरी देने और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। प्राचार्य ने कहा कि मामला अभी कमेटी के पास है। शिकायत पर कार्यवाही हो रही है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एक न सुनी। भिलाई नगर थाना प्रभारी ने भी समझाया कि महिलाओं की शिकायत पर जांच चल रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के केबिन में जब प्रवेश किया, उस समय प्राचार्य छात्रों की परीक्षा के फॉर्म पर हस्ताक्षर कर रहे थे। फॉर्म विश्वविद्यालय भेजना था। स्याही फेंकने से फॉर्म खराब हो गया। प्राचार्य ने इसकी जानकारी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय प्रबंधन को दे दी है। बाद में कल्याण कॉलेज प्रबंधन भी मौके पर पहुंचा और स्थिति पर जानकारी ली।

प्राचार्य विनय शर्मा का कहना है कि अनुदान प्राप्त महाविद्यालय में लोग कई वर्षों से काम कर रहे थे। मई-जून में एग्जाम खत्म हो जाते हैं। उस समय कर्मचारियों की आवश्यकता नहीं पड़ती है। मैनेजमेंट से चर्चा कर और सुपरवाईजर की रिपोर्ट पर कुछ कर्मचारियों को हटाया गया। 9 लोगों की सेवाएं समाप्त की गई थी। नया सत्र शुरू होने पर आवश्यकता के अनुसार कुछ लोगों को बुलाया गया।

प्राचार्य ने कहा कि मैंने कभी अभ्रद भाषा का प्रयोग नहीं किया है। गाली-गलौज नहीं की है। शिकायत निवारण समिति के सामने महिलाओं ने आवेदन दिया। कमेटी अभी जांच कर रही है।

भिलाई नगर विधायक प्रतिनिधि आकाश कनौजे ने कहा कि महिला के साथ प्राचार्य ने गाली-गलौज करते हुए कमरे से बाहर निकाला है। महिलाओं के साथ ऐसा व्यवहार करना ठीक नही है। प्रबंधन को महिला को नौकरी देना चाहिये और माफी भी मांगना चाहिये। स्याही उनके नेमप्लेट पर पोती है, उनके चेहरे पर नहीं।

भिलाई में पहली बार आएंगे पं. धीरेंद्र शास्त्री 25 से 29 दिसंबर तक होगी हनुमंत कथा

- तीसरे दिन लगेगा विशेष दिव्य दरबार
- बुजुर्गों के लिए ई-रिक्शा सुविधा

भिलाई/नवप्रदेश। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा भिलाई में पहली बार होने जा रही है। आगामी 25 से 29 दिसंबर तक जयंती स्टेडियम के पास स्थित विशाल ग्राउंड में हनुमंत कथा होगी। हर दिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक पंडित शास्त्री श्रद्धालुओं को कथा सुनाएंगे। कथा के तीसरे दिन 27 दिसंबर को पंडित धीरेंद्र शास्त्री दिव्य दरबार लगाएंगे। इसमें वे श्रद्धालुओं की पर्ची निकालकर समस्याओं का समाधान और मार्गदर्शन देंगे। इस दिन भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए विशेष सुरक्षा और प्रबंधन की तैयारी की जा रही है। सेवा समर्पण समिति द्वारा आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पांडेय ने आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय कथा में रोजाना लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इसके लिए बड़े स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही है।

श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए विशाल डोमशेड, सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था और पर्याप्त पार्किंग बनाई जा रही है। समिति के सदस्यों ने कहा कि भिलाई में पहली बार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आगमन होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ लेने की अपील की। बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं को पार्किंग से कार्यक्रम स्थल तक ई-रिक्शा से निशुल्क परिवहन सुविधा दी जाएगी। पूरे आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मेडिकल कैंप, प्राथमिक उपचार केंद्र और सुरक्षा प्रबंधन तैनात किया जाएगा।

आयोजन समिति की ओर से रोजाना हजारों श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क महाभंडारे की व्यवस्था की जा रही है। पेयजल, शौचालय, सुरक्षा बैरिकेडिंग और भीड़ नियंत्रण के लिए अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं।

युद्ध स्तर पर तैयारियां जारी

सनातन धर्म के ध्वजवाहक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन सेवा समर्पण समिति द्वारा 25 से 29 दिसंबर तक जयंती स्टेडियम के पास आयोजित किया जा रहा है। कथा के आयोजनकर्ता व सेवा समर्पण समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही है। आयोजन में सहभागिता देने वाली मातृ शक्तियों द्वारा आमंत्रण कार्ड व पीला चावल लेकर घर-घर जाकर आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने दुर्ग-भिलाई में विभिन्न समाजों के नाम से लगभग 100 स्वागत गेट का निर्माण किया जाएगा और उसमें समाज द्वारा समाज की परंपरा और संस्कृति के अनुरूप कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

बीएसपी प्लांट में महिला ठेका श्रमिक की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के ओएचपी परिसर में गत दिवस काम करने के दौरान हादसे में महिला श्रमिक की मौत हो गई। वागन टिपलर नंबर 4 के नीचे मौत की घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। मृतका का नाम पुष्पा साहू (41) निवासी ग्राम रिसामा बताया गया है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि, महिला ओएचपी के हाफ एरिया वागन टिपलर नंबर-4 के नीचे जे3सी2 पॉइंट पर सफाई का काम कर रही थी। इसी दौरान ऊपर लगे लोहे के पाइप का एक हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। पाइप लंबे समय से जंग खाकर जर्जर हो चुका था। मिट्टी और डस्ट भरा होने के कारण पाइप भारी हो गया था।

पाइप गिरने से पुष्पा साहू के सिर पर गिरा। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल रेफर किया गया। सेक्टर-9 अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थाना भिलाई भट्ठी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक भारत सिंह चौधरी ने मर्ग कायम कर मामले की जांच की। जांच के दौरान गवाह रमेश साहू, लुकेश्वर ठाकुर और धीरेन्द्र कुमार ठाकुर के बयान लिए गए। जांच में पाया गया कि घटना स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था और जर्जर पाइप को समय पर बदला नहीं गया।

पुलिस के अनुसार बीएसपी प्रबंधन की उपेक्षापूर्ण लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई। सेक्टर-9 अस्पताल के टेलीफोन ऑपरेटर इम्मानियल ने थाना भिलाई नगर में महिला के 'ब्रॉट डेड' होने की सूचना दी थी। अस्पताल की ओर से जारी मेमो में उल्लेख किया गया कि, पुष्पा साहू को एम्बुलेंस से लाया गया था। उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी।

भागवत कथा में शामिल हुए इंद्रजीत

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्गा समिति टाटा लाइन कोहका द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में भगवताचार्य एवं प्रवचनकर्ता गोपिकेश्वरी देवी के श्रीमुख से पावन कथा में एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर व सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह 'छोटू' शामिल हुए। उन्होंने कथा व्यास को सादर प्रणाम करते हुए सभी नगरवासियों को इस दिव्य व भव्य धार्मिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य व सर्व समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी मलकीत सिंह, जोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, इंद्रजीत सिंह 'चिंटू', वाजिद अंसारी, हरेंद्र यादव, सोम सिंह मौजूद थे।

श्रमिक को ट्रक ने रौंदा

भिलाईनगर। ड्यूटी से घर लौट रहे श्रमिक राहुल निर्मलकर (19 वर्ष) को अज्ञात वाहन ने बासिन पुलिया के पास ठोकर मार दी। श्रमिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नंदिनी पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। राहुल हथखोज जेटवर्क कंपनी में काम करता था।

तांदुला संभागीय कार्यालय व उप संभागीय भवनों का स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज जल संसाधन विभाग दुर्ग के तांदुला संभागीय कार्यालय व उपसंभागीय भवनों का लोकार्पण फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, अधीक्षण अभियंता सुरेश पांडेय व कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस भवन को प्रदेश में जल संसाधन प्रबंधन और कृषक हितों के क्षेत्र में उच्च दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक परिसर पुराने जर्जर भवन की जगह टिकाऊ तकनीकी मानकों के अनुसार विकसित किया गया है, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और जनता-केंद्रित सेवाओं में स्पष्ट रूप से सुधार आएगा। वर्ष 1912 में निर्मित पुराना भवन समय के साथ अत्यधिक जर्जर हो गया था, जिससे विभागीय कार्य प्रणाली और आम जनता को अपेक्षित सुविधा प्रभावित हो रही थी। कुल 3 करोड़ 36 लाख 67 हजार की लागत से बना परिसर दुर्ग जिले में 1.27 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई योजनाओं, जल संरक्षण एवं अनुरक्षण कार्य और डिजिटाइज्ड अभिलेख प्रणाली के संचालन में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। अहिवारा विधायक डोमनलाल कार्सेवाड़ा और विधायक ललित चंद्राकर ने भी विचार व्यक्त किये।

कांग्रेस की विरोध रैली में शामिल होने दिल्ली जाएंगे दुर्ग के संगठन पदाधिकारी

- एसआईआर को लेकर सक्रिय हुए कांग्रेसी

दुर्ग। शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग की पहली बैठक राजीव भवन दुर्ग में आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल का पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में आगामी राजनीतिक व संगठनात्मक रणनीति, जन-आंदोलन, दिल्ली रैली और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची संशोधन अभियान को तेज करने और वार्ड व बूथ स्तर पर टीमों को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया। आगामी 14 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस के विशाल विरोध प्रदर्शन में दुर्ग जिले की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने दायित्वों और समन्वयकर्ताओं की नियुक्ति की गई। तय किया गया कि ब्लॉक और शहर स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा होगी। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंवाद अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सोशल मीडिया सक्रियता और आगामी राजनीतिक संघर्षों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में अध्यक्ष बाकलीवाल ने कहा कि कांग्रेस जनता की आकांक्षाओं की प्रतिनिधि पार्टी है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए सभी वर्गों को सक्रिय भागीदारी के अवसर दिए जाएंगे। आने वाले समय में कांग्रेस जनता की आवाज को और अधिक मजबूती के साथ उठाएगी। जनहित के संघर्षों में अग्रणी भूमिका निभाएगी। बैठक के अंत में कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाते हुए केक काटा गया। सोनिया गांधी के दीर्घायु होने की कामना की गई। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, दीपक दुबे, अय्यूब खान, अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, महिप सिंह भुवाल, राजकुमार साहू, परमजीत सिंह, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, सुशील भारद्वाज, नासिर खोखर, आयुष शर्मा, प्रीतम देशमुख, शिवकांत तिवारी, साबिर अली, आनंद देव ताम्रकार, निकिता मिलिंद, प्रेमलता साहू, गौरव उमरे, अनीस रजा, गोलू गुप्ता, वरुण केवलानी, मोहित वाल्दे व विकास सापेकर मौजूद रहे।

मेन पाइप लाइन में लीकेज, आज कई क्षेत्रों में नहीं होगी पानी सप्लाई

दुर्ग/नवप्रदेश। गंजपारा में कब्रिस्तान के पास नदी से फिल्टर प्लांट तक रॉ वाटर की सप्लाई पाइपलाइन फूट गई है। कई दिनों से सड़क पर लगातार पानी बह रहा है। पाइपलाइन फूटने के कारण फिल्टर प्लांट तक आवश्यक मात्रा में रॉ-वॉटर की सप्लाई नहीं हो रही है। इससे वाटर सप्लाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। 10 दिसंबर को मुख्य पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत की जाएगी। सुबह के समय नियमित पानी सप्लाई के बाद पाइपलाइन को बंद कर रिपेयर कार्य किया जाएगा।

भिलाई में नए ओव्हरब्रिज का निर्माण जरूरी - विधायक रिकेश ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

- डिप्टी सीएम अरुण साव को भी पत्र भेजकर मंजूरी देने की मांग की

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नेहरू नगर मुख्य चौराहे और क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव की समस्या से निपटने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उप मुख्यमंत्री अरूण साव को पत्र लिखा है। विधायक सेन ने राष्ट्रीय राजमार्ग और नेहरू नगर चौक से अग्रसेन चौक तक ओव्हरब्रिज की जरूरत बताते हुए नए ओवरब्रिज के प्रस्ताव को मंजूर करने की मांग की है। रिकेश ने बताया कि नेशनल हाइवे खुर्सीपार, पावर हाउस व सुपेला में ओव्हरब्रिज का निर्माण किया गया है। इससे शहर के ट्रैफिक जाम में कमी आई है। नेहरु नगर चौक में ओव्हर ब्रिज न होने के कारण शाम 6 से रात 10 बजे तक हैवी ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। दिन में भी ट्रैफिक के कारण आम जनमानस को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैफिक जाम के कारण वायु प्रदूषण अधिक होने से भी नेहरु नगर के

आसपास क्षेत्र में एक्यूआई निर्धारित मानक से अधिक हो रहा है। आम जनमानस को ट्रैफिक से निजात दिलाने और स्वच्छ हवा उपलब्ध कराने नेहरु नगर चौक में ओव्हर ब्रिज निर्माण की अति आवश्यकता है। इसी तरह नेहरू नगर की ओर जाने वाले वाहन भी ट्रैफिक जाम में फंसे होते हैं। इंजन चालू रहने की वजह से वाहन अधिक हानिकारक गैस उत्सर्जित करते हैं। नेहरू नगर जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके, व्यस्त चौराहे, ऊंची इमारतों से घिरे सड़क मार्ग अक्सर प्रदूषण के हॉटस्पॉट बन जाते हैं। ट्रैफिक जाम में ईंधन की खपत से न केवल ग्रीनहाउस गैसों (सीओ 2) का उत्सर्जन बढ़ता है, बल्कि पैसे की भी बर्बादी होती है।

नेहरु नगर चौक पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सेक्टर-7 से गुरुद्वारा नेहरु नगर तक ओव्हरब्रिज का निर्माण किया गया है। ब्रिज गुरुद्वारा के पास उतरने के कारण अधिकांश लोग ब्रिज का उपयोग न कर नीचे नेहरू नगर चौक की ओर बढ़ जाते हैं जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। यदि नेहरु नगर चौक के ब्रिज को नेहरु नगर के अग्रसेन चौक तक अतिरिक्त निर्माण किया जाए तो ट्रैफिक जाम की शिकायत से निजात पाई जा सकती है।

समारोह... देश के दस प्रदेशों से मांझी सैनिक परेड में हुए शामिल

कंगला मांझी महोत्सव में 10 साधकों को मिला प्रतिष्ठित अगासदिया सम्मान

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी छत्तीसगढ़ के सपूत कंगला मांझी महोत्सव में समारोह में मांझी सैनिकों का विशेष परेड हुआ, जिसका नेतृत्व कंगला मांझी के सुपुत्र कुंभदेव कांगे ने किया। कार्यक्रम में देशभर के दस प्रान्तों के मांझी सैनिक शामिल हुए जिनमें दो सौ महिला सैनिक भी थे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के दस साधकों को विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीएल ठाकुर ने महोत्सव में कहा कि हमारे पुरखों ने धरती और धरती के भीतर के धन और वन की रक्षा की। इसी कारण आज छत्तीसगढ़ और देशभर में खुशहाली है। हम त्यागी, साहसी वीरों की सन्तान हैं। हमारा आदिवासी समाज दाता समाज है।

वह देता है, लेता नहीं है। अतिथि बीएल ध्रुव ने कहा कि हम स्वाभिमानी आदिवासी हैं। हमें अपने दम पर जीना आता है। संगठित होकर ही हम अपना भविष्य सुधार सकते हैं।

पशु चिकित्सा विभाग के संचालक गौ सेवा आयोग के सचिव कार्तिकेय ध्रुव ने कहा कि आदिवासी समाज सदा से मानवतावादी समाज रहा। हमें गर्व है कि हमारा समाज सबके हित के लिए जीता है। हल्बा समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर राणा ने कहा कि देश में आज आदिवासी राष्ट्रपति हैं। हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

राजामाता फुलवादेवी कांगे ने कहा कि कंगला मांझी के सपनों को हम सब मिलजुलकर पूरा कर रहे हैं। कार्यक्रम में लेखन के लिए राजकुमारी कांगे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कुंभदेव कांगे ने आभार व्यक्त करते हुए डॉ. परदेशीराम वर्मा को विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

इन साधकों का सम्मान

प्रख्यात लोक कलाकार महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू, गंगाप्रसाद साहू को लोक मंच में योगदान के लिए मदराजी सम्मान, देवदास बंजारे सम्मान, और नारायण चंद्राकर सम्मान से विभूषित किया गया। पूर्व आईएएस जीआर चुरेन्द्र, पूर्व आईएएस एमएस पैकरा को समाजसेवा के लिए कंगला मांझी और हिड़मा मांझी सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्यकार दिनेश चैहान, डॉ. शिरोमणी माथुर, महेन्द्र बघेल को साहित्य साधना के लिए क्रमशः डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा सम्मान, शहीद दुर्वासा लाल निषाद सम्मान और लतीफ घोंघी सम्मान प्रदान किया गया। बालाघाट के आदिवासी समाज के पत्रकार सतीश राम पारधी को कंगला मांझी जागृति सम्मान से विभूषित किया गया। जिन महापुरुषों की याद में सम्मान दिए गए, उनके परिवारजन भी मंच पर मौजूद थे।

इस मौके पर संस्कृति विभाग के सहयोग से कुम्हारी के लोकमया के कलाकारों का मंचीय प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में रामचरण उइके, देवनारायण नगरिहा, वीरेन्द्र अजनबी, हर्षा देवांगन, राजकुमार चौधरी, ओमप्रकाश अंकुर व कुबेर साहू ने काव्य पाठ किया। कवियों ने आदिवासी वीरों के जीवन व दर्शन पर काव्यपाठ कर खूब समां बांधा। नव आगमन पत्रिका के मांझी विशेषांक का विमोचन हुआ। इसमें राजकुमारी कांगे का विशेष आलेख इतिहास एवं आदिवासी व्यक्तियों पर प्रकाशित किया गया है।

कार्यक्रम का संचालन राजीव उइके और अशोक आकाश ने किया।

न्यूज गैलरी

सांकरा ज और सुंदरा में सिद्धि समूह ने किया मध्यान्ह भोजन संचालन का शुभारंभ

बालोद/नवप्रदेश। बालोद ब्लाक के सांकरा ज प्राइमरी और मिडिल स्कूल के साथ सुंदरा प्राइमरी स्कूल में सोमवार से विधिवत नई समूह ने मध्यान्ह भोजन संचालन शुरू किया। सिद्धि स्व सहायता समूह की अध्यक्ष नूतन बघेल, सचिव टोमिन रावटे, कांति पटेल सहित अन्य महिलाओं की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर नई समूह ने अपने कार्य की शुरुआत की। सभी स्कूलों में दैनिक मेन्यू अनुसार जरूरी राशन की सामग्री पहुंचाई गई। इस दौरान सांकरा स्कूल के प्रधान पाठक डीआर ठाकुर सहित अन्य शिक्षक व सुंदरा स्कूल में मुरारी लाल सुकतेल, प्रधान पाठक सावित्री देशमुख, शिक्षक अरुण राजपूत और अन्य मौजूद रहे।

राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम बने प्राचार्य

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिला विकास खण्ड डौण्डी लोहारा संकुल केन्द्र बगईकोन्हा शासकीय पूर्व



माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा के राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर शासकीय हाई स्कूल संबलपुर में प्राचार्य पद पर कार्य भार ग्रहण किया। इस दौरान शासकीय हाई स्कूल संबलपुर शाला स्टाफ, कक्षा 9वीं 10वीं की छात्र छात्राओ ने गुलाल से तिलक लगाकर गुलदस्त भेंट कर स्वागत सम्मान किए। इस अवसर राज्यपाल पुरुस्कृत प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर ने कहा कि शाला परिवार एवं छात्र छात्राओ की उज्जवल भविष्य कामना कर शाला की सर्वांगीण विकास बच्चों की हित में हर संभव प्रयास किया जाएगा। सभी बच्चों में पढ़ाई के प्रति विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर वरिष्ठ व्याख्याता वाय.पी.आर्य व्याख्याता प्रीति साहू रीता चौरसिया आर.के.यादव मनीषा बेर एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने नवनिर्मित बॉक्सिंग रिंग सेट एवं आर्चरी रेंज का किया शुभारंभ

राजनांदगांव /नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में नवनिर्मित बॉक्सिंग रिंग सेट एवं आर्चरी रेंज का शुभारंभ किया। मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने बॉक्सिंग मैच को देखा और बॉक्सिंग खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि जिले में खेल सुविधाओं का विस्तार होने से युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढने् का अवसर मिलेगा। नई बॉक्सिंग रिंग और आर्चरी रेंज के तैयार होने से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुरक्षित वातावरण और प्रतियोगी माहौल प्राप्त होगा। उन्होंने स्कूली बच्चों से अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी ली और अच्छे से पढ़ाई करने कहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू, श्री भावेश बैद, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग श्री आरएल ठाकुर, उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय श्री आशुतोष चावरे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, एसडीएम श्री गौतम पाटिल, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीष व्यौहारे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे, शिक्षक उपस्थित थे।

महात्मा गांधी नरेगा से बने कुएं ने बढ़ाया किसान का आत्मविश्वास

■ वनांचल ग्राम पंचायत सरईपतेरा में कूप निर्माण से किसान के आमदनी में हुआ बड़ा बदलाव

कवर्धा/नवप्रदेश। यह कहानी है विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम पंचायत सरईपतेरा की जहां खेतीहर कृषको की संख्या अधिक है। यह कहानी है कृषक श्री बिसाहु सहरिया की जिन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से सिंचाई कूप (डगवेल) की स्वीकृति मिली है। हितग्राही श्री बिसाहु सहरिया पहले अपने खेतो में सिंचाई के लिए बरसात के पानी पर निर्भर रहते थे, लेकिन अब सिंचाई कूप निर्माण होने से कोई भी मौसम में अपने खेतो की सिंचाई कर सकते है। कृषि के लिए सबसे महत्वपूर्ण है खेतो में सिंचाई का साधन जो महात्मा गांधी नरेगा योजना से इसकी पूर्ति हो रहा है। कृषक कार्य के लिए महत्वपूर्ण है सिंचाई का साधन होना लेकिन इसके अभाव में हितग्राही श्री बिसाहु सहरिया पहले बारहमासी फसल लेने में असमर्थ थे। पहले केवल बरसात के पानी के भरोसे खेती करते थे और बारिश पर निर्भरता के कारण फसल उत्पादन में अनिश्चितता बनी रहती थी। हितग्राही के पास केवल 2.10 एकड़ जमीन है जिसमें सीमित खेती ही हो पाती थी। सिंचाई के अभाव में फसले नष्ट हो जाने से हितग्राही को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता था।

हितग्राही श्री बिसाहु सहरिया को अपने पंचायत से जानकारी मिली के उनके समस्याओं का हल महात्मा गांधी नरेगा योजना से हो सकता है, जिसके बाद ग्राम पंचायत के समक्ष उन्होंने अपनी मांग रखी। ग्राम पंचायत के द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया जिसके पश्चात सिंचाई कूप हेतु कुल 2.44 लाख की लागत से निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई। कूप निर्माण का कार्य हितग्राही के खेत में 8 अप्रेल 2024 को प्रारंभ होकर 27 अप्रेल 2024 को पूरा हो गया। निर्माण कार्य में 60000 रूपए की मजदूरी गांव के मनरेगा जॉब कार्ड धारी परिवारों को प्राप्त हुआ जिसमें हितग्राही का परिवार भी सम्मिलित होकर अपने कूप निर्माण कार्य में रोजगार प्राप्त किया। निर्माण कार्य में 1.82 लाख सामग्री पर व्यय किया गया जिसका परिणाम हुआ की कूप निर्माण हितग्राही बिसाहु के जीवन में खुशहाली का स्त्रोत बन गया है। अब उन्हें अपने खेत के लिए सालभर पानी उपलब्ध हो गया है। पहले जहां एक फसलीय खेती किया करते थे अब वे खरीफ, रबी और जायद फसलों की खेती करने लगे है। इस प्रकार कूप निर्माण हो जाने से बारहमासी फसल ले रहें है। खेती का रकबा 2.10 एकड़ है, जिससे कूप निर्माण से आय में बढ़ोत्तरी हुआ है।

कूप की सहायता से हुई आमदनी, बढ़ा आत्मविश्वास: हितग्राही बिसाहु सहरिया

हितग्राही श्री बिसाहु सहरिया अपने कूप के बारे में बताते है कि 'पहले सिर्फबरसात में ही खेती कर पाता था जो अब सालभर फसल उत्पादन कर पा रहा हूं। खेती का रकबा बढ़ गया है और इससे मेरी आय में वृद्धि हुआ है जिससे परिवार के भरण पोषण में सहायता मिली है। पहले सिंचाई के अभाव में कोई उत्पादन नहीं था। अब मेरे अपने 2.10 एकड़ में धान और तिलहन की फसल से साल भर में लगभग 1.60 हजार का मुनाफा कमाया हूं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की वजह से मेरे जैसे किसानों को नई जिंदगी मिली है। मेरा आत्मविश्वास बढ़ा गया है और भविष्य के लिए नई उम्मीदे जगी है।'

रुके पड़े शहर विकास के कार्य, निगम की माली हालत खराब: पिल्ले

साफ-सफाई ,बिजली,पानी आदि मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था चरमराई

■ दस महीनों से निगम में नहीं हुई सामान्य सभा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने नगर निगम की विगत 10 महिनों से सामान्य सभा नही होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपाइयों द्वारा निगम में सत्ता संभालने के बाद अब तक सामान्य सभा नही होने से निगम की माली हालत खराब हो गई है। इससे शहर विकास के कार्य रुके पड़े है। उन्होंने कहा कि निगम की सत्ता में विराजे भाजपा महापौर द्वारा सामान्य सभा नही कराए जाने से जहां नागरिको की मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पानी, साफसफाई की व्यवस्था चरमराई हुई है । दिक्कत की बात यह कि सफाई के लिए अभी तक नये वर्ष का ठेका भी तक नहीं दिया जा सका है। इधर समान्य सभा नही होने से शहर विकास संबंधी प्रस्ताव पास नहीं हो पा रहे इससे निगम में पैसा नहीं आ पा रहा है।

ट्रीपल इंजन वाली सरकार में शहर की बूरी दशा: श्री पिल्ले ने बताया कि ट्रीपल इंजन वाली सरकार की स्थिति यह है कि पिछले कई माह से निगम को चुंगी कर का भी पैसा भी नहीं मिल पाया है। इससे ले- देकर राजस्व वसूली से निगम की गाड़ी खींच पा रही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह कांग्रेस शासन द्वारा भेजे गए कांग्रेसी व भाजपा पार्षदों एवं स्वयं महापौर की पार्षद निधी राशि भाजपा सरकार द्वारा रोक दिए जाने से शहर विकास संबंधी कोई कार्य नहीं हो पा रहा। इससे पार्षदों को जनता का कोप भाजन का शिकार होना पड़ रहा है। श्री पिल्ले ने कहा कि महापौर को चाहिए की कम से कम अपनी सरकार से पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा जारी किए गए पार्षद निधी का पैसा दिलवाने का तो काम करे। एक तो छग शासन द्वारा नगर? निगम को पैसा उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में शहर विकास का कार्य नही हो पा रहे हैं।

गंदा पानी पीने मजबूर शहर वासी

नगर निगम नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि निगम की सत्ता में काबिज भाजपाई अभी तक न तो शहर की जनता को पर्याप्त रुप से नलो में पानी सप्लाई कर पा रहा हैं और न साफपानी पिला पा रहे है। इससे लोगों के शरीर में खुजली,पेट संबंधी रोग डायरिया पीलिया जैसे शिकायते हो रही है। उपर से जिस अमृत मिशन वालों ने बगैर फिटकरी डाले जनता को अशुद्ध पानी पिलाने कि काम किया उन्हे फिर से जनता को पानी पिलाने का काम सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने मोहारा जल संयंत्र में फिटकरी नहीं होने का मुद्दा उठाया तब निगम व प्रशासन

की आंखें खुली और आनन-फानन में आधे- अधूरे ढंग से फिटकरी जुटाने का काम किया। आज स्थिति यह है कि शहर के कई वार्डों पर्याप्त रुप से पानी सप्लाई हो पा रही हैं और न पर्याप्त फिटकरी डालने से पानी शुद्ध आ पा रहा है जिससे कई प्रकार की बीमारियां उभर रही है।

नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि विगत 10 महिनों में नहीं हो पाए निगम की सामान्य सभा के लिए निगम के मुखिया महापौर ही जिम्मेदार है। उन्हें सामान्य सभा करने के लिए सामने आना चाहिए लेकिन ऐसा लग रहा है कि वे सामान्य सभा जैसी आवश्यक कार्य के लिए अपने आकाओं के दिशा निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महापौर जी विगत 10 महिने से रुके पड़े सामान्य सभा कराने के लिए दिन- तारीख सुनिश्चित करें नहीं तो कांग्रेस पार्षदों को लेकर उन्हें समान्य सभा कराने के लिए आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

सांसद संतोष पांडेय बोले- क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा व प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिले में कुल 48 सड़कों की स्वीकृति मिली है। इसमें विकासखंड पंडरिया के 25, बोड़ला के 16, सहसपुर लोहारा के 6 व कवर्धा के 1 सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है।

सांसद संतोष पांडेय क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। लोकसभा में भी प्रमुखता के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठा चुके हैं। सांसद संतोष पांडेय ने जिले के अनेक आवश्यक स्थानों में सड़क निर्माण को लेकर प्रयासरत थे। उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान को पत्र लिखकर जिले के विभिन्न स्थानों में सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने की मांग की थी। साथ ही लोकसभा में शून्य काल के माध्यम से भी केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। इसके फलस्वरूप केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिले में 48 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की है। इसकी अनुमानित लागत लगभग 115.02 करोड़ रूपए है। जो 48 बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करेगी। उक्त सड़कों के निर्माण हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा। राहगीरों को सुविधा मिलेगी। विकासखंड पंडरिया के भटरूसे से पथर्री कंझेटी, बोहिल मार्ग से झूमर, सोमनापुर से मोतेसरा, देवसरा मार्ग से पंडरीपथरा, छिंदीडीह से टिकराटोला, जकना मार्ग से धोबे, केसमर्दा मार्ग से गाड़ासरई, दमगढ़ से लुढ़ुटोला, दमगढ़ मुख्य मार्ग लुढ़ुटोला से चारभाठा, बांगर मार्ग से एरुंगटोला, बिरहुलडीह से करालु, दीवानपटपर से चिखलापानी, बांगर मार्ग से धारटोला, महीडबरा से नवापारा, बोहिल से फिफ्लीपानी, भेलकी मुख्य मार्ग से चुलटोला बदनाटोला, कांदावानी से डेंगूरजाम-अमनिया, बिरहुलडीह से लिफ्ढी, बदना मार्ग से कारीढाप, दमगढ़ से महुआपानी, अमनिया बरटोला मार्ग से ढोलढोली-डोकरीघटिया, बांगर मुख्य मार्ग से कोटनापानी(टोलापारा), भैंसाडबरी से भंडराटोला, भेंड्रागढ़ से भेंड्रागढ़ बैगापारा, डालामौहा से पीपलाकछार तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है।

नालियां बनी नहीं और विभाग ने एनएच सड़क को बता दिया कंप्लीट

बालोद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 930 जो झलमला से शेरपार तक बनाया गया है। इस मार्ग के निर्माण को विभाग ने सितंबर 2025 में पूर्ण होना बता दिया है। पर हकीकत यह है कि सड़क का निर्माण नालियों के बगैर अधूरा ही है। ये हकीकत सामने आई है बालोद शहर के गंजपारा में। जहां पर बालोद से झलमला की ओर जाने वाले मार्ग पर आज भी नालियां अधूरी है। नेशनल हाईवे के तहत काम करने वाले ठेकेदारों ने नाली बनाई ही नहीं है और पूर्णता का रिपोर्ट दे दिया है। ऐसे में सवाल यही उठता है कि क्या अधिकारी सिर्फ कागजी कार्यवाही कर रहे हैं और वाहवाही लूट रहे हैं । नाली नहीं बनने के चलते आगामी दिनों में पानी निकासी की समस्या गहरा सकती है। इस बात पर चिंता जाहिर करते हुए बालोद वार्ड 12 के पार्षद सुमित शर्मा ने कहा कि संबंधित ठेकेदार और विभाग द्वारा लापरवाही बरती गई है। नाली बनाई ही नहीं गई है। आज तक नाली का निर्माण अधूरा है। इस अधूरे नाली में अभी से जाम होने लगी है। यही स्थिति रहा तो आने वाली बरसात में दिक्कत और बढ़ जाएगी।

जिला भाजपा की बैठक में मंत्री ने जीता कार्यकर्ताओं का दिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं जिला पंचायत,जनपद निगम के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी के अनुशासन एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने देश के अधिकाधिक प्रदेशों का दौरा किया है, परंतु छत्तीसगढ़ जैसे अनुशासित और संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता कहीं कहीं दिखे हैं, उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा के कार्यकर्ता संगठन के साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आशवस्त किया कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार जनता की सेवा में लगी हुई है ।

पूरी ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से धान खरीदी की जा रही है, किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आ रही है और इसी तरह से महतारी वंदन योजना का लाभ भी यहां की जनता समय पर ले रही है ।उन्होंने कहा कि प्रदेश में संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार सभी प्रकार के कार्यों की सतत समीक्षा कर रहे हैं और लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं ।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जमीन के बड़े हुए रैटों की समस्या पर मुख्यमंत्री जी ने तुरंत ही संज्ञान लेते हुए इस विषय में लोगों को राहत प्रदान की । गजेंद्र यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन और सत्ता के बीच .समन्वय हेतु वे लगातार यहां आते रहेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उनके सुख-दुख के सभी कार्यों में उनके सहभागी बनेंगे।कार्यकर्ताओं से बेबाक बातचीत कर उन्होंने कार्यकर्ताओं का दिल जीत लिया। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इसके पूर्व बैठक में पदाधिकारियों का परिचय जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कराया,तत्पश्चात संगठन प्रभारी एवं दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि राजनांदगांव की चारों विधानसभा में भाजपा का झंडा फहराने हेतु वह लगातार इस क्षेत्र पर आते रहेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर आने वाले चुनाव में .भाजपा का परचम राजनांदगांव के साथ साथ शेष क्षेत्रों में फहराएंगे ।जितेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को चुनाव पुनरीक्षण अभियान एवं आत्मनिर्भर भारत का महत्व बताते हुए अपनी ऊर्जा लगाने का आवाहन किया । बैठक में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक बातें बताई और नवनियुक्त संगठन प्रभारी तथा प्रभारी मंत्री से लगातार सक्रियता का आग्रह करते हुए कहा कि आपकी सतत सक्रियता से जिले की तीन विधानसभाओं की शून्यता समाप्त होगी।

पेज 1 का शेष

वंदे मातरम् का विरोध...

हो रही है तब कल कुछ सदस्यों ने लोकसभा में सवाल किया था इस चर्चा की जरूरत क्या है। चर्चा की जरूरत वंदे मातरम् के प्रति समर्पण के प्रति जरूरत जब यह बना तब भी थी और अब भी है।

लोक सभा में राहुल ने कहा-..

देखते हैं, अगर वोट नहीं होगा तो ये सब भी नहीं होंगे।

राहुल ने कहा- 'सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। मैं बैठा था, एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफ मैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसंबर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किया गया। सीसीटीवी और डेटा को लेकर नियम बदले गए। सत्ता के साथ चुनाव आयोग का तालमेल है। यह डेटा का सवाल नहीं, चुनाव का सवाल है। मेरे पास इसके सबूत हैं। बीजेपी लोकतंत्र को डैमेज करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के अन्य सांसद क्या बोले...

भारत ने 101 रन से ...

बनाए। अभिषेक शर्मा ने 17 और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 12 रन का योगदान दिया।

एनगिडी ने 3 विकेट झटके साउथ अफ्रीका की तरफसे लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट चटकाए। लूथो सिपामला को 2 विकेट मिला। एक विकेट डोनोवन फरेरा के हिस्से आया। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को कटक में खेले गए पहले टी20 मैच में 101 रनों के बड़े अंतर से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक पांड्या के नाबाद अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 12.3 ओवर में 74 रन पर ढेर हो गई।

दीपेन चावड़ा के खिलाफ...

विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ) में चालान पेश किया जा चुका है।

माइक्रोसॉफ्ट का एआई सेक्टर ...

का समर्थन करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है, जो एशिया में हमारा अब तक का सबसे बड़ा निवेश है, ताकि भारत के एआई-प्रधान भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मदद मिल सके।

माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने पोस्ट में पीएम मोदी के साथ मुलाकात की फोटो भी शेयर की।

इससे पहले अमेरिकी टेक दिग्गज ने जनवरी में भारत में अगले दो वर्षों में क्लाउड और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा था कि वह अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को एआई कौशल का प्रशिक्षण देकर देश की दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देगा।

शीर्ष कंपनियों के सीईओ ने ...

को आगे बढ़ाने पर एक प्रेरक बातचीत की।

वहीं, रवि कुमार एस ने एक अलग पोस्ट में कहा कि भारत के एआई-फर्स्ट रोडमैप, वैश्विक उद्यमों द्वारा एआई अपनाने की गति को तेज करने की आवश्यकता, एआई क्षमताओं के निर्माण हेतु शिक्षा और कौशल सुधारों और समावेशी विकास के लिए उत्पादकता में वृद्धि पर एक प्रेरणादायक बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर चुके हैं। सत्य नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है, जो एशिया में हमारा अब तक का सबसे बड़ा निवेश है, ताकि भारत के एआई-प्रधान भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मदद मिल सके।

मुख्य सचिव ने प्रशासनिक...

से विस्तृत मत मांगा गया है। मुख्य सचिव ने विधानसभा में घोषित योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और कहा कि बजट घोषणाओं पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए। ई-ऑफिस और ऑनलाइन एसीआर की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी वर्ष तक सभी जिला कार्यालयों को ई-ऑफिस से जोड़ा जाए और आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली सभी विभागों में सख्ती से लागू की जाए। द्ग-॥क्ररूस् पोर्टल पर सभी कर्मचारियों के ऑनबोर्डिंग की जिम्मेदारी विभागीय स्थापना शाखाओं को दी गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी सचिवों को अपने-अपने विभागों के लिए तीन वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि योजनाएं व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ सकें। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि 31 दिसंबर तक सभी विभागों को लंबित प्रशासनिक स्वीकृतियां, भुगतान और निर्धारित कार्य प्रगति को हर हाल में पूरा करना होगा। उन्होंने विभागवार टारगेट खुद नोट किए और कहा कि अगले महीने दोबारा समीक्षा होगी, जिसमें केवल वास्तविक प्रगति ही स्वीकार की जाएगी।

अवैध धान परिवहन पर झलमला पुलिस की कार्रवाई, वाहन सहित 14 क्विंटल धान जब्त

कबीरधाम/नवप्रदेश। थाना झलमला पुलिस ने मंगलवार देर रात अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से धान परिवहन करते एक वाहन को जप्त किया। यह कार्रवाई ग्राम समनापुर क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर अवैध धान परिवहन कर रहे पीकअप वाहन क्रमांक ष्टत्र 07 ष्टश्व 4920 को रोका। वाहन चालक विजय बसंत पिता गुरुमुख बसंत (उम्र 33), निवासी छपला थाना बिरसा, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) से पूछताछ की गई, जिसमें वह परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। संदेह पुख्ता पाए जाने पर पुलिस ने मौके से वाहन जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये तथा 14 क्विंटल धान जिसकी कीमत लगभग 44 हजार रुपये, कुल मिलाकर 2 लाख 44 हजार रुपये का माल जप्त किया। मामले में थाना झलमला में इस्तगाशा क्रमांक 01/2025 धारा 106 भा.ना.सु. सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की विवेचना जारी है। थाना झलमला पुलिस ने बताया कि अवैध कारोबार एवं परिवहन पर रोक लगाने ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

भाजपा की जिला स्तरीय बैठक आज

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महासमुंद जिला संगठन द्वारा 10 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक भाजपा प्रदेश मंत्री एवं नवनियुक्त महासमुंद जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल के प्रथम जिला आगमन के पर रखी गई है। जिला स्तर परपरिचयात्मक,संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर इस बैठक में विस्तार से चर्चा होगी।

बैठक दोपहर 2:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय, महासमुंद में सम्पन्न होगी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद एवं पूर्व सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष, निगम एवं आयोगों के अध्यक्ष, नव नियुक्त जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्षङ्कमहामंत्री, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य तथा सभी मोर्चा जिला अध्यक्षङ्कमहामंत्री मौजूद रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महामंत्री थानसिंह दीवान एवं जीतेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि यह बैठक संगठन को मजबूत करने और जिले में पार्टी की आगामी योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

परिचय सम्मेलन में पिथौरा समाज की सहभागिता पर बनी सहमति

पिथौरा/नवप्रदेश। अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए 10 और 11 जनवरी 2026 को निरंजन लाल रामस्वरूप भवन, रायपुर में प्रस्तावित अग्रवाल एजुकेटेड विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु आयोजकों की केंद्रीय टीम ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में, आयोजक टीम ने पिथौरा अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें पिथौरा समाज की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

रायपुर से आए केंद्रीय टीम का नेतृत्व कर रहे कन्हैया अग्रवाल ने पिथौरा के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि विवाह योग्य आयु वर्ग के प्रत्येक युवक और युवती

अग्रवाल परिचय सम्मेलन

इस प्रतिष्ठित परिचय सम्मेलन में अनिवार्य रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश भर से बड़ी तादाद में अग्रवाल समाज के लोगों को एक मंच पर लाएगा।यह भव्य आयोजन वैवाहिक रिश्ते जोड़ने के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सशक्त मंच साबित हो सकता है। युवाओं को अपने जीवन साथी चुनने के लिए इससे बेहतर अवसर नहीं मिलेगा कन्हैया अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित अग्रबंधुओं से कहा।

अध्यक्ष अनुप अग्रवाल ने केंद्रीय पदाधिकारियों को पूर्ण आश्वासन दिया कि पिथौरा क्षेत्र से इस महत्वपूर्ण आयोजन में पर्याप्त संख्या में लोग शामिल होंगे और वे सम्मेलन को सफल बनाने में हर संभव सहयोग करेंगे।

इस बैठक में पिथौरा अग्रवाल समाज के कई प्रमुख और सक्रिय पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से रमेश चंद्र अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, रेदास गोयल, नरेश सिंघल, कैलाश अग्रवाल, राजेश गोयल, संदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल (टुकटुक) सहित कई अन्य अग्रबंधु शामिल थे।

समाज ने दिया पूरा समर्थन

बैठक को संबोधित करते हुए, अग्रवाल समाज पिथौरा के अध्यक्ष अनुप अग्रवाल ने इस पहल की सराहना की और इसे 'अनुकरणीय पहल' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन समाज के विवाह योग्य युवा-युवतियों को उनके मनोनुकूल जीवन साथी चुनने में अच्छी मदद करेंगे और रिश्ते ढूंढने की प्रक्रिया को सरल बनाएंगे।

बाड़ी से 4 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने ग्राम आमापाली में परीक्षित राणा के घर की बाड़ी से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है । आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक को बाइक की ठोकर, घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। मॉर्निंग वॉक पर गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम पड़कीपाली निवासी कृष्णचंद बरिहा ने बताया कि 07 दिसंबर की सुबह लगभग 5 बजे उसका बेटा मनोज कुमार बरिहा अपने दोस्तों कोमल निषाद, डोलामणि चौधरी के साथ में मॉर्निंग वॉक करते पड़कीपाली नाला की ओर जा रहा था, तभी पीछे से बाइक सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजी 5805 के चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे मनोज बरिहा के सिर व बांये पैर में चोटें आई है। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), अन्य विधान व धाराएं 184 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने बैदपाली चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बैदपाली रोड ताजनगर सरायपाली निवासी गिरधारी वैष्णव से 20 लीटर देशी महुआ शराब (कीमत 4 हजार रुपए) बरामद की है। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

जेजेएम योजना की टंकी बनी न पाइपलाइन बिछाई कैसे मिलेगा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल

■ साफ पानी की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर जनदर्शन में जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 के ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकियों के अधूरे काम को पूरा कराकर ग्रामवासियों को साफ पानी की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे।

ग्रामीणों ने बताया कि जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 के ग्राम कौदकेरा, बनसिवनी, नवाडीह, सोरिद, चोरभटठी, कांपा, परसवानी, गोपालपुर, मुस्की, खट्टीडीह में कुछ गांवों को छोड़कर, अब तक न पानी टंकी निर्माण का काम पूरा हुआ है और ना ही पाइपलाइन विस्तारीकरण का काम पूरा हो पाया है, कुछ गांव में पानी टंकियों की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर शिकायत है साथ ही कई जगहों में टंकी को भरने के लिए अब तक बोर खनन तक नहीं हुआ है। ऐसे में केन्द्र सरकार की महती योजना का लाभ दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचल के साथ क्षेत्र के ग्रामों को नहीं मिल पा रहा है, जिससे गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है। ग्रामीणों ने ग्रीष्मकाल पूर्व गुणवत्तापूर्ण कार्य समय-सीमा में पूरा करा कर हर घर तक साफ पानी पहुंचाना सुनिश्चित कराने व लापरवाह ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई कर अन्य ठेकेदार के माध्यम से काम को पूरा कराने की मांग की है।

हाईस्कूल निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग

ग्राम सोरिद के ग्रामीण गांव में हाईस्कूल निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंचे। ग्रामीण मनहरण यादव, कमलेश चंद्राकर, लच्छन यादव,गणेशराम व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सोरिद आदिवासी कमार बाहुल्य ग्राम है एवं आस-पास के वन ग्रामों में से प्रमुख है। यहाँ पिछले 4 वर्षों से हाई स्कूल खोले जाने हेतु राशि की स्वीकृति होने के बाद भी आज तक स्कूल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जिससे पंचायत भवन में हाईस्कूल संचालित कराया जा रहा है। 4 बार टेंडर उपरांत कार्य प्रारंभ न होने से टेंडर निरस्त हो चुके और बजट बढ़ता जा रहा है। बहुत से कमार व आदिवासी बच्चे-बच्चियां स्कूल पढ़ाई छोड़ दी है। ग्रामीणों ने हाईस्कूल भवन निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है।

कोडार से पानी देने की मांग

ग्राम कौंदकेरा, नवाडीह, सोरिद, चोरभट्ठी, कांपा परसवानी के ग्रामीणों ने आज कलेक्टर जनदर्शन में कोडार बांध से ग्रीष्मकाल में धान फसल की सिंचाई के लिए पानी मांग की। उन्होंने बताया कि कोडार जलाशय में वर्तमान में पर्याप्त पानी उपलब्ध है रोटेशन सिंचाई व्यवस्था के तहत इस वर्ष बाएं तट के किसानों को पानी देने का प्रावधान है। चूंकि इस समय मुख्य नहर, सहायक नहर एवं कुछ वितरक नहरों में लाइनिंग कार्य होना बताया जा रहा है। लेकिन इस वर्ष किसानों को काफी क्षति हुई है और रोटेशन पद्धति के अनुसार बाएं तट के किसानों को पानी दिया जाना है।

सीएमओ और अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया कांग्रेसी पार्षदों ने

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मनमानी के विरोध में कुरुद को बचाने के लिए कुरूद की जनता के हित में विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने कांग्रेस पार्षदों के द्वारा आज़ सें बजरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छाया चित्र में माल्यार्पण करके राष्ट्रगान गाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन में नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा धरना स्थल पर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की उपस्थिति ने साबित कर दिया कि अब शहर की दिशा व भविष्य जनता तय करेगी। जब तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू ने कहाँ कि, कुरुद नगर ने अपने प्रतिनिधि के रूप मे अपने पसंद का जनप्रतिनिधि चुन कर परिषद मे भेजा है किन्तु नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है ।पार्षद

मनीष साहू ने कहा कि परिषद के सहमति के बिना कार्यकाल को केनाल रोड में स्थानांतरित करना जनहित के विपरीत है! पार्षद राखी चंद्राकर ने भी सभा को संबोधित किया! पहले दिन अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में आशीष शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेस प्रहलाद चंद्राकर , पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू , मंजू साहू, उत्तम साहू, राखी चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव, शारदा देवी साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, प्रमोद साहू पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, जिला युकाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, पूर्व पार्षद गण चुम्मन दीवान, रोशन जांगड़े, राघवेंद्र सोनी महिम शुक्ला, तुकेश साहू, त्रिलोचन, श्रवण नेताम, गणेश तेमन मदन लाल, धनुष सहित नगर के व्यापारियों ने अपना समर्थन दिया !

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पारस ने जीता स्वर्ण पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। ई. राघवेंद्र राव शासकीय स्नात. विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र पारस तारक ने 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पारस ने 100 मीटर दौड़ 10.80 सेकंड में पूरा कर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। वहीं वेद प्रकाश पटेल ने भाला फेंक में 45.44 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक प्राप्त किया।

ग्रामीणों का तुषार ने किया सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम लाफिनखुर्द में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने वरिष्ठ नागरिकों का गमछा व फ्ल भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि नई पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाने के लिए बुजुर्गों का योगदान हमेशा रहता है। आज भी बुजुर्गों के अनुभव और सीख को आत्मसात कर भावी पीढ़ी नई सोच के साथ विकास की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को हर दिन मान-सम्मान देकर उनकी सीख और अनुभवों का लाभ लेना चाहिए।

वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधक भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

महासमंद/।नवप्रदेश। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति सिंघरूपाली, चिरको, मुनगासेर, गढ़फूलझर, जेवरा एवं आमाकोनी में रिक्त प्रबंधक पदों की भर्ती के लिए 19 सितंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों की छंटनी के पश्चात पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची संबंधित समिति कार्यालयों एवं वनमण्डल महासमुन्द के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इसके साथ ही सूची संघ मुख्यालय की वेबसाईट तथा जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कर दी गई है। जिन आवेदकों को जारी पात्र एवं अपात्र सूची पर किसी प्रकार की आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो, वे 15 दिसंबर 2025 दोपहर 5:30 बजे तक जिला यूनियन महासमुन्द कार्यालय में अपने दावा-आपत्ति पत्र जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 2012 में प्रभारी मंत्री पुन्नूलाल मोहिले की घोषणा पर आज तक अमल नहीं हुआ

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला के छुरा नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13;14;15 के मकानों के छत के उपर से 11 के व्ही विद्युत लाइन को मोहल्ले वासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख रुपये स्वीकृति की घोषणा किया मंत्री के घोषणा पर उपस्थित जन समूहों ने तालियों की गडगडाहट से मंत्री जी की घोषणा का स्वागत किया ! लेकिन मंत्री के घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ , मंत्री ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग मोहल्ले वासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है मंत्री की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें तब मंत्री

की घोषणा पूरा होगा,मोहल्ले वासी जब जब मंत्री मुख्यमंत्री कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते हैं तब तब बिजली विभाग के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं। मंत्री की घोषणा पूरा करने के लिए जनता की जेब खाली होने के कारण समस्या का समाधान के लिये कलेक्टर आफिस से बिजली विभाग,नगर पंचायत छुरा के बीच बारह साल से कागजी कार्यवाही कछुआ गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल , सांसद, विधायक तत्कालीन कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पुनः स्मरण कराया गया है क्या घोषणा पर अमल हो गा कि पांच साल तक कागजी घोषणा दौडेगा।

2 सप्ताह बीत गए किसान परेशान, प्रशासन खामोश

■ धमधा में टावर विवाद: बिना मुआवजा खेतों में घुसी कंपनी, खड़ी फसल रौंदीज किसानों का फूटा गुस्सा

धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के गोबरा पेंड्री गांव में बिजली टावर निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि CSPTCL के प्रोजेक्ट पर काम कर रही यूनिक स्ट्रक्कर एंड टॉवर लिमिटेड के कर्मचारी बिना सूचना और बिना मुआवजा दिए सीधे खेतों में घुस गए और खड़ी फसल रौंदते हुए टावर लगाने का काम शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि न कोई नोटिस मिला, न सर्वे हुआ और न मुआवजे की रकम तय की गई, इसके बावजूद भारी मशीनें और वाहन खेतों में चलाए गए, जिससे उनकी मेहनत की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि टावर की नींव खोदने के दौरान लगभग 40-50 कट्टा धान बर्बाद हो गया। इसके साथ ही खेतों में लगी टमाटर, सेमी, भिंडी और राहर जैसी मौसमी

सब्जियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार कंपनी के कर्मचारी विरोध करने पर उन्हें डरा-धमकाते हैं और कहते हैं कि यह सरकारी काम है और चाहे किसानों की सहमति हो या न हो, काम हर हाल में होगा। किसानों ने कई बार काम रुकवाने की कोशिश की, लेकिन ऊपर से आदेश का हवाला देकर कार्य जारी रखा गया। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र के 150 से अधिक किसान प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन अब तक किसी को एक रुपया भी मुआवज़ा नहीं मिला है। गोबरा पेंड्री के प्रभावित किसान–खिलावन सिन्हा, मोहित यादव, नंदकुमार साहू, चौवन चक्रधारी, इतवारी साहू, साधुराम साहू और उमेद लाल साहू–का कहना है कि मुआवज़ा देने का वादा तो किया गया था, लेकिन न कोई रेट तय हुआ और न ही कोई कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। किसानों में यह डर बढ़ रहा है कि अगर बिना अनुमति किसी के खेत में ऐसे ही टावर लगाया जा सकता है, तो आगे और भी खेत खतरे में पड़ सकते हैं। किसानों ने तहसीलदार पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि फसल नुकसान का मूल्यांकन प्राकृतिक आपदाओं में तय की जाने वाली न्यूनतम सरकारी दरों पर किया जा रहा है, जबकि नुकसान आपदा से नहीं बल्कि कंपनी के निर्माण कार्य से हुआ है।

अटल बिहारी की स्मृति में अटल कप का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 101वीं जयंती को यादगार बनाने मिनी स्टेडियम में अटल कप रात्रिकालीन क्रिकेट का आयोजन पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद महेंद्र जैन ,दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, रविंद्र जैन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा संजय श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रतियोगिता उस महान व्यक्ति के याद में किया जा रहा है जिनके द्वारा नवंबर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की गई थी। आयोजक मंडल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया । पश्चात दो मैच खेले गए। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी व आभार प्रदर्शन दिनेश रूपरेला ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि चंद्रहास चंद्राकर, सरला कोसरिया, ऐतराम साहू, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, इंद्रजीत सिंह खालसा, वरुण साहू के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, संदीप घोष, किरण ढीढी, आनंद साहू, आशुतोष जोशी आदि मौजूद रहे।

नपाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव का हुआ आतिशी स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम महासमुंद आगमन पर स्थानीय ओवर ब्रिज के समीप नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। श्री साहू ने भव्य गज़माला पहनाकर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्री यादव का स्वागत, सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला संगठन श्री यादव के नेतृत्व में एकजुट होगा। तथा आगामी विस चुनाव में

जिले के चारों विधान सभा कांग्रेस के झोली में आएगी। स्वागत के दौरान आतिशबाजी, ढोल ताशे, डीजे की धुन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गगन भेदी नारे लगाकर श्री यादव व कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, सौरभ लोधी युकां विधानसभा अध्यक्ष, युवा नेता आकाश ठाकुर, मैंडी साहू युकां नेता झलप, कान्हा प्रधान, बिट्टू साहू, मनीष यादव, हितेश शर्मा, मनोज यादव, दिपेश ध्रुव, सितेश साहू, आयुष भोसले, रमेश राव, फलेंद्र निषाद, आदेश राठौर, मनोज पटेल, पुष्कर साहू, अब्दुल सुफियान, सम्मी खान, मनोज पटेल, अरूण हियाल आदि उपस्थित थे।

भूमिपूजन | **निर्धारित मात्रा से अधिक तौल पाए जाने पर समिति प्रबंधक के खिलाफहोगी कार्रवाई**

कलेक्टर का अफसरों को दो टूक, किसानों का धान निर्धारित मात्रा में ही तौल करें

महासमुंद/नवप्रदेश। धान तौलाई 40 किलो 700 ग्राम निर्धारित मानक के अनुसार किया जाना है। निर्धारित मात्रा से अधिक तौल पाए जाने पर संबंधित समिति प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें समय सीमा की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अफसरों से कही है। उन्होंने धान लोडिंग के दौरान वीडियो बनाने, धर्मकांटा तौल और वाहन लोडिंग करते हुए तस्वीरें लेने तथा पूरी प्रक्रिया का शॉर्ट वीडियो बनाने को भी कहा है। धान परिवहन के रीसाइक्लि रोकने पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को आवश्यक सतर्कता बरतने को कहा है।

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की प्रगति, अवैध परिवहन नियंत्रण, ई-केवाईसी, स्वच्छता मिशन, मनरेगा एवं आवास योजनाओं सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभागीय जिलाधिकारी, जनपद

सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि पूरी खरीदी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन वीसी के माध्यम से धान खरीदी समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हों और अपने-अपने उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को टोकन काटने एवं एग्रीस्टेक पंजीयन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नोडल अधिकारी और समिति प्रबंधन किसानों से सतत संवाद बनाए रखें, टोकन, नमी जांच, मिलान पर्ची, तौल व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों और ऑनलाइन एंट्री व्यवस्था को हर समय सक्रिय स्थिति में रखें। उन्होंने जिले के 16 चेकपोस्टों में धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने, संदेहास्पद वाहनों की जांच करने और अवैध परिवहन करते पाए जाने पर तत्काल वाहन सीज कर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। जप्त धान को अनिवार्य रूप से थाना में सुपुर्द करने और हर सप्ताह भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। एग्रीस्टेक एप की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जाएगा और जिन किसानों की रकबा/वारिसान प्रविष्टियों में त्रुटियां हैं, उनका सत्यापन शीघ्र पूरा किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में मुनादी कर छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराया जाए। उन्होंने किसानों से पराली नहीं जलाने का अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसा पाए जाने पर एनजीटी के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी और अर्थदंड भी लगाया जा सकता है। किसानों से पैरा दान करने या पशुधन को चारा उपलब्ध कराने की अपील की गई।मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा में कलेक्टर ने एआरओ और ईआरओ को निर्देश दिए कि गणना एवं घोषणा पत्रों के साथ शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें। पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

नगर साहू समाज संघ कोपरा में युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष बने राजू साहू

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। नगर साहू समाज संघ कोपरा के युवा प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया। इस अवसर पर नगर साहू संघ के अध्यक्ष यशवंत साहू ने सर्वसम्मति से राजू साहू को उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। यह जिम्मेदारी वरिष्ठ समाजसेवी और पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सौंपी गई। सभी ने नव नियुक्त उपाध्यक्ष में विश्वास जताते हुए कहा कि यह निर्णय युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने में अहम कदम हैं।नियुक्ति के बाद उपस्थित पदाधिकारियों ने राजू साहू को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाते हुए समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम में समाज की युवा शक्ति को संगठित करने और विकास की दिशा में कार्यरत रहने का संकल्प भी दोहराया गया। इस अवसर पर शशिकला साहू, अश्वनी साहू, नोखेलाल साहू, राजेश साहू, रवि साहू, शेष नारायण साहू, कमल साहू सहित सामाजिक बंधू गण एवम सर्वसमाज के लोगों ने भी बधाई दी हैं।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ नगरी द्वारा अर्धवार्षिकी एवं नव पदोन्नत शिक्षकों का सम्मान

■ डाइट नगरी में शिक्षक समाज की आत्मा हैं; उनका सम्मान वास्तव में ज्ञान, संस्कार और भविष्य का सम्मान है

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विकासखण्ड नगरी द्वारा डाइट नगरी में अर्धवार्षिकी पूर्ण कर चुके शिक्षकों तथा नव पदोन्नत प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों का सम्मान समारोह बड़े ही भव्य एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के. आर. साहू, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश्वरी ध्रूव, ब्लॉक समन्वयक प्रकाश साहू तथा प्रभारी प्राचार्य डी. के. साहू उपस्थित थे। जिसमें माँ सरस्वती की वंदना से शुभारंभ

समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजन-अर्चना एवं वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत कमार आश्रम की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। अर्धवार्षिकी पूर्ण करने वाले वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह में शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर जिन वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया, वे इस प्रकार हैं–ज्योतिकांत साहू, हरलाल नेताम, रामू लाल साहू, भानु कुमार देव, बिसरू राम नागेश, महेश कुमार नागेश, मोहन लाल साहू, रूपनारायण वर्मा, नवीन चंद्राकर, पतिराम मारकोले, नारद राम ध्रुव, गजराज सिंह ध्रुव, अंकालू राम सलाम, मोहन लाल ध्रुव, चैतू राम कंवर, श्रीमती अहिल्या साहू, नरेश कुमार तिवारी, रूप सिंह साहू, सुखराम छेदईहा, राजेंद्र कुमार यदु, घनश्याम सिंह साहू, श्रीमती साधना तिवारी, डोमार पुरी गोस्वामी, दानी गोपाल डडसेना, कृष्ण कुमार देवांगन, लोकनाथ देव, हरलाल नेताम, आई. एल. साहू। नव पदोन्नत प्राचार्यों का सम्मान - नव पदोन्नति प्राप्त प्राचार्यों को भी शाल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इनमें शामिल हैं– सुश्री शांति पटेल, कंचन सिंह सूर्यवंशी, रामदुलार प्रजापति, लोकेश कुमार मरकाम, महेश्वर सिंह जयसिंधु, मिनेश कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार श्रीवास, श्रीमति कीर्ति लता साहू, श्रीमति कविता यादव, राजेश तिवारी, अमृत लाल साव, कुमार सिंह ध्रुव, रमेश टंडन, मोहन सिंह कुरू, राजेश कुमार कश्यप, धनंजय कुमार कश्यप, राजकुमार ध्रुव।

दावा रहित जमा राशियों के लिए 12 को जिला स्तरीय मेगा शिविर

गरियाबंद/नवप्रदेश। वित्त मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारत के 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों के लिए जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 तक किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से गरियाबंद जिले को चयनित किया गया है। गरियाबंद जिले में कुल 29 हजार 91 खातों में 6 करोड़ रूपयें से अधिक की राशि जमा है। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दावा रहित जमा राशि को उनके सही दावेदारों को प्रदान किया जाना है और अधिक से अधिक आवेदनों का निपटान किया जाना है।

जनदर्शन में कलेक्टर उइके ने 37 आवेदकों की सुनी समस्याएँ

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के दूर.दराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की मांगए समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री उइके ने आज जनदर्शन में 37 लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम धौराकोट के दशरथ नागेश ने विद्युत कनेक्शन लगवानेए ग्राम पिपरछेड़ी की ओमेश्वरी सेवक ने असंगठित कर्मकार मूल्य सहायता योजना का पैसा दिलानेए ग्राम दादरगाँव के रामजी विश्वकर्मा ने वनाधिकार पट्टा प्रदान करानेए ग्राम बाजड़ी की बालमती सोनवानी ने जमा राशि वापस दिलानेए ग्राम नांगझर के बुधुराम तेली ने पशु शेड का पैसा दिलानेए गरियाबंद की चैतीबाई यादव ने अनुदान राशि प्रदान करानेए ग्राम घोटपानी के मदन लाल मरकाम ने वन पट्टा में भौतिक सत्यापन करानेए ग्राम धौराकोट के किशोर कुमार ने उचित जांच करानेए ग्राम छुईहा के पुखराज सिन्हा ने पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान करनेए ग्राम गाड़ाघाट के भागीराम ने बिजली बिल में सुधार करवाने के लिए आवेदन सौंपा। इस पर कलेक्टर श्री उइके ने उपस्थित अधिकारियों को अपने समक्ष बुलाकर आवेदकों के मांग एवं समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रखर चंद्राकरए अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कुकरेल कुरींडीह बासीखाई मार्ग पर सड़क मरम्मत कार्य शुरू

नगरी/नवप्रदेश। कुकरेल कुरींडीह बासीखाई मुख्य मार्ग में 9 किलोमीटर तक पिच रिपेयरिंग कार्य शुरू हो गया है। लंबे समय से खराब सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। अब मरम्मत कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है। जिसमे सड़क मरम्मत के दौरान निर्माण दल द्वारा जगह जगह गड्ढों को भरकर सड़क को समतल किया जा रहा है। मशीनों और श्रमिकों की टीम तेजी से काम में जुटी है, जिससे जल्द ही मार्ग सुगम और सुरक्षित बनने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क सुधरने से न सिर्फ यातायात सुचारू होगा, बल्कि किसानों, छात्रों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है।

पीएम आवास योजना से वंचित 13 परिवार शिकायत करने पहुंचे कलेक्टर जनदर्शन में

■ कलेक्टर ने नपं के सीएमओ को त्वरित निदान करने के दिए आदेश

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बने कोपरा में बीते एक वर्ष में नगर के गरीब तबके के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना की बाट जोह रहे हैं। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन के सुस्त कार्यप्रणाली से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा हैं।

नपं की लापरवाही से गरीब वंचित

नगरीय निकाय चुनाव के बाद गरीब आवासहीन लोगों के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 लाया गया हैं। इस योजना के तहत नगरीय निकाय क्षेत्रों में गरीब परिवारों को उनका आवास का लाभ पिछले अगस्त माह में मिलना शुरू हो गया। लेकिन नगर पंचायत कोपरा के सुस्त रवैया से अब तक नगर के गरीब आवासहीन परिवारों को आवास का लाभ नहीं मिल रहा हैं। वहीं नगर के 13

नवप्रदेश लगातार

ऐसे गरीब परिवार भी है जिन्हें ग्राम पंचायत कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थी घोषित कर कागजों में उनका पक्का आवास बना दिया गया हैं। लेकिन इन हितग्राहियों के खाते में न राशि आया, न आवास बना और तो और इस योजना के संबंध में न ही कोई अधिकारी-कर्मचारी इनके घर में पहुंचा हैं।

ग्रामीण पोर्टल की त्रुटि

ग्रामीण पोर्टल में इसके नाम दर्ज हैं। जिसके कारण इस गरीब परिवारों ने अपने आशियाना के लिए परेशानी हो रही हैं। हकीकत में उन परिवारों का घर अभी भी झोपड़ी युक्त ही हैं। जहां वे जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। अब इन परिवारों की यह चिंता हैं कि अब शहरी आवास योजना का लाभ उन्हें मिलेगा या नही?

पीड़ित आंदोलन करने बाध्य

अब इन हितग्राहियों द्वारा सड़क की लड़ाई लड़ने की तैयारी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में सभी हितग्राही मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंच कर मामले की शिकायत की हैं। कलेक्टर भगवान दास उईके ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर उपस्थित नगर पंचायत के सीएमओ को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इस समस्या का निदान करें।

सीएमओ ने किया पत्राचार, जनपद उदासीन

हालांकि इन हितग्राहियों के शिकायत के बाद मामला गरमाता देख नगर पंचायत सीएमओ श्याम लाल वर्मा द्वारा फिंगेश्वर जनपद सीईओ को पत्र लिखकर कहा कि या तो ग्रामीण पोर्टल से इन 13 हितग्राहियों का नाम को हटाया जाए या साफ-साफलिखकर दिया जाए कि इन्हें ग्रामीण योजना का लाभ मिल चुका है। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी जनपद पंचायत से कोई जवाब नहीं आया।

अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन

इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि ने जनपद सीईओ स्वप्निल ध्रुव व नगर पंचायत के सीएमओ श्यामलाल वर्मा से संपर्क किया गया तो दोनों अधिकारियों ने फोन नही उठाया।

सगाई समारोह की चल रही थी तैयारी पहुंच गई पाण्डुका पुलिस, टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर नाबालिग को किया सूरक्षित

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। पांडुका थाना क्षेत्र में पुलिस और चाइल्ड लाइन 1098 ने संयुक्त कार्रवाई कर नाबालिग बालिका को सुरक्षित किया। टीम ने एक बाल विवाह को रोकने की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की है। यह कार्यवाही महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के निर्देश पर तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में की गई है। विकासखण्ड पाण्डुका के अंतर्गत ग्राम पंचायत घटकर्रा में 07 दिसम्बर 2025 को एक नाबालिग बालिका की सगाई करने की तैयारी की सूचना चाइल्ड लाइन 1098 को दूरभाष से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही चाइल्ड लाइन गरियाबंद से परियोजना समन्वयक श्याम सुंदर नायक, केस वर्कर राज सिदार तथा पाण्डुका पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। टीम द्वारा बालिका एवं परिजनों से विस्तृत पूछताछ की गई तथा आयु सत्यापन के लिए उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की गई। बालिका द्वारा प्रस्तुत कक्षा 8वीं की मार्कशीट के आधार पर उसकी आयु 15 वर्ष 05 माह 10 दिन पाई गई। निर्धारित 7 दिसम्बर 2025 को उसकी सगाई की जानी थी, जो स्पष्ट रूप से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 का उल्लंघन है। इस अधिनियम के प्रावधानानुसार विवाह के लिए बालिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष अनिवार्य है। अधिनियम का उल्लंघन करते हुए नाबालिग बालक-बालिका का विवाह करने, कराने अथवा सहयोग करने वाले सभी व्यक्ति दंड के भागीदार होते है।

जिनके लिए 2 वर्ष तक का कठोर कारावास, 1 लाख रुपये तक का जुर्माना, अथवा दोनों का प्रावधान है। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन टीम द्वारा बालिका, उसके माता-पिता, परिवारजनों सहित उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा इसके शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और भविष्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी देकर समझाइश दी गई।

महानदी की चिंता जनक स्थिति पर आज होगी महत्वपूर्ण बैठक

राजिम/नवप्रदेश। राजिम के पवित्र त्रिवेणी संगम, तथा जीवनदायिनी महानदी की लगातार खराब होती स्वच्छता स्थिति अब क्षेत्रवासियों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नदी तटों पर बढ़ता कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट, खुले नालों का गंदा पानी और धार्मिक आयोजनों के बाद शेष अवशेषों से नदी की पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नदी की दुर्दशा आने वाली पीढ़ी और भविष्य के लिए गहरा संकट है। नदी में जमी हुई गाद विकराल रूप लेकर नदी के अस्तित्व को धीरे धीरे समाप्त कर रही है। गाद, सिल्ट, मिट्टी, मुरुम और रेत खनन से महानदी की धार में अवरोध पैदा हो रहा है। नदी के ऊपर से नीचे तक हिस्से में पूरी तरह से गाद ही गाद दिखाई देता है।

इसी चिंताजनक स्थिति को देखते हुए राजिम विधायक रोहित साहू की पहल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य त्रिवेणी संगम और महानदी की स्वच्छता, संरक्षण एवं सतत् नदी प्रबंधन को लेकर ठोस रणनीति तैयार करना है। बैठक विश्रामगृह, राजिम में आज 10 दिसंबर 2025, बुधवार को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। विधायक ने बैठक में जिला पंचायत, नगरपालिका, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत गरियाबंद, साथ ही नगरपालिका परिषद गोबरा-नवापारा एवं जनपद पंचायत मगरलोड के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्र के धार्मिक-सामाजिक संगठन, पत्रकार, युवा साथी, पर्यावरण कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया है।

कंडम सामग्रियों की नीलामी 7 जनवरी को

महासमुंद। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन की सरकारी निष्प्रयोज (कंडम) सामग्रियों की 7 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे नीलामी की जाएगी। नीलामी कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना महासमुंद में होगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि से एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री का अवलोकन कर सकते हैं। खरीददार को बोली लगाने के पूर्व एक हजार रुपए नगद राशि कार्यालय में जमा करनी होगी।

पुलिस की लापरवाही के चलते आधी रात को चोरों का धावा

सीसीटीवी में चार चोरों की तस्वीर कैद

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा में बीते चार माह में चोरों के द्वारा किराना दुकान एवम मोबाईल दुकान में चोरों के द्वारा धावा बोला गया था। उसके बाद भी पुलिस अब तक चोरों को पकड़ नहीं पाई हैं। बीते चार माह में चोरी की घटना लगातर घट रही हैं।बीते दिनों चोरों के द्वारा तारक चिकन सेंटर, किराना दुकान, मोबाईल दुकान में धावा बोलकर जरुरी सामान पर हाथ साफ किया। वहीं सोमवर को कोपरा नगर के बाजार में दो व्यक्ति धनंजय साहू, कुरुद निवासी चेतन साहू के मोबाईल को बाजार से चोरों ने चोरी किया। बीते सोमवर रात को चोरों ने महेंद्र सिन्हा, मिलन तारक के घर से जरूरी समान को चोरी किया हैं। बर्तन समान, गोपाल जी की चांदी की मूर्ति सहित घर के सभी कमरों की लाकर में रखें जरूरी समान को लेकर चोर भाग निकले साथ ही सूने मकान में रखें टीवी, गैस चूल्हा सहित अन्य जरूरी सामानों को तोड़ फोड़ कर चलते बने। साथ ही नगर के दो और स्थानों साहू पारा, गांधी चौक में खड़ी

मोटर सायकिल, नीरज साहू एवम मुन्ना सोनी के मोटर सायकिल को लेकर जाते हुए कैमरे में दिख रहे हैं, लेकिन कोपरा बस स्टैण्ड पास चन्दन मेडिकल स्टोर के सामने ही गाड़ी को छोड़ भाग निकले दूसरी गाड़ी को तोड़ फोड़ कर तर्रा मार्ग रास्ते में छोड़ कर भाग निकले। इस घटना की जानकारी महेंद्र सिन्हा के द्वारा पाण्डुका पुलिस थाना में देने के बाद पाण्डुका पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंच कर जांच में जुट गई हैं। वहीं नगर में लगे बस स्टैण्ड गांधी चौक, राधा कृष्ण मंदिर घटना स्थल पास लगे दुकान के सीसीटीवी फूटेज खंगालने में लगे हैं। इस घटना को बीती रात चोरों ने अंजाम दिया। नगर में चोरी की घटना अधिकतर 12 से 3 बजे के बीच हों रही हैं।

प्रमुख चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग

नगर के प्रमुख चौक चौराहे में सीसीटीवी लगने की मांग नगरवासी कर रहें हैं। नगर पंचायत चुनाव में नगर अध्यक्ष रूपनारायण साहू द्वारा अपने घोषणा पत्र नगर के प्रमुख चौक में सीसीटीवी कैमरा लगवाने की बात कही थी। अब इस मांग पर आवाज उठाते हुए नगरवासी प्रमुख चौक पर कैमरा लगाने की मांग कर रहें हैं।

अवैध कब्जों के चलते शहर की सड़कों की चौड़ाई हुई कम

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर में इन दिनो प्रशासनिक ठोस कार्यवाही के अभाव में लोग बेखौफ होकर सड़क किनारे अवैध कब्जा से पक्के निर्माण कार्य करके व्यावसायिक कांपलेक्स अवैध चबूतरा निर्माण पार्किंग स्थल बना रहे है। जिसके कारण मुख्य मार्ग की सड़क की चोड़ाई कम हो रही है खासकर पुलिस थाना से लेकर गोविन्द चौक , सदर बाजार, पंचायती मंदिर, जैन मंदिर, सती मदिर से लेकर कालेज पहुच मार्ग की मुख्य सड़क पर दोनो छोर से अनेक साधन सपन्न लोग अवैध कब्जा करके खुलेआम प्रशासन को चुनौती दे रहे है एक तो पहले से बड़े पैमाने पर कब्जा किये जाने के कारण शहर थाना से लेकर बस स्टैड तक आने वाली सदर बाजार की मुख्य सड़क जो 1935 में 110 फीट चैड़ी थी। वह अब मात्र 39 फीट चैड़ी बची है उसपर भी लोग अपने अवैध निर्माण कर सड़क की चैडाई को कम कर रहे है। और यातायात को बाधित कर रहे है प्रशासनिक ठोस कार्यवाही के अभाव में अवैध कब्जा करने वाले बकायदा सड़क पर सरिया व सीमेट से कालम खड़े कर प्रशासन को कार्यवाही के लिए चुनौती दे रहे है।

पालिका का लोकनिर्माण विभाग इस दिशा में अवैध कब्जा करने वालो को नोटिस तामिल करने व अवैध कब्जा तोड़ने के दिशा मे कार्य करने के बजाय कुंभकरणीय निंदा में सोया हुआ है। जिससे अवैध कब्जा दिनदुनी रात चोगुनी रफ्तार से हो रहा है। अवैध कब्जा की चपेट में महत्वपूर्ण सड़क गौठान नहर, नाली, नाला खेल मैदान, व कब्रिस्तान भी सुरक्षित नही बचा है। शहर में गुरूनानक वार्ड, पंचशील नगर, टेहकाभाटा अवैध कब्जा करने वालो के लिए सबसे सुरक्षित जगह बन गया है। यहा पर प्रशासन का कोई भी दखल नही होने से करोड़ो रूपये की शासकीय जमीन को लोग अवैध कब्जा से हथिया रहे है।

प्रशासन सख्त... अवैध परिवहन पर सख्ती, चेक पोस्टों की निगरानी मजबूत करने के निर्देश

कलेक्टर ने समय.सीमा बैठक में धान खरीदी व मतदाता पुनरीक्षण की समीक्षा की

■ बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्यए पालन न करने पर होगी कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आज जिले के सभी जिलाधिकारियों की समय.सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमए धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ,प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत सभी विभाग के जिला अधिकारीए एसडीएमए तहसीलदार, जनपद सीईओए नगरीय निकायों के सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर , उइके ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आबंटित उपार्जन केन्द्रों का समय.समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आएए इसके लिए किसानों से लगातार चर्चा करते रहें। उन्होंने कहा कि किसानों की खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी

और सहज बने रहेए इसके साथ ही निगरानी टीमों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। खरीदी केंद्रों में आवश्यक संसाधनए धान की नमी जांचए तौल उपकरणए मिलान पर्ची व्यवस्थाए ऑनलाइन एंट्रीए और तौल प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने.अपने केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करने टोकन की जानकारीए स्टेकिंग आदि की जानकारी रखने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने चेक पोस्टों के माध्यम से ड्यूटीरत अधिकारियों को धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को चेकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने कहा है। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि सभी अवैध जप्त धान को थाना में अनिवार्य रुप से सुपुर्द करें। उन्होंने हर सप्ताह भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक एप के माध्यम से जिन किसानों का पंजीयन हुआ है। उनका धान खरीदा जाएगा। एप के माध्यम से जिन किसानों के रकबा एंट्रीए वारिसान पंजीयन में त्रुटि हुआ है उनका सत्यापन भी जारी है। पीवी एप से संबंधित सत्यापन का कार्य जारी है। इसलिए किसान यदि पंजीकृत हैए तो उनका धान खरीदा जाएगा। कलेक्टर उइके ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एआरओ एवं ईआरओ को भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशानुसार पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने जिले के अधिकारी.कर्मचारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन इसकी समीक्षा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा की जा रही है।

शाप्राशा साहनीखार में उत्साहपूर्ण वातावरण में बाल मेला संपन्न

■ मुख्य अतिथि सार्वा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला साहनीखार में आयोजित बाल मेला उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा उपस्थित थे। उन्होंने मेले में बच्चों द्वारा लगाई गई विभिन्न शिक्षणङ्कमनोरंजन आधारित दुकानों का अवलोकन किया, बच्चों से आत्मीय बातचीत की तथा उनसे सामग्री खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया। मेले में परोसे गए व्यंजनों का स्वाद लेते हुए उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को भी व्यंजन परोसे। सार्वा ने कहा कि विद्यालयों में आयोजित बाल मेले बच्चों के सर्वांगीण विकास का

प्रभावी माध्यम है। इससे बच्चों में व्यापार, संवाद कौशल एवं लेन-देन की व्यवहारिक समझ विकसित होती है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय परिसर में अहाता निर्माण की मांग को शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हायर सेकेंडरी स्कूल बिरगुड़ी के प्राचार्य मोहन कुर्रे ने की।

जिले में 31 दिसम्बर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान शुरू

मितानिनों द्वारा घर.घर सर्वे कर संभावित मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् यूणएसण् नवरत्न के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में 08 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक सघन कुष्ठ अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिले के कुष्ठ नोडल अधिकरी डॉण् लक्ष्मीकांत जांगड़े ने इस अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताए कि ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के द्वारा घर.घर भ्रमण कर कुष्ठ के संभावित मरीजों की पहचान कर उसकी जांच एवं पुष्टी की जायेगी एवं धनात्मक रोगियों का उपचार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुष्ठ के प्रसार को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि प्रारंभिक अवस्था में ही रोगी की पहचान हो जाने से उसका पूर्ण उपचार कर विकृति से बचाया जा सकता है।

कुष्ठ सर्वे अभियान के सफल संचालन एवं सत्त निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस सघन कृष्ठ खोज अभियान में कुष्ठ रोग की पहचान त्वचा की संवेदना जांच कर रोग की पहचान की जायेगी। कुष्ठ की शंका तब की जाने चाहिए जब शरीर के त्वचा में कोई भी दाग या धब्बा जिसमें सुन्नपन हो त्वचा का रंग उस जगह मे तेलिया एवं तांबिया हो या तेलिया चमकदार चेहराए त्वचा में गठाने एवं मोटापन तथा आँख की पलकों का सामान्य रूप से बंद ना होनाए हांथों एव पैरों के तलवों पर सुन्नपन का अभास होनाए ठण्ड एवं गर्म चीजों को छुने पर अहसास ना होना आदि कुष्ठ के संभावित लक्षण है।

इनमें से कोई भी लक्षण या चिन्ह हो तो तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानीन के पास जा कर अवश्य जांच कराना चाहिए। कुष्ठ की पुष्टि होने के पर इसके पूर्ण उपचार की सुविधा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने हेतु किसी भी प्रकार कुष्ठ की शंका होने पर स्वास्थ्य टीम से जांच करा कर आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

छत्तीसगढ़ की नई गाइडलाइन दरें लागू, गरियाबंद में मार्ग व कंडिकाओं का व्यापक सरलीकरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला पंजीयक ने बताया कि कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा छत्तीसगढ़ गाइडलाईन दरों का निर्धारण नियम 2000 के प्रावधानों के तहत् उन जिलाए जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्तए स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइड लाइन दर वर्ष 2025.26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छ0ग0 रायपुर द्वारा अनुमोदित किया गया।

20 नवम्बर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई है। उन्होंने बताया कि जिला गरियाबंद के नगरीय क्षेत्रों में 7.8 वर्षों से गाइड लाइन दरो में वृद्धि नहीं किये जाने के कारणए संपत्तियों के वास्तविक मूल्य एवं गाइड लाईन दर असंतुलित हो गया। नगर पालिकाए नगर पंचायत क्षेत्र के एक ही मार्ग दरों में असमानताए थी। उस से लगे हुए वार्ड के दरों में असमानता थी। जिसे संतुलित करते हुए सही किया गया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में एक ही मार्ग का दर अलग.अलग वार्डो में असमानता थीए बहुत सी अनुचित कंडिकाएं थी। जिसे विलोपित कर सही किया गया है। पूर्व में जिला गरियाबंद के नगरीय क्षेत्र नगर पालिका गरियाबंदए नगर पंचायत राजिमए छुरा फिंगेश्वर में कुल 60 वार्डो में 119 कंडिकायें थी।

जोरातराई गांव में सौर ऊर्जा लाइटों की समस्या, दो घंटे में हो जाती हैं बंद

रात्रि में गांव की गली अधेरा छा जाता है

ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान की मांग की

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत करही के गांव जोरातराई में लगाए गए सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटें लगातार समस्या दे रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लाइटें शाम को कुछ देर जलने के बाद केवल दो घंटे में ही बंद हो जाती हैं, जिससे रात के समय अंधेरा व्याप्त रहता है और आवागमन में असुविधा होती है। साथ वहां 7 से अधिक बैटरी खराब हो गई है उनके द्वारा बताया कि इसकी जानकारी विभाग को सूचना दिया जा चुका है मगर अभी उसको बदलने को कोई कर्मचारी नहीं आए साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि सौर लाइटों का उद्देश्य गांव में रोशनी बढ़ाना और सुरक्षा सुनिश्चित करना था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण लाइटों का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से तुरंत मरम्मत और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि गांव की मुख्य सड़कें और चौक-चौराहे पूरी रात रोशन रह सकें। जिसमे ऐतवारू मरकाम , दरबारी नेताम, हेमलाल नेताम , जगन्नाथ शोरी , घसियाराम शोरी, समस्त गांव वासियों ने बताया ग्रामीणों ने कहा कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं होता है, तो वे उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने को बाध्य होंगे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202512101000004 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कें. 202512101000004/अ-6/वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक मोहम्मद इमरान खान पिता स्व. इम्तियाज अहमद खान निवासी स?द्भावना चौक सिरसा कोहका रोड मिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख0नं0 7339/4 रकबा 0.010 हे. / 920 वर्गफीट भूमि अलिमा बेगम पति स्व. इम्तियाज अहमद खान के नाम पर दर्ज है। जिसे भूमिस्वमी अपने पुत्र मोहम्मद इमरान खान पिता स्व. इम्तियाज अहमद खान को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। इस आधार पर वसीयतप्राप्तकर्ता अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.12.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र.202412100700117 /अ-06/वर्ष 2025-26

प्रति, चिंताराम यादव पिता दौवाराम यादव निवासी गयानगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग।

विषय : इस न्यायालय का मामला क्रमांक/ 202412100700117/अ-6/वर्ष 2025-2026 में उपस्थित होने बाबत्।

एतद् द्वारा इस नोटिस के जारिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदकगण सनत सोनी, लक्ष्मीन सोनी दोनो के पिता स्व. तुकेन्द्र सोनी. निवासी-मठपारा, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 750/10 रकबा 600 वर्गफीट को बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य रूपये 25,000 /- रूपये भूमि को आवेदक के पिता के द्वारा विक्रेता चिन्ताराम यादव पिता दौवाराम यादव निवासी-गयानगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर आवेदित भूमि का क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण करते हुये एवं आवेदक के पित्ता तुकेन्द्र सोनी पिता स्व. गजाधर प्रसाद सोनी की दिनांक 27/07/2009 को मृत्यु हो जाने तथा माता कमला बाई सोनी पति स्व0 तुकेन्द्र सोनी की दिनांक 22/02/2012 को मृत्यु हो जाने से फौती दर्ज करते हुये सभी विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय राजस्व प्रकरण में पेश किया गया है। जिससे संबंधित क्रमांक / 202412100700117/अ-6/2025-26 इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतएवं इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में आप सुनवाई दिनांक 26.12.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते हैं। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। जिसके लिये आप स्वतः जवाबदार होंगे। आज दिनांक 09.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह सूचना जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202512104700036 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ईश्वरी देवांगन पिता जैराज देवांगन (जाति कोष्टा अ.पि.व.) निवासी सिरसाखुर्द तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा भटगांव प.ह.नं. 06 रा.नि.म. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 616/1, 616/2, रकबा 0.2300, 0.2000 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक की पत्नी श्यामा देवांगन पति ईश्वरी देवांगन के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्यामा देवांगन का स्वर्गवास दिनांक 05/04/2021 को हो जाने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसान- ईश्वरी देवांगन पिता जैराज देवांगन एक ही मात्र वैध वारिसान के रूप में स्वयं का नाम इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान पुत्र/पुत्र नहीं है। दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.10.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुरुषोत्तम सिंह पिता श्री द्वारिका चन्देल, उम्र 52 वर्ष, पता-म.नं. 146, परमेश्वरी नगर, वार्ड नं.05 बीरगांव पो. बीरगांव तह. व जिला रायपुर (छ.ग) का हूं मैंने अपनी पुत्री का पुराना नाम अंशु सिंह चंदेल (ANSHU SINGH CHANDEL) पिता श्री पुरुषोत्तम चंदेल को बदलकर नया नाम हंशु सिंह (HANSHU SINGH) पिता श्री पुरुषोत्तम सिंह रख लिया है। अत: अब मेरी पुत्री को भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम हंशु सिंह (HANSHU SINGH) पिता श्री पुरुषोत्तम सिंह से जाना एवं पहचाना जावे।

शबाना परवीन
अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग
तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्रीमती ए. अम्बिका	रजिस्ट्रेशन नं.

202512100400075/अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती ए. अम्बिका आ./पति श्री एस. मूर्ति निवासी सेक्टर-10 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	248/13	0.0140 हें वर्गफीट 1537	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103900041

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी सुशीला देवी पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, राखी सिंह पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, संतोष सिंह पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, अनीता सिंह पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, सुनीता सिंह पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1372/63(0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशीला देवी पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, राखी सिंह पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, श्रुति सिंह पिता/पति प्रकाश सिंह सिंह पता वार्ड 4 खैरागढ़ जिला राजनांदगांव, संतोष सिंह पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, अनीता सिंह पिता/पति स्व. शिवप्रसाद सिंह पता देशलहरा नगर दुर्ग, सुयश सिंह पिता/पति प्रकाश सिंह सिंह पता वार्ड 4 खैरागढ़ जिला राजनांदगांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202512104700012 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री घनश्याम साहू पिता स्व. यमन लाल साहू उम्र 50 वर्ष निवासी 498/2 प्लॉट नंबर 1, वीआईपी नगर रिसाली नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा स्थित भूमि मौजा ग्राम-जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-434/89 रकबा 0.0100 हे. लगान भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता यमन लाल साहू पिता स्व.श्री दयाराम साहू के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्री यमन लाल साहू का स्वर्गवास दिनांक 10/04/2021, को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसान 1. कलीन साहू (पत्नी) 2. धनन्जय कुमार साहू (पुत्र) 3. घनश्याम साहू (पुत्र) 4. चंद्रशेखर साहू (पुत्र) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1) शिवा सिंह. (2) इंद्राणी, (3) सोमेश्वरी सभी के पिता अनुप सिंह, (4) सरस्वती बाई पति अनुप सिंह, सभी निवासी चंगोराभाठा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के (1) दादा श्री बंशी सिंह ठाकुर पिता बलवान सिंह ठाकुर, (2) पिता श्री अनुप सिंह ठाकुर पिता बंशी सिंह ठाकुर की एक जमीन, जिसका खसरा नं. 182/38, रकबा 1000 वर्गफीट जो कि चंगोराभाठा, प.ह.नं. 59, रा.नि.म. रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), संपत्ति नगर पालिक निगम अंतगर्त में स्थित है, उनके मृत्यु के पश्चात् विरासत हक के रूप से प्राप्त किया था। उक्त संपत्ति को (1) श्री बंशी सिंह ठाकुर पिता बलवान सिंह ठाकुर, (2) श्री अनुप सिंह ठाकुर पिता बंशी सिंह ठाकुर ने प्रेमशंकर साहू पिता रामसिंह साहू से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 25.05.2000 के तहत क्रय किया था। उक्त बयनामा (प्रेमशंकर साहू पिता रामसिंह साहू व (1) श्री बंशी सिंह ठाकुर पिता बलवान सिंह ठाकुर, (2) श्री अनुप सिंह ठाकुर पिता बंशी सिंह ठाकुर) मेरे पक्षकार से गुम हो गया था। इस बाबत् मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 11.11.2025 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। अत: किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित मूल रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 25.05.2000 अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफको सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त मूल रजिस्टर्ड बयनामा से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

शुभ्रो चक्रवर्ती (अधिवक्ता)
वास्ते अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स
12, नगर निगम परिसर सुपेला भिलाई
(छ.ग.) मो. 9302887265

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता दिनेश टंडन (Dinesh Tandan) आत्मज मन्नु लाल टंडन (Mannu Lal Tandan) उम्र 57 निवासी मकान नं. 88 वार्ड नं. 58 उरला दुर्ग तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

यह कि मेरे नाम पर भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमे मेरा नाम सही व सत्य है तथा आधार कार्ड नं 8784 7982 9483 है।

यह कि मै छ.ग. स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के सेवा पुस्तिका मे मेरा नाम दिनेश तान्डे हो गया है जो कि लिपकिय त्रुटी है।

यह कि उक्त शपथपत्र दिनेश तान्डे के स्थान पर दिनेश टंडन राजपत्र गजट में प्रकाशित किये जाने हेतू सक्षम अधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
दिनेश टंडन
आत्मज मन्नु लाल टंडन
निवासी मकान नं. 88 वार्ड नं. 58
उरला दुर्ग तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202512104700009 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हुसना आरा पति इस्तियाक अहमद निवासी क्वार्टर नंबर 1/सी, स्ट्रीट नंबर 15, सेक्टर 07, सिविक सेंटर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-1224/1 रकबा 0.023 हे. भूमि है। जो कि आवेदिका के पति के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका का पति इस्तियाक अहमद पिता- हकीम अहमद का स्वर्गवास दिनांक 05/05/2025 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम 1. हुसना आरा (पत्नी) 2. सना खातून (पुत्री) 3. आलिया खातून (पुत्री) 4. मोहम्मद इरफान (पुत्र) 5. आलिमा (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

NAME CHANGE

Its is Informed to the general public that, I Mohammad Alio Kamdar S/o Shahid Hassan Kamdar resident of House NO-250, Ward No-24, Near Digambar Jain Mandir Road, Behind Mamta Provision Store, New Deepak Nagar, Durg. PO:Durg, Dist:Durg, Chhattisgarh, 491001 have changed my old name Mohammad Alio Kamdar S/o Shahid Hassan Kamdar, so in future I should be recognized by new name that is MOHAMMED ALIO KAMDAR S/O SHAHID HASSAN KAMDAR in all Government & other Documents.

Mohammed Alio Kamdar
R/0 House NO-250, Ward No-24, Near Digambar Jain Mandir Road, Behind Mamta Provision Store, New Deepak Nagar, Durg. PO:Durg, Dist:Durg, Chhattisgarh, 491001

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती रामप्यारी गुप्ता (RAMPYARI GUPTA) पति स्व. बद्रीप्रसाद गुप्ता, आयु 75 वर्ष निवासी 518, पद्मनाभपुर, वार्ड नं.-46 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश इन्द्रा बाई चंद्राकर (INDRA BAI CHANDRAKAR) पति स्व. बद्रीप्रसाद गुप्ता दर्ज है। यह कि मेरे मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक एवं पेंशन जीवन प्रमाण पत्र के पेंशन भुगतान आदेश क्रमांक (08/HC/7320/Family) में मेरा नाम रामप्यारी गुप्ता (RAMPYARI GUPTA) पति स्व. बद्रीप्रसाद गुप्ता दर्ज है, जो कि सत्य व सही हैं। यह कि इन्द्रा बाई चंद्राकर (INDRA BAI CHANDRAKAR) एवं रामप्यारी गुप्ता (RAMPYARI GUPTA) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है, अर्थात् मेरे स्वयं का नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड, अन्य दस्तावेजो एवं शासकीय, अशासकीय दस्तावेजो में अपना सही नाम रामप्यारी गुप्ता (RAMPYARI GUPTA) दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में शासकीय राजपत्र गजट प्रकाशन रामप्याग गुमा राजनांदगांव हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती
रामप्यारी गुप्ता
पति स्व. बद्रीप्रसाद गुप्ता,
निवासी 518, पद्मनाभपुर, वार्ड नं. 46 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती राजेश्वरी निषाद पति रामेशर, उम्र 39 वर्ष, जाति केंवट, निवासी ग्राम खर्रा, तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ:- यह कि, मैं शपथकर्ती उपरोक्त दर्शित पते की निवासी हूँ। यह कि, मेरे स्वयं तथा मेरे भाई के संयुक्त नाम पर ग्राम खर्रा, प.ह.नं. 35, तह0 गुण्डरदेही, जिला बालोद में स्थित भूमि कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.33 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम ओमिन दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड, मतदाता कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, पैन कार्ड सभी में मेरा वास्तविक नाम राजेश्वरी निषाद पति रामेशर है। यह कि, अब से मुझे राजेश्वरी निषाद पति रामेशर के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे। यह कि, मुझे ओमिन पिता हीरालाल से राजेश्वरी निषाद पति रामेशर नाम परिवर्तन बाबत् छ. ग.राजपत्र में प्रकाशन की आवश्यकता है, जिसकी अनुमति बाबत् आपके समक्ष यह शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
राजेश्वरी निषाद
पति रामेशर,
निवासी ग्राम खर्रा, तह. गुण्डरदेही,
जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800031

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी यमनलाल साहू पिता/पति दयाराम साहू पता 270 बी रिसाली भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 498/5(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कलीन साहू पिता/पति स्व. यमनलाल साहू पता 498/2 प्लाट नं. 1 वीआईपी नगर रिसाली भिलाई, घनश्याम साहू पिता/पति स्व. यमनलाल साहू पता 498/2 प्लाट नं. 1 वीआईपी नगर रिसाली भिलाई, चंद्रशेखर साहू पिता/पति स्व. यमनलाल साहू पता 498/2 प्लाट नं. 1 वीआईपी नगर रिसाली भिलाई, धनंजय कुमार साहू पिता/पति स्व. यमनलाल साहू पता 498/2 प्लाट नं. 1 वीआईपी नगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

NAME CHANGE

Its is Informed to the general public that, I Shaishta Alias Kamdar W/o Shahid Hassan Kamdar resident of House NO-250, Ward No-24, Near Digambar Jain Mandir Road, Behind Mamta Provision Store, New Deepak Nagar, Durg. PO:Durg, Dist:Durg, Chhattisgarh, 491001 have changed-my old name Shaishta Alias Kamdar W/o Shahid Hassan Kamdar, so in future I should be recognized by new name that is SHAISHTA KAMDAR W/o SHAHID HASSAN KAMDAR in all Government & other Documents.

Shaishta Kamdar
R /0- House NO-250, Ward No-24, Near Digambar Jain Mandir Road, Behind Mamta Provision Store, New Deepak Nagar, Durg. PO:Durg, Dist:Durg, Chhattisgarh, 491001

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती जिज्ञासा साहू (JIGYASA SAHU) पिता नरेन्द्र कुमार (NARENDRA KUMAR) उम्र 18 वर्ष, निवासी- मकान नं. 104, खुरसुनी, वार्ड नं. 06, तह. अर्जुदा, जिला-बालोद (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :- यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करती हूं। यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक-7624 9613 7182 में मेरा नाम जिज्ञाशा साहू (JIGYASHA SAHU) पिता नरेन्द्र कुमार (NARENDRA KUMAR) अंकित है।

यह कि, मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अंकसूची में मेरा नाम (JIGYASA SAHU) पिता (NARENDRA KUMAR) अंकित है एवं मेरे जाति प्रमाण पत्र एवं निवासी प्रमाण पत्र में मेरा नाम जिज्ञासा साहू पिता नरेन्द्र कुमार अंकित है।

यह कि, मेरा सही व वास्तविक नाम जिज्ञासा साहू (JIGYASA SAHU) पिता नरेन्द्र कुमार (NARENDRA KUMAR) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
जिज्ञासा साहू पिता नरेन्द्र कुमार
निवासी- मकान नं. 104, खुरसुनी, वार्ड नं. 06, तह. अर्जुदा, जिला-बालोद (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र. 202512100600006 /अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका स्निग्धा पाण्डेय, पिता/पति श्री जयप्रकाश नारायण पाण्डेय अन्य 1 निवासी रामनगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.न. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 504/17 रकबा 0.0350 हे. भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.12.2025 होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800032

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी चिरंजीत पाल पिता/पति रामकृष्ण पाल पता मकान नं. 01 आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली, कंचन पाल पिता/पति रामकृष्ण पाल पता मकान नं. 01 आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली, चंदन पाल पिता/पति रामकृष्ण पाल पता मकान नं. 01 आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 615/83(0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कुसुम पिता/पति स्व. चिरंजीत पाल पता वार्ड 61 प्रगति नगर रिसाली भिलाई, ना.बा. अंश पाल पिता/पति स्व. चिरंजीत पाल पता वार्ड 61 प्रगति नगर रिसाली भिलाई, कंचन पाल पिता/पति रामकृष्ण पाल पता मकान नं. 01 आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली, ना.बा. नव्या पाल पिता/पति स्व. चिरंजीत पाल पता वार्ड 61 प्रगति नगर रिसाली भिलाई, चंदन पाल पिता/पति रामकृष्ण पाल पता मकान नं. 01 आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)

पता- नया बस स्टैण्ड के पीछे, दुर्ग
फोन & फैक्स नम्बर-0788-2322148
Email ID-durgmc2017@gmail.com

-: निविदा सूचना :-

क्रमांक /617/रा.वि. (बा.) / 2025 — दुर्ग, दिनांक 08/12/25

नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत निगम के आधिपत्य में स्थित नवीन हाईजेनिक मछली दुकानों (नजूल शीट क्र. 92 भूखण्ड क्र. 4/1 में 64235 वर्गफीट) का आबंटन राइट ऑफ आक्यूपेशन हक पर देने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आफँर स्पीड पोस्ट के द्वारा दिनांक 22/12/2025 अपरांह 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा निर्धारित दिनांक व समय तक कार्यालय में भेजा जा सकता है। निविदा सीधे कार्यालय में नही लिया जावेगा। निविदा दिनांक 23/12/25 के शाम 5.00 बजे आमंत्रित आफॅरकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	व्यवसायिक परिसर का नाम	दुकान क्रमांक	दुकान का आकार वर्गफीट	प्रतिभूति राशि	अमानत राशि प्रति दुकान	लीज अवधि	मासिक किराया
1.	गर्ल्स कालेज रोड वन विभाग कार्यालय के पास निर्मित नवीन हाईजेनिक मछली मार्केट	थोक दुकान क्रमांक 02 से 16 (कुल 15 दुकाने)	20.8 X 10.9 = 216.72 प्रति दुकान	2,00,000/-	20,000/-	15 वर्ष	प्रीमियम राशि का 2% मासिक किराया निर्धारित किया जायेगा। (प्रति दुकान)
		फुटकर (चिल्हर) दुकान क्रमांक 02 से 56 (कुल 55 दुकाने)	08.7 X 7.9 = 68.73 एवं 8 X 7.9 = 63.2 प्रति दुकान	25,000/-	25,00/-		

1. नियम व शर्ते बाजार विभाग (डिपो कार्यालय) नगर पालिक निगम दुर्ग में कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है एवं नगर निगम की वेबसाइट http://municipalcorporationdurg.in/tandor.html से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. ऑफर प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा 03 लिफाफा पद्धति में प्रस्तुत करना होगा। लिफाफा "अ" में अमानत राशि के रूप में डी.डी. एवं अन्य वाछिंत दस्तावेज की छायाप्रति, लिफाफा "ब" में निविदा प्रपत्र की प्रति तथा लिफाफा 'स' में लिफाफा "अ" एंव "ब" को डालना होगा।
4. निविदा प्रपत्र मूल्य 300/- रू0 निर्धारित है।

-: नवीन हाईजेनिक मछली बाजार में निर्मित दुकानो का आबंटन की नियम एवं शर्ते :-

01. मछली बाजार में 16 थोक दुकानें निर्मित है। जिसमें से दुकान क्रमांक 01 मत्स्य महासंघ दुर्ग के लिये आरक्षित है। शेष 15 थोक दुकानों का आबंटन किया जाना है। इसी प्रकार 56 फुटकर दुकानें निर्मित है। जिसमें से दुकान क्रमांक 01 जिले के मत्स्य कृषको द्वारा स्वयं मछली विक्रय करने हेतु आरक्षित है, शेष 55 फुटकर दुकानों का आबंटन किया जाना है।
02. मछली बाजार में थोक एवं फुटकर दुकानों हेतु निर्धारित प्रतिभूति राशि से अधिक की निविदा मान्य होगी। जिसे दुकान आबंटन के पश्चात् 01 माह के भीतर प्रतिभूति राशि जमा कराकर अनुबंध / पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
03. मछली बाजार में आबंटित दुकानों एवं भवन पर स्वामित्व नगर पालिक निगम, दुर्ग का रहेगा। आबंटिति को दुकान में स्वामित्व का अधिकार प्राप्त नही होगा। उसे दुकान में केवल मछली व्यवसाय का अधिकार रहेगा। दुकान को किसी भी प्रकार से अन्य को हस्तांतरण नही करेगा। एवं अन्य व्यवसाय नही करेगा, आबंटिति कानून प्रतिबंधित कोई भी कार्य अथवा व्यापार नही करेगा।
04. यह कि, लीज की अवधि 15 वर्ष की होगी। लीज अवधि समाप्त होने पर किरायेदारी पट्टे का पुनः 15 वर्षों के लिए नवीनीकरण किया जा सकेगा। परंतु तत्समय प्रचलित मासिक किराया में समयानुसार वृद्धि की जावेगी। जो कि पक्षकार न. 02 को मान्य होगा।
05. यह कि, पक्षकार न. 1 (आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग) को भूतल के उपर भवन निर्माण करने एवं निर्मित भवन को किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किराये पर अथवा अन्य किसी भी हक में कब्जा देने अथवा स्वतः उपयोग में रखने का अधिभार रहेगा।
06. यह कि, छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र क्र./एफ 5-31/2015/18 नया रायपुर दिनांक 30 जनवरी 2017 के अनुसार किराये पर प्रति 03 वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर 5% चकवृद्धि क्रम में ब्याज की दर से मासिक किराया देय होगा।
07. यह कि, दुकान में विद्युत मीटर फिटिंग कराने का भार पक्षकार न. 02 पर रहेगा। इसके लिए पक्षकार न. 01 उत्तरदायी नही रहेगा। बिजली बिल व अन्य रकम जो विधुत विभाग को देय होगा, पक्षकार न. 02 नियमित रूप से अदा करेगा। विधुत कनेक्शन हेतु नगर निगम, दुर्ग से विद्युत अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा ।
08. आबंटिती को किराये की दुकान को आवास या गोदाम के रूप में उपयोग में लाने का अधिकार नही होगा।
09. आबंटित दुकान के बाहर बरामदा / सड़क पर सामान नही रखेगा, तथा आवागमन में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नही करेगा।
10. दुकान का आबंटन आबंटिति के पक्ष में उनके स्वयं के नाम पर नामजाद व्यवसाय के लिये किया गया है। उन्हे उक्त दुकान पर उप किरायेदार बनाने का अधिकार नही रहेगा।
11. आबंटिति को किराये के दुकान में किसी भी प्रकार का रूपांतरण करने का अधिकार नही होगा। किसी भी प्रकार का रूपांतरण आबंटिति के द्वारा किये जाने पर अनुबंध / पंजीयन समाप्त कर दुकान से बेदखल कर दिया जायेगा।
12. दुकान में बिजली पंखा एवं नल का मरम्मत कार्य आबंटिति को स्वयं के व्यय से मरम्मत कराना होगा।
13. आबंटिति को आबंटित दुकान में रंगाई पोताई करने का अधिकार रहेगा।
14. आबंटिति को प्रत्येक माह दुकान का निर्धारित मासिक किराया अग्रिम में प्रतिमाह 01 से 10 तारीख के बीच जमा करना होगा। आबंटिती के द्वारा जमा नही कराया गया तो आबंटिती एवं आबंटनकर्ता के मध्य हुआ अनुबंध स्वमेव निरस्त माना जावेगा, एवं किराये की राशि आबंटिती द्वारा जमा प्रतिभूति राशि में समायोजित की जावेगी।
15. आबंटिती को दुकान पर देय मासिक किराया के साथ ही नगर निगम, दुर्ग के सफाईकर, सामान्य जलकर, प्रकाश कर एवं अन्य कर नियमानुसार जमा करना होगा।
16. आबंटिति को आबंटन अवधि में नगर पालिक निगम, दुर्ग के नियमो का पालन करना होगा।
17. अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने पा तत्काल प्रभाव से पंजीयन समाप्त किया जा सकेगा।
18. समय-समय पर नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा प्रसारित आदेश को किरायेदार मानने के लिये बाध्य होगा।
19. आबंटिती दुकान एवं आसपास स्वच्छता का पूरा ध्यान रखेगा।
20. आवश्यकतानुसार, अनुबंध की शर्तो में परिवर्तन नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा किया जावेगा। जो आबंटिती को मान्य करना होगा।
21. किसी भी प्रकार के शर्तो में संशोधन एवं विवाद होने की स्थिति में अंतिम निर्णय आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग का मान्य होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, दुर्ग

जल संरक्षण : ग्रामीणों के लिए खुल रहे आय के नए रास्ते

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अब केवल रोजगार उपलब्ध कराने का साधन भर नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बेहद प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। मनरेगा से निर्मित टिकाऊ परिसंपत्तियाँ न सिर्फ ग्रामीणों के लिए जल संरक्षण को मजबूत कर रही हैं, बल्कि उन्हें अतिरिक्त आय के अवसर भी प्रदान कर रही हैं। वर्षा आधारित खेती पर निर्भर किसानों के लिए डबरी निर्माण एक नई उम्मीद बनकर उभरा है, जिससे खेती के अलावा अन्य आजीविका के विकल्प भी विकसित हो रहे हैं।

मनरेगा से बनी 'आजीविका डबरी' बन रही आय का स्थायी साधन

डबरी निर्माण के लिए जिला प्रशासन खैरागढ़ द्वारा विकासखंड छुईखदान में निजी भूमियों पर व्यापक रूप से स्वीकृतियाँ प्रदान की गई हैं। उद्देश्य यह कि किसान वर्षा जल संरक्षित कर सकें, सिंचाई क्षमता बढ़े और जल संकट की स्थिति में भी खेती प्रभावित न हो।

राजकुमार की 'आजीविका डबरी' बनी परिवर्तन की मिसाल

विकासखंड छुईखदान के ग्राम पंचायत खैरानवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में किसान राजकुमार जंघेल की निजी भूमि पर मनरेगा निधि से 2.672 लाख रुपये की लागत से डबरी निर्माण कराया गया। इस कार्य से ग्रामीणों को 1359 मानव दिवस का रोजगार प्राप्त हुआ।

पूर्व में राजकुमार जंघेल पूरी तरह बारिश आधारित खेती पर निर्भर थे, जिससे उत्पादन कम और आय सीमित रहती थी। डबरी के निर्माण ने परिस्थितियाँ बदल दीं। अब वे बरसाती पानी संरक्षित कर मछली पालन कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष 1.5 से 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त आमदनी होने लगी है। डबरी की मेड़ पर अरहर जैसी फसलें लगाकर वे घर के उपयोग हेतु आवश्यक अनाज भी प्राप्त कर लेते हैं। राजकुमार जंघेल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा– डबरी ने न सिर्फ पानी बचाया, बल्कि हमारी आमदनी भी बढ़ाई।

प्रशासनिक प्रयास दे रहे परिणाम

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में ग्रामीणों की आजीविका सुधार हेतु निरंतर पहल की जा रही है। मनरेगा के माध्यम से पात्र परिवारों को डबरी, पशु शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड एवं कुआँ जैसे हितग्राही मूलक कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा रही है, जिससे खेती के साथ विविध व्यवसायों का विस्तार हो रहा है और ग्रामीण आय में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है।

मुख्यमंत्री से सतनामी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट

■ गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल होने का दिया आमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सतनामी विकास परिषद, सारंगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जयंती गुरुपर्वङ्क2025 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि 18, 19 और 20 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे इस तीन दिवसीय महोत्सव में सतनामी समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह आयोजन समाज की आस्था, एकता और सांस्कृतिक धरोहर का भव्य उत्सव होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रतिनिधिमंडल के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि सतनामी समाज ने सदैव छत्तीसगढ़ की सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि गुरु बाबा घासीदास जी के आदर्श–सत्य, अहिंसा और समानता–समाज को नैतिक शक्ति और सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पावन उत्सव में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है।

कवर्धा में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकों का आभार : विजय शर्मा

■ उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकों का सम्मान कर साथ किया रात्रि भोज

■ जिले के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की सेवा करने वाले चिकित्सकों को भी किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए अपना योगदान देने वाले चिकित्सकों के सम्मान में समारोह का आयोजन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कवर्धा के जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालों के चिकित्सक उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने सभी के साथ इस समारोह में शामिल हुए और सभी को साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित कर सभी के साथ रात्रि भोज किया। उन्होंने सभी से कवर्धा में चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जिले के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की सेवा करने वाले चिकित्सकों को विशेष रूप से सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि कवर्धा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु अस्पताल हेतु 40 पद की स्वीकृति, जिला अस्पताल कबीरधाम में 16.63 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक, सिटी स्कैन, अत्याधुनिक इंट्रीगेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, ओटी एवं हमर लैब में पॉवर बैकअप प्रणाली, जिला चिकित्सालय कबीरधाम की क्षमता 100 बिस्तर बढ़ाकर 220 बिस्तर करने एवं इसके लिए 258 नवीन पदों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेंगाखार को एम्बुलेंस, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में सोनोग्राफी मशीन प्रदान किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में रहने हेतु शासकीय आवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसपुर लोहारा में पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ किया गया है।उपस्वास्थ्य केन्द्र राजा नवागाँव को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरेगाँव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किया गया। सबसे अहम 318.27 करोड़ रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज निर्माण की स्वीकृति मिली है जिससे अब कवर्धा मेडिकल हब बनने जा रहा है। यहां महानगरों जैसी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

उपमुख्यमंत्री ने सभी चिकित्सकों को बताया कि आगामी 11 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा कवर्धा मेडिकल कॉलेज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित आधार शिला का शिलान्यास किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए उन्होंने सभी को आमंत्रित किया।

चिकित्सक आधे भगवान होते : विजय

उन्होंने सभी को चिकित्सकों से कवर्धा में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि चिकित्सक आधे भगवान होते हैं किसी भी आपात स्थिति में लोगों की जान बचाने का कार्य करते हैं, यह काम सेवा भावना से ही किया जा सकता है। यहां कवर्धा के स्थानीय चिकित्सकों के साथ बाहर से आये चिकित्सकों ने भी कवर्धा को अपना कर यहां के लोगों की पूरे मन से सेवा की है जिसके लिए पूरा कवर्धा आपका आभारी है।

अवैध खनन-परिवहन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, 5 वाहन जब्त



पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफजिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग और उड़नदस्ता दल ने बम्हनीडीह, पुछेली, बिर्रा, कनस्दा, हथनेवरा और पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया।

अभियान के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त पाँच वाहन–ग्राम पुछेली से एक ट्रैक्टर, पीथमपुर से एक हाईवा, कनस्दा से एक ट्रैक्टर तथा बम्हनीडीह क्षेत्र से दो हाईवा–जप्त किए गए। सभी वाहनों को पुलिस रक्षित केंद्रों और संबंधित थानों में सुरक्षा के लिए रखा गया है।

जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने जानकारी दी कि जिले में अब तक अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कुल 76 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 66 अवैध परिवहन, 6 अवैध उत्खनन और 4 अवैध भंडारण के मामले शामिल हैं। इन मामलों में कुल 24,65,550 रुपये की शास्ति राशि वसूलकर खनिज मद में जमा की गई है।

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध खनन रोकथाम के लिए खनिज अमला और जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा लगातार गश्त व जांच की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

की जाएगी कड़ी कार्रवाई

अवैध खनन में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जब्त वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुनरावृत्ति होने पर संबंधित मामलों में न्यायालयीन परिवाद दर्ज किए जाएंगे।

नन्दलाल वर्मा ने 120 क्विंटल धान बेचा

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत खैरागढ़ जिले के जालबांधा सहकारी समिति में ग्राम बघमर्रा के किसान नन्दलाल वर्मा ने शुक्रवार को 120 क्विंटल धान का उपार्जन कराया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पंजीयन, तौल तथा रिकॉर्ड प्रविष्टि व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

धान तौल के बाद नन्दलाल वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से प्रतीक्षा समय कम हुआ है, जिससे किसानों को बिना भीड़भाड़ के अपनी उपज जमा करने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष तौल एवं भंडारण कार्य तेज गति से हो रहे हैं तथा किसान निर्धारित समय पर टोकन के अनुसार पहुंचकर अपना धान आसानी से विक्रय कर पा रहे हैं।

फसल कटाई के सीजन में समिति में लगातार धान की आवक बनी हुई है। पारदर्शी तोल-माप एवं भुगतान व्यवस्था को लेकर किसानों में संतोष और भरोसा देखा जा रहा है।

इसी क्रम में नन्दलाल वर्मा ने उपार्जन प्रणाली को अधिक सरल व पारदर्शी बनाने हेतु राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद भी व्यक्त किया।

राष्ट्र हमारे लिए मातृभूमि है और उनके लिए मात्र भूमि

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सांसद संतोष पाण्डेय ने वन्देमातरम् की 150वी वर्षगाँठ के दृष्टिगत हुई विशेष चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में वन्दे मातरम् पर संसद में आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते समय हमारा मस्तक कृतज्ञता से झुक जाता है।

उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी...

■ जशपुर जिले में 3,924 किसानों से 25,384.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से जारी है। इसी क्रम में जशपुर जिले में 8 दिसंबर तक कुल 3,924 किसानों से 25,384.12 मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया है। किसानों को धान का मूल्य चुकाने हेतु 60.86 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष राशि का बैंक खातों में हस्तांतरण लगातार जारी है। जिले की 24 समितियों के 46 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार नियमित रूप से संचालित हो रहा है। पूरी प्रक्रिया को सरल, सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उपार्जन केंद्रों में टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनें, नमी मापक उपकरण, तथा अन्य तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके साथ ही किसानों के बैठने, पेयजल, बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जिला प्रशासन द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। किसानों ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गई ऑनलाइन तुंहर टोकन ऐप को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा है कि इससे टोकन प्राप्त करने, निर्धारित तिथि पर केंद्र पहुंचने और धान बेचने की प्रक्रिया सुचारू हुई है।

---

107 पंचायतों में मनरेगा जानकारी अब क्यूआर कोड पर हर माह इस दिन रोजगार दिवस

■ आजीविका डबरी से आय बढ़ाने की पहल

रायपुर/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले के छुईखदान विकासखंड की सभी 107 ग्राम पंचायतों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 07 तारीख को मनरेगा आधारित रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

वनांचल से मैदानी पंचायतों तक आयोजित हो रहे इन शिविरों में मनरेगा से जुड़े दिशा-निर्देशों, प्रक्रियाओं और अधिकारों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों तथा जॉब कार्डधारियों को दी जा रही है। रोजगार सहायक मौके पर ही मनरेगा में संधारित सात रजिस्टर व वर्क/केस फाइल प्रस्तुत करते हैं, साथ ही जॉब कार्ड प्रविष्टियों को अद्यतन कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक श्रमिक तक तथ्यात्मक एवं पारदर्शी जानकारी पहुंचे। ग्रामीणों को नए परिवारों का पंजीयन, जॉब कार्ड में सदस्यों के नाम जोड़ने, अपूर्ण आवासों की पूर्णता, मातृत्व भत्ता, क्षतिपूर्ति सहित विभिन्न लाभों के बारे में भी स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है।

रोजगार दिवस से बदली तस्वीर

इस वर्ष रोजगार दिवस की विशेष पहल के रूप में क्यूआर कोड आधारित सूचना प्रणाली को जोड़ा गया है। अब कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर मनरेगा योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी–जैसे पिछले वर्षों के श्रमिक बजट, स्वीकृत कार्य, लागत, व्यय और प्रगति–एक ही स्थान पर देख सकता है। यह व्यवस्था न केवल जानकारी को सुलभ बना रही है, बल्कि योजना क्रियान्वयन में पारदर्शिता भी दृढ़ कर रही है।

रोजगार दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को केवल जानकारी ही नहीं दी जा रही, बल्कि उन्हें आजीविका उन्नयन की दिशा में भी प्रेरित किया जा रहा है। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत राज मिस्त्री सहित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण आत्मनिर्भर बनें और मनरेगा श्रमिक से कुशल श्रमिक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। इसके साथ ही बड़ी संख्या में आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसान मछली पालन और पूरक कृषि गतिविधियों से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए श्रमिक बजट का निर्माण युक्तधारा के माध्यम से किया जा चुका है। परिसंपत्तियों के जियो टैगिंग कार्य को अब जियोफेंसिंग तकनीक के जरिए लागू किया जाएगा, साथ ही e-KYC के महत्व की विस्तृत जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई है। नियमित रूप से आयोजित हो रहा यह रोजगार दिवस ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने, उन्हें योजनाओं से सीधे जोड़ने और सतत आर्थिक मजबूती की दिशा में एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभर रहा है।

सीएम साय से पोस्ट मैट्रिक अजा छात्रावास के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पेंशनबाड़ा रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री खुशवंत साहेब उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गुरु पर्व कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस अवसर पर राजधानी रायपुर के विभिन्न छात्रावासों–कालाबाड़ी कन्या छात्रावास, शंकर नगर कन्या छात्रावास, आमापारा छात्रावास, डी.डी.यू. छात्रावास, कबीर छात्रावास, प्रयास छात्रावास, देवपुरी छात्रावास सहित अनेक छात्रावासों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास जी के विचार सामाजिक सद्भाव, समरसता और मानव-सेवा की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं मूल्य शिक्षा के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया।

खड़गे का भाजपा पर पलटवार

आपने मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में बनाई थी सरकार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को राज्यसभा में 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'वंदे मातरम' को नारा बनाया था।

सत्ता पक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आपका इतिहास यह रहा है कि आप हमेशा स्वतंत्रता संग्राम और देशभक्ति के गीतों के खिलाफ रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल में सरकार बनाई थी। पहले आप देशभक्ति के नाम से डरते थे। भारत माता को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब संसद में जनता से जुड़े हुए मुद्दों पर विचार करें और उनका समाधान करें।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसी देशों में हमारा अपना प्रभाव घट रहा है। जबकि, चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। नेपाल चीन से निवेश की मांग कर रहा है। बांग्लादेश चीन और पाकिस्तान के साथ त्रिपक्षीय बैठकों में भाग ले रहा है। बीजिंग खुले तौर पर साउथ एशिया को रणनीतिक योजना के तहत अपनी ओर खींच रहा है। 1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश भारत से दूर जा रहा है और पाकिस्तान के नजदीक हो रहा है। चीन की इतनी हिम्मत बढ़ गई है कि वह अरुणाचल प्रदेश पर अपना बेबुनियाद दावा ही नहीं कर रहा, बल्कि उसे भारत के नागरिकों पर थोप भी रहा है।

राज्यसभा में बोलते हुए खड़गे ने कहा कि आपकी 56 इंच की छाती तो रहने दो, इसका देश को क्या फायदा हुआ? आप चीन के खिलाफ एक शब्द नहीं बोल सकते। आपके विदेश मंत्री स्वीकार कर चुके हैं कि भारत अभी छोटी अर्थव्यवस्था है और चीन का मुकाबला नहीं कर सकता। खड़गे ने कहा कि स्वयं पीएम ने 19 जून 2020 को क्लीनचिट दी थी और कहा था कि न तो कोई घुसा है और न ही कोई घुस आया है। इससे पहले राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। विपक्ष की ओर से इसका जवाब खड़गे ने दिया। उन्होंने कहा कि दो लोग कल तक 'वंदे मातरम' नहीं बोलते थे और आज वही यह बोल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग देशभक्ति की बात कर रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने मुस्लिम लीग के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। उस समय इनकी देशभक्ति कहां गई थी? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज देश आर्थिक संकट और बेरोजगारी से ग्रस्त है। सरकार इन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसी चीजें लाती है। बंगाल विधानसभा चुनाव को देखते हुए सत्ता पक्ष द्वारा 'वंदे मातरम' पर चर्चा करवाई जा रही है। खड़गे ने कहा कि इस मुद्दे के जरिए असली मुद्दे से ध्यान नहीं भटकाया जा सकता है। उन्होंने डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की बात कही। उन्होंने कहा कि आज एक डॉलर की कीमत 90 रुपए हो चुकी है। ऐसी स्थिति में जनता के मुद्दों और उनकी समस्याओं पर चर्चा की जानी चाहिए। आपके श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंगाल में सरकार बनाने के लिए शामिल हुए थे, तब आपकी देशभक्ति कहां थी?

सोनिया गांधी ने देश की नागरिक बनने के बाद ही वोट डाला: प्रियंका गांधी

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के नोटिस का कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने देश की नागरिक बनने के बाद ही वोट डाला था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷क्या उनके पास कोई सबूत है? यह पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने नागरिक बनने के बाद ही वोट दिया था। मुझे समझ नहीं आता कि वे उन्हें क्यों निशाना बना रहे हैं, वह 80 साल की होने वाली हैं और उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया है। इस उम्र में उन्हें अकेला छोड़ देना चाहिए। कुछ लोग जानबूझकर उनको परेशान कर रहे है। इस तरह लोगों को परेशान नहीं करना चाहिए। वहीं, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, ये लोग रोज नए-नए नाटक करते हैं। आज उनका जन्मदिन है, कम से कम आज के दिन तो थोड़ी शर्म करो। इतना मत करो। देश को कहां ले जा रहे हो? कांग्रेस सांसद मल्लू रवि ने कहा, जो भी नोटिस और ये सब चीजें हैं, वे सोनिया गांधी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए राजनीतिक तौर पर की जा रही हैं। वे ये सब करने की कोशिश कर रहे हैं। हम कोर्ट में बिना किसी दिक्कत के बाहर आ जाएंगे, लेकिन यह भारत के लोगों की सोच नहीं है। वह देश की सबसे अच्छी नेता हैं। बता दें कि दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को नोटिस जारी किया है, जिसमें सोनिया गांधी पर नागरिकता लेने से पहले ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने का आरोप लगाया गया है। जज ने निर्देश दिया कि रिवीजन याचिका पर अगली सुनवाई 6 जनवरी, 2026 को होगी। वहीं इससे पहले 5 दिसंबर को इस मामले में राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सोनिया का नाम शामिल किए जाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई को टाल दिया था।

राज्यों में एसआईआर के काम में 'बाधा' पर अदालत सख्त, हम आदेश पारित करेंगे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे एसआईआर के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। चुनाव आयोग की तरफसे अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के छह-सात घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा, 'यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है।' चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

इससे अराजकता हो सकती है : सुप्रीम कोर्ट

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग से कहा, 'वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें।' सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं तो पुलिस तो तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं।

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम दा कहने पर भड़कीं ममता, माफी मांगे पीएम मोदी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग की। बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया है। कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का तब जन्म भी नहीं हुआ था, जब देश को आजादी मिली। लेकिन फिर भी उन्होंने बंगाल के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक को इतने साधारण तरीके से संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपने (पीएम मोदी) उन्हें वह न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया जिसके वह हकदार हैं। आपको इसके लिए राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा भी सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से मदद नहीं लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'हमें केंद्र सरकार से कोई मदद नहीं चाहिए।

ट्रंप के टैरिफ संकेत से बाजार में भूचाल

मुंबई। कमजोर वैश्विक संकेतों, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिका-भारत ट्रेड टेंशन के बढ़ने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार भारी दबाव में आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आयात होने वाले चावल पर टैरिफ लगाने की चेतावनी ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर कर दिया है। इसके साथ ही फेडरल रिजर्व की नीति बैठक से पहले बाजार में अतिरिक्त सतर्कता देखी जा रही है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 636.22 अंक या 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,466.47 अंक पर और एनएसई निफ्टी 193.25 अंक या 0.74 प्रतिशत फिसलकर 25,767.30 अंक पर था। खबर लिखे जाने के समय सेंसेक्स 482 अंक की गिरावट के साथ 84,620 के स्तर पर था निफ्टी में 148 अंक की गिरावट के साथ 25,811.95 के स्तर पर था। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से एशियन पेंट्स, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर नुकसान में रहे। भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर फायदे में रहे। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंग सेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट नकारात्मक दायरे में रहे जबकि जापान का निक्की 225 फायदे में रहा।

एनिमेशन, VFX और गेम डेवलपमेंट में भारत का पहला ग्लोबल बी. डिज़ाइन प्रोग्राम लॉन्च

अहमदाबाद। GLS यूनिवर्सिटी ने ऑस्ट्रेलिया की SAE इंस्टिट्यूट के साथ मिलकर अपना ग्लोबल बी. डिज़ाइन (ऑनर्स) प्रोग्राम लॉन्च किया है। यह लॉन्च, भारत में क्रिएटिव मीडिया एजुकेशन के लिए एक ऐतिहासिक पल है। यह इनोवेटिव चार साल का अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम, देश में अपनी तरह का पहला प्रोग्राम है, जो एनिमेशन, VFX और गेम डेवलपमेंट में वर्ल्ड-क्लास बेंचमार्क विशेषज्ञता प्रदान करता है। गुजरात लॉ सोसाइटी द्वारा वर्ष 1927 में स्थापित तरू यूनिवर्सिटी, गुजरात के सबसे प्रतिष्ठित एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन में से एक है। यह भारत का एकमात्र ऐसा इंस्टिट्यूशन है, जो SAE इंस्टिट्यूट के इंटरनेशनल लेवल पर मान्यता प्राप्त कोर्स और सर्टिफिकेट देने के लिए अधिकृत है। यह सहयोग, स्र्श्व इंस्टिट्यूट का भारत में औपचारिक प्रवेश दर्शाता है, जिससे देश की तेज़ी से बढ़ती क्रिएटिव इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता और मज़बूत होती है।

GLS यूनिवर्सिटी के प्रमुख सुधीर नानावटी और कार्यकारी निदेशक डॉ. चांदनी कपाड़िया की मौजूदगी में ग्लोबल बी. डिज़ाइन (ऑनर्स) प्रोग्राम के लॉन्च के लिए औपचारिक हस्ताक्षर समारोह सोमवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर, नेविटास के करियर और इंडस्ट्री डिवीज़न की एजुकेशन पार्टनरशिप हेड, जेना शिलर और साउथ एशिया के मार्केटिंग और रिक्रूटमेंट के जनरल मैनेजर स्टीव हर्ड के साथ-साथ नेविटास के दूसरे सीनियर अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, तरू यूनिवर्सिटी के प्रमुख सुधीर नाणावटी ने कहा कि, ÷प्रतिष्ठित स्र्श्व इंस्टीट्यूट के साथ यह भागीदारी, GLS यूनिवर्सिटी और भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक माइलस्टोन है। हम अपने छात्र को विश्व स्तरीय शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उन्हें ग्लोबल क्रिएटिव इकॉनमी में लीडर और इनोवेटर बनने के लिए तैयार करती है।

एयरलाइन मनमानी: इंडिगो ने की कैंसिल टिकट...

लखनऊ। यात्री सतीश सिंह के अनुसार, उन्होंने बंगलूरू से वाराणसी के लिए इंडिगो की फ्लाइट में 6000 रुपये में टिकट बुक कराया था। उनका पीएनआर वाई9डब्लूडब्लूटीजी था। पहले तो उन्हें विमान के लिए 16 घंटे इंतजार करना पड़ा। इसके बाद विमान निरस्त कर दिया गया। रिफंड में सिर्फ 400 रुपये दिए गए। अमरदीप सिंह भाटिया ने बताया कि चंडीगढ़ के लिए उन्होंने इंडिगो की फ्लाइट में 16,777 रुपये में टिकट बुक कराया था। फ्लाइट निरस्त होने के बाद जब रिफंड दिया गया तो उसमें 4,536 रुपये की कटौती की गई। शिकायत करने पर इंडिगो प्रशासन ने कहा कि टिकट बुक करने वाली ट्रेवल एजेंसी को फुल रिफंड दिया गया है। इंडिगो की उड़ान से मुंबई से दिल्ली वाया लखनऊ जाने वाले एक यात्री ने शिकायत की है कि मुंबई से लखनऊ की उड़ान निरस्त कर दी गई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)

- ईश्तहार-

ई कोर्ट नं........
ग्राम-बालोद
तहसील-बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बीणादेवी पति श्री सत्यप्रकाश निवासी बालोद तहसील व जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 1047/1 रकबा 0.5950 हे0 गैर कृषि-आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन, नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को **आवासीय प्रयोजनार्थ** हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 24/12/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 09/12/25 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर **बालोद जिला बालोद**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 8)

- मोहबा बाजार, रायपुर -
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **26535** दिनांक 09-12-2025
वार्ड का नाम- **2 पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR801S00186 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती BALAJI STEELS पिता / पति श्री/श्रीमती... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती MS M B CORPORATION पिता / पति श्री/श्रीमती ..... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)

- ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **26530** दिनांक 09-12-2025
वार्ड का नाम- **40 पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569F00114 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती VISHAMBHAR SINGH KSHATRI पिता / पति श्री/श्रीमती CHARU SINGH KSHATRI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती PURNIMA SAHU पिता / पति श्री/श्रीमती BASANT LAL SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SAHMATI PATRA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल •eocghbzonel@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एम आई जी I भवन योजना के अतंर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी. I/85 फेस I श्री ए. जी. थामस पिता श्री स्व. उम्मेन (उम्मेन) वर्गीस को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 29-9-2009 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 3-12-25 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री / श्रीमती जिजो अब्राहम 2. निशा बाबू पिता/पति श्री 1. व्ही. एस. अब्राहम 2.जिजो अब्राहम के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण हेतु कार्य की सूची

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. पुअ/गरि/129/AC-1/2025 **गरियाबंद, दिनांक 01/12/2025**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग/R.E.S में पंजीकृत ई पंजीयन के तहत् डी वर्ग या ऊपर श्रेणी के ठेकेदार प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन कार्य के एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर निम्नलिखित तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद दो लिफाफा पद्धति के तहत् रजिस्टर डाक स्पीड पोस्ट/By hand निविदाएं आमंत्रित की जायेगी। निविदा से संबंधित तिथियां निम्नानुसार हैं-1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिः- 29/12/2025 अपरान्ह 05.00 बजे तक 2. निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथिः 30/12/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक 3. निविदा खुलने की तिथिः-30/12/2025 सायं 04:00 बजे से। (उपरोक्त में से किसी तिथि को शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा।)

टीप - नक्सल प्रभावित पुलिस विभाग जिला गरियाबंद में कार्य किये हुए अनुभव प्राप्त एजेंसी से निर्माण कार्य कराया जायेगा।

स.क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की लागत	अमानत राशि टी.डी.आर. के रूप में
01	सीआरपीएफ कैम्प शोभा में 02 नग बैरक निर्माण कार्य।	18.00 लाख	18000
02	सीआरपीएफ कैम्प इंदागांव में 01 नग टॉयलेट बाथरूम ब्लॉक मय ओपन वॉटर टैंक निर्माण कार्य।	09.45 लाख	9500

नोटः- निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- एवं कार्यपूर्ण करने का समय 02 माह वर्षा काल सहित होगी। निविदा की अन्य नियम व शर्तें एवं जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गरियाबंद से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

जी-252605328/2

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

शाखा: कसडोल
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) 493335

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
ऋणी- मेसर्स मिलन क्लाथ स्टोर, प्रोप- राजू उर्फ परमानंद माधवानी, नगर, पोस्ट- कसडोल, तहसील- कसडोल, जिला- बलौदा बाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़, पिन 493335 **जमानतदार- श्री नेहरू दास मानिकपुरी पिता प्रेमदास मानिकपुरी**, महामाया पारा नगर , पोस्ट- कसडोल, जिला- बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.) 493335	मालिक का नामः श्री नेहरू दास मानिकपुरी पिता प्रेमदास मानिकपुरी, ख. नं. 1146/2,1146/3 एवं 1147/1, महामाया पारा, ग्राम नगर कसडोल, तहसील- कसडोल जिला- बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.) 493335, **चौहद्दीः उत्तर-** रास्ता, **दक्षिण-** नाली, **पूर्व-** विक्रेता की भूमि, **पश्चिम-** पंचमती साहू की भूमि।	Cash Credit ₹ 4,50,000.00 दिनांक 03/06/2025 तक कुल देय धनराशि ₹ 3,10,061.47 NPA Dt. 03/06/2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **यूको बैंक, कसडोल शाखा** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** एनपीए की तिथि अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 09.12.2025, स्थानः कसडोल (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/ यूको बैंक

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

निविदा सूचना

क्रमांक 93/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2025 रायपुर दिनांक 08.12.2025

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **22.12.2025** को सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - **24.12.2025** को सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **30.12.2025** को सायं 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - **30.12.2025** को सायं 4.30 बजे स

क्र.	कार्य का विवरण	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	अवधि	निविदा प्रपत्र	एस.ओ.आर / नॉन एस.ओ.आर.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	सिविल लाईन वार्ड के 46 अंतर्गत जज कालोनी के पास नाली कव्हर / मरम्मत करने का कार्य (मरम्मत संधारण मद)	3.50	4000.00	750.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	3 माह	प्रपत्र "अ"	पी डब्ल्यु डी भवन / रोड एसओ आर दिनाक 01/01/2015
2	26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में डोम निर्माण, वॉटर प्रुफिंग, फेम, तख्त एवं फ्लेक्स फेमिंग आदि व्यवस्था का कार्य।	9.99	10000.00	750.00	जीवित गुमास्ता लायसेस	15 दिन	प्रपत्र "ब"	नॉन एसओ आर/ आयटम दर
3	26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में साउंड सिस्टम व्यवस्था का कार्य।	2.00	3000.00	300.00	जीवित गुमास्ता लायसेस	7 दिन	प्रपत्र "ब"	नॉन एसओ आर/ आयटम दर
4	स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र. 44 अंतर्गत सप्रे स्कुल ग्राउंड में पलोरिंग एवं अन्य अतिरिक्त कार्य। (सामान्य मद)	3.22	4000.00	750.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	2 माह	प्रपत्र "अ"	पी डब्ल्यु डी भवन / रोड एसओ आर दिनाक 01/01/2015
5	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र 45 अंतर्गत कांजी हाउस में शेड एवं फॉल सिलिंग मरम्मत कार्य। (मरम्मत संधारण मद)	1.50	2000.00	300.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	1 माह	प्रपत्र "अ"	पी डब्ल्यु डी भवन / रोड एसओ आर दिनाक 01/01/2015
6	पं भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्र. 57 एवं डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्र. 64 अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार एवं लिकेज मरम्मत एवं आवश्यक सामग्री कय करने का कार्य। (मरम्मत संधारण मद)	3.49	4000.00	750.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	राशि समाप्ति तक	प्रपत्र "ब"	नॉन एसओआर/ आयटम दर
7	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत 75 एचपी मोटर रिवाईडिंग एंव रिपेयरिंग 7 कार्य एवं 75 एचपी मोटर पैनल हेतु कॉपर केबल प्रदाय कर लगाये जाने का कार्य।	2.47	3000.00	750.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	राशि समाप्ति तक	प्रपत्र "ब"	नॉन एसओआर/ आयटम दर
8	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईटो का मरम्मत / संधारण कार्य (मरम्मत संधारण मद)	3.97	4000.00	750.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	6 माह	प्रपत्र "ब"	नॉन एसओआर/ आयटम दर
9	जोन क्रमाक 04 अंतर्गत जोन कार्यालय अम्बेडकर चौक अहिल्या बाई होलकर चौक में लगे लाईटो का संधारण कार्य(मरम्मत संधारण मद)	1.5	2000.00	300.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	15 दिन	प्रपत्र "अ"	पी डब्ल्यु डी विघुत एसओ आर दिनांक 01/06/2020
10	सिविल लाईन वार्ड क्र. 46 अंतर्गत ग्रास मेमोरियल ग्राउंड में प्रीकॉस्ट बाउन्ड्रीवॉल लगाने का कार्य (सामान्य मद) (द्वितीय निविदा)	6.11	7000.00	750.00	"डी" श्रेणी एवं उससे उपर	2 माह	प्रपत्र "ब"	नॉन एसओआर/ आयटम दर

नोट- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज /छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र/जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नवीन पंजीकृत ठेकेदार/फर्म के लिये यह लागू नहीं होगा) / विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न/ राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड) / राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। **(राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी. आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है,तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।**
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्ते जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट nagar nigam raipur.nic.in में देखी जा सकती है।
4. **निविदा अंतर्गत (3rd Party Inspection) की राशि का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जावेगा जो कि कुल स्वीकृत राशि के 0.60 प्रतिशत एवं जीएसटी अतिरिक्त होगा।**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 4
नगर पालिक निगम, रायपुर

भू-माफिया के खिलाफ आदिवासियों ने खोला मोर्चा, फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने का आरोप

■ बस्तर में लगातार आदिवासियों की जमीनों पर क़ब्ज़े और अवैध ख़रीदी: चिंताजनक: मंडावी

बीजापुर/नवप्रदेश। बस्तर अंचल में आदिवासियों की जमीनों पर अवैध कब्जे और फर्जी खरीदी-बिक्री के खेल का एक और मामला सामने आया है। मंगलवार को संकनपल्ली के दर्जनों आदिवासी ग्रामीण मोदकपाल थाना पहुंचे, जहां उन्होंने जगदलपुर के कुख्यात भू-माफिया कमलदेव झा और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कमलदेव झा, भोला झा, प्रभाति झा, साकेत झा समेत कई लोगों ने अधिकारियों से सांठगांठ कर कूट-रचित दस्तावेज तैयार किए और उन दस्तावेजों के आधार पर आदिवासियों की जमीन अपने नाम करा ली। ग्रामीणों के अनुसार, इस अवैध सौदे में तत्कालीन पटवारी, तहसीलदार और उपङ्कपंजीयक की भी भूमिका रही है, जिनकी मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार हुए और बिना ग्रामीणों की जानकारी के संकनपल्ली की जमीनों का कब्जा बदल गया। आरोप है कि झा परिवार ने बस्तर के दंतेश्वरी वार्ड में निवास के बावजूद संकनपल्ली की भूमि पर गैरकानूनी तरीके से खरीदी-बिक्री कर पट्टा भी बनवा लिया।

एसी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

मोदकपाल थाने में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ितों ने सामूहिक आवेदन देकर धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज निर्माण सहित कई धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने एससीङ्कएसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी सख्त कार्रवाई की मांग की, क्योंकि मामला सीधे तौर पर आदिवासी समाज की जमीन और अधिकारों से जुड़ा है। थाने में जमा ग्रामीणों का कहना था हमारी पुश्तैनी जमीनें हमारे ही हाथों से छीनी जा रही हैं, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है।

मेरी जमीन झा के नाम हो गई: बसवैया

संकनपल्ली निवासी बसवैया जव्वा ने बताया कि उन्हें यह जानकारी पटवारी से मिली कि उनकी पैतृक कृषि भूमि पर अचानक किसी कमलदेव झा का नाम दर्ज कर दिया गया है और नक्शा कटवाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।बसवैया ने कहा मैंने कभी जीवन में जमीन नहीं बेची, न ही बेचने का विचार किया। फ़िर भी मेरी जमीन पर किसी सामान्य वर्ग के व्यक्ति का नाम चढ़ा दिया।परिवार सदमे में है। हमारी जमीन ही हमारा जीवन है। इसे छीन लिया गया तो हम जिएंगे कैसे,बसवैया व ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक मंडावी बोले 'बस्तर में अवैध जमीन कारोबार चिंता का विषय है। आदिवासियों की जमीन की अवैध खरीदी बिक्री हो रही है।

ग्रामीणों ने चेताया कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन

ग्रामीणों ने साफकिया कि यदि पुलिस जल्द कार्रवाई नहीं करती, तो वे जिला मुख्यालय तक पदयात्रा और प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फजमीन का मामला नहीं, बल्कि अस्तित्व और भविष्य की लड़ाई है। मोदकपाल थाने में इस मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज करवाने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जनपद सदस्य मनोज अवलम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, संकनपल्ली के सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट की कोशिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर-मस्तूरी रोड के ढेंका में सोमवार देर रात पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट की कोशिश की गई। पेपर मिल के सामने नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बताया जा रहा है बदमाशों ने पेट्रोल पंप मैनेजर की आंख में मिर्ची पाउडर झोंक दिया। हालांकि आरोपी वारदात को अंजाम देने में नाकाम रहे। जानकारी के मुताबिक, मैनेजर रोज़ की तरह कैश लेकर बिलासपुर जा रहा था। इस दौरान नाकाबपोश बदमाश बाइक में ढेंका के पास मैनेजर को रोककर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। पूरा मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गंज चौक हाट बाजार में देर रात चाकूबाजी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के बीच गंज चौक हाट बाजार में सोमवार देर रात चाकूबाजी की घटना सामने आई है। दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि पास में खड़ी स्कूटी को भी आग के हवाले कर दिया गया है। इस घटना के बाद आसपास दहशत निर्मित हो गया था। लोगों ने तत्काल ही पुलिस को सूचना दी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

स्पीच थैरपी शिविर का आयोजन 12 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मानव मंदिर चौक स्थित तिरूपति काम्प्लेक्स में 12 दिसंबर को एक ऐसा आयोजन होने जा रहा है, जो मानवीय संवेदनाओं की गहरी छाप छोड़ता है। प्रतिष्ठित समाजसेवी दिवंगत देवकरण राठी की स्मृति में आयोजित इस निःशुल्क स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन क्लास का उद्देश्य है, उन मासूम आवाजों को स्वर देना, जो बोल नहीं पाते या के हकलाहट तुतलाहट कारण खुद को व्यक्त नहीं कर पाते हैं। गौरतलब है कि इस विशेष पहल में स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटरप 5 श्रीमती रजनी राठी अपनी सेवाएं । निःशुल्क प्रदान करेंगी। वे वर्षों से ऐसे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है, जो बोलने में कठिनाई का सामना करते हैं।

बीच बाजार में लूट का प्रयास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चिखली पुलिस चौकी के अंतर्गत मोटरसाइकिल सवार दो युवको ने एक दुकान में घुसकर लूट का प्रयास किया है। सोमवार को करीब पांच बजे दोनो युवक की हरकत पास के ही सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस मामले को लेकर चिखली पुलिस जांच में जूटी हुई हैं। जानकारी के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में सड़क किनारे जूता-चप्पलं एवं कपड़े की दुकान लगाकर जीवन- यापन करने वाले दुकानदार के पास खैरागढ़ रोड की ओर से दो युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर पहुंचे। शाम करीब 5 बजे दोनों ने तेज रफ्तार में आकर मोटरसाइकिल रोकी, जिसके बाद एक युवक बाइक से उतरा और दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया। वारदात के तुरंत बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से फ़रार हो गए। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार के चलते वे भागने में सफ़ल रहे। पीड़ित दुकानदार ने चिखली पुलिस चौकी में घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फ़िलहाल मोटरसाइकिल सवार आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है।

शांति-कानून व्यवस्था भंग, 5 जेल गए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम देवादा में पुलिस में रिपोर्ट करने की बात से आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नियत से प्रार्थी से वाद विवाद करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जेल भेज दिया हैं। जिसमें रवि गोसाई पिता राजमल गोसाई उम्र 24 वर्ष, राज वैष्णव पिता गुरूवचन दास उम्र 22 वर्ष, रवि कुकरेजा पिता स्व0 लीलाधर कुकरेजा उम्र 40 वर्ष, प्रकाश मणी पिता गुरू दयाल उम्र 41 वर्ष, टिमन उर्फऋषि नेताम पिता लोकेश प्रसाद उम्र 23 वर्ष शामिल हैं। ग्राम मुड़ीपार थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदको को प्रतिबंधित करने पृथक से धारा 126,135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया है।

धान से भरे दो ट्रक पकड़ाए

छुरिया/नवप्रदेश। क्षेत्र में चलाए जा रहे अवैध धान परिवहन के खिलाफअब स्थानीय अधिकारियों को भी व्यापक सफ़लता मिल रही है। इसी के तहत आज यह कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि कलेक्टर जितेंद्र यादव के कुशल नेतृत्व में धान के अवैध परिवहन और कोचियों के खिलाफलगातार छापा मार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आज तहसील छुरिया के वनोपज जांच नाका सीजी 07 बीक्यू 1260 में 700कट्टा धान और ट्रक नंबर सीजी 08 ए एक्स8619 में 715 कट्टा धान परिवहन करते पाया गया। जिसे मौके पर नायब तहसीलदार छुरिया वसीम सिद्दीकी, पटवारी पुरुषोत्तम नेताम और धर्मेंद्र दुग्गा द्वारा रोक कर दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया गया। वाहन चालक द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताया और धान को राजा जैन निवासी बोर तालाब तहसील डोंगरगढ़ का होना बताया। वाहन चालक का बयान दर्ज किया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि राजा जैन द्वारा महाराष्ट्र के ग्राम चिल्हाटी से अलग अलग लोगों से धान को जमा कर लोड किया गया। धान परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण दोनो ट्रक धान सहित जब्त कर थाना छुरिया में सुपुर्द किया गया।

प्रासंगिक व्यय में सालाना लाखों की गड़बड़ी, समिति प्रबंधन पर उठे सवाल

समिति की कागजों में किसान को राहत, ज़मीन पर किसान मजबूर, आखिर कौन ले रहा हमाली राशि!

कोरिया/नवप्रदेश। धान खरीदी उत्सव पर्व में सरकार बड़े गर्व से दावा करती है कि किसान को एक रुपये की भी अतिरिक्त मजदूरी नहीं देनी चाहिए, इसलिए शासन द्वारा लगभग जिले के हर सहकारी समिति में प्रासंगिक व्यय की राशि समितियों को अग्रिम भेजे जाते है और घोषणा की गई कि सरकार किसान की हर चिंता का समाधान कर रही है, लेकिन असली सवाल यहीं से शुरू होता है क्या सरकार द्वारा भेजी गई यह राशि किसान के काम आ रहा या नही जवाब कड़वा है,लेकिन सच्चाई जानना जरूरी है नहीं। प्रासंगिक व्यय राशि, जो समिति में मजदूरों व सुरक्षा के भुगतान के लिए दी जाती है ताकि किसान पर वित्तीय बोझ न आए किन्तु आज धान खरीदी प्रणाली का यह सबसे बड़ा गड़बड़झाला का केंद्र बिंदु बन चुका है, कागज में यह पैसा किसान की राहत है, लेकिन जमीन पर यह पैसा समिति प्रबंधकों,खरीद केंद्र के प्रभारी, समिति अध्यक्ष और उनके पूरे चैनल की निजी आय बन चुका है जो कि जिले में सुर्खियों का विषय बना हुआ है जिससे इस राशि के खर्च को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं।वही आज भी जिले के धान खरीदी केंद्रों में मजदूरों को अपनी जेब से भुगतान करता है, निर्बल, मजबूर, और पूरी तरह सिस्टम पर निर्भर किसान के पास विकल्प ही क्या है । धान बेचना है, कम से कम नुकसान में बेचना है तो वह मना भी नहीं कर सकता, ज्यादातर समितियों में मजदूरी वसूली खुलेआम, निर्भीक और बिना किसी निगरानी के होती है,यानी सरकार का पैसा और किसान का पैसा दोनों खर्च होते हैं, लेकिन राहत किसी को नहीं मिलती, सिवाय उन लोगों के जो सिस्टम को अपनी जेब के हिसाब से चलाना जानते हैं।

राजनीतिक संरक्षण का बड़ा खेल

छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों में पिछले दो पंचवर्षीय से चुनाव ही नहीं हुए,अध्यक्ष मनोनीत होते हैं और योग्यता सिर्फ एक :सत्ताधारी दल के स्थानीय नेतृत्व का चेला होना,कांग्रेस शासन हो या वर्तमान भाजपा दोनों में समिति अध्यक्षों पर किसानों से ज्यादा कर्मचारियों का हित साधने का आरोप है,सूत्र बताते हैं कई समितियों के अध्यक्ष को धान खरीदी शुरू होने से पहले ही 3 से 5 लाख रुपये तक का 'एडवांस' मिल चुका है,इसलिए वे किसानों के हितैषी की जगह हमाली-भुगतान में शामिल कर्मचारियों का कवच बनकर खड़े हैं,किसान उन्हें शासन का प्रतिनिधि समझते हैं,लेकिन समिति अध्यक्ष किसानों के शोषणकर्ताओं की ढाल बन चुके हैं।

गड़बड़झाला की आशंका, प्रशासन को सही निगरानी की आवश्यकता

मिली जानकारी अनुसार धान खरीदी वर्ष 2024-25 के आधिकारिक आंकड़े खुद बता रहे हैं कि कोरिया जिले में प्रासंगिक राशि के नाम पर करोड़ों का खेल हो चुका है जिले के 16 समितियों में पंजीकृत लगभग 25 हजार किसानों से पिछले वर्ष 12 लाख 80 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी, सरकारी गाइडलाइन के अनुसार समितियों को 9 रुपये प्रति क्विंटल हमाली व 3 रुपये प्रति क्विंटल सुरक्षा के नाम पर भुगतान हेतु कुल मिलाकर 1 करोड़ 53 लाख 60 हजार रुपये के करीब राशि पिछले सत्र में कोरिया जिले को प्रासंगिक व्यय मद में जारी की गई थी, लेकिन सच्चाई क्या है कि कोरिया जिले की समितियों में पंजीकृत हमाल हैं ही नहीं, ज्यादातर समितियां कुछ 4, 6 या अधिकतम 10 मजदूरों को दैनिक मजदूरी (300 प्रतिदिन) पर काम करवाती हैं, यदि पूरे खरीदी सत्र का वास्तविक खर्च जोड़ें तो लगभग 50-55 दिन खरीदी कार्य सभी समितियों के मजदूर मिलाकर कुल खर्च 30 लाख रुपये से अधिक नहीं बनता फ़िर भी लाखो रुपये कहाँ गए। यह राशि किन-किन के बीच बंटी।

पति ने पहले पत्नी को मारा, फिर रेलवे ट्रैक पर जाकर की खुदकुशी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। चंडी नगर निवासी राजन गुप्ता ने अपने घर में अपनी पत्नी रेखा गुप्ता की हत्या कर दी। घटना के बाद उसने खुद भी चरम कदम उठाते हुए रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रारंभिक जांच में यह मान रही है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई, जिसके बाद गुस्से में आकर राजन गुप्ता ने पत्नी रेखा की हत्या कर दी। पत्नी की हत्या करने के बाद राजन घर से निकल गया। कुछ ही समय बाद सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान की तो वह राजन गुप्ता निकला। पुलिस को राजन के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें उसने पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की है और अपने तनाव, पारिवारिक कलह और मानसिक परेशानी का जिक्र किया है। पुलिस सुसाइड नोट को जब्त कर जांच में शामिल कर रही है। घटना के बाद चंडी नगर इलाके में दहशत का माहौल है।

डोंगरगढ़- कटघोरा रेल लाइन परियोजना का काम ठप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नई रेल लाइन परियोजना लंबे समय से ठप पड़ी है। यह परियोजना हर साल चुनाव मुद्दा बना रहा है। लेकिन इसके बाद भी कटघोरा, मुंगेली, कवर्धा, डोंगरगढ़ के रहवासियों के यह सिर्फ सपना बनकर रह गया हैं।

पिछले लंबे समय से इस योजना में प्रगति नही आने के कारण औद्योगिक निवेशक नए प्रोजेक्ट लाने से बच रहे हैं। रेल्वे अफ़सरों की माने तो कोरबा डोंगरगढ़ के बीच माल ढुलाई की लागत दोगुनी बनी हुई है। युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं और पर्यटन स्थलों तक कठिन पहुंच के चलते संभावित आय भी घट रही है। लोगों का कहना है कि, भाजपा सरकार कटघोरा- मुंगेली ङ्क कवर्धा ङ्क डोंगरगढ़ रेल लाइन को भूल गई है। उल्लेखनीय है कि, यह परियोजना भाजपा के कार्यकाल में शुरू हुई थी।

बीच में छग में कांग्रेस की सरकार रही। हाल ही में प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज होने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि, परियोजना में तेजी आएगी। हांलाकि यह केन्द्र की योजना हैं, इसलिए लोगों को तेजी से विकास की उम्मीद हैं।

नवभारत ने रायपुर और बिलासपुर जोन से भी जानकारी जुटाई, लेकिन यहां भी परियोजना को लेकर अफ़सर कोई जानकारी नही होने की बात कही। रेल बजट 2025-26 में प्रदेश के रेल विकास के लिए 6 हजार 925 करोड़ का आबंटन किया है। जिसमें कटघोरा मुंगेली कवर्धा ङ्क डोंगरगढ़ रेल लाईन का कही कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

खरमास शुरू होते ही मांगलिक कार्यक्रमों पर लगेगा विराम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी 16 दिसंबर से खरमास का महीना शुरू हो रहा है, जिसमें मांगलिक कार्यक्रमों की पूरी तरह से मना ही रहेगी ज्योतिष आचार्या की माने तो फरवरी 2025 से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे तब जाकर बाजार में रौनक लौटेगी। नवंबर के महीने में भी शादियों के सर्वाधिक मुहूर्त होने के चलते जमकर शहनाइयों गुंजती रही। दिसंबर महीने की प्रथम सप्ताह में भी शादियों की मुहूर्त होने के चलते बाजार में रौनक रही। लेकिन अब बाजार में सन्नाटा पसर गया है। सामान्य लोग ही अब खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं। ज्ञात हो कि शादी सीजन शुरू के दौरान बाजार में रौनक लौट आई थी। सुबह से लेकर देर रात तक लोग खरीददारी करते नजर आ रहे थे। बर्तन बाजार से लेकर कपड़ा और सराफा तथा इलेक्ट्रानिक सामानों की दुकानों में जहां लोग सर्वाधिक पहुंच रहे, तो वहीं जमकर खरीददारी हो रही थी। कपड़ा बाजार से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान और इलेक्ट्रिक सामानों की भी लोग अधिक से अधिक खरीददारी कर रहे थे। बर्तन बाजार और अन्य दुकानों में भी ग्राहकों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रही थी । देर रात तक लोग खरीददारी करते नजर आ रहे थे। आगामी 16 दिसंबर से खरमास का महीना भी शुरू हो रहा है, जिसमें मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम रहेगा। अब फरवरी महीने में शुरू होंगे विवाह मुहूर्त : ज्योतिष आचार्य की माने तो खरमास का महीना समाप्त होने के बाद फ़रवरी महीने में ही वैवाहिक मुहूर्त शुरू होंगे और इस समय शादियां शुरू हो पाएंगी।

सिविल सोसाइटी ने इंडिगो पर 9000 करोड़ जुर्माना लगाने की मांग की

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में इंडिगो एयरलाइंस की बड़ी संख्या में उड़ाने कैंसिल और लेट होने से यात्री हलाकान हो रहे हैं। चार दिनों में लगभग 3450 से अधिक उड़ाने अचनाक रद्द की गईं। इस बीच छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने कड़ा रुख अपनाते हुए एयरलाइन प्रबंधन को लीगल नोटिस जारी किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से इंडिगो कंपनी पर 9 हजार करोड़ रुपए के जुर्माने की मांग की है।

सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने यह नोटिस इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस में कहा कि यह कदम न केवल यात्रियों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि भारतीय कानूनों और नागरिक उड्डयन नियमों की भी खुली अवहेलना है। नोटिस में कहा गया है कि इंडिगो एयरलाइंस ने बिना किसी पूर्व सूचना और बिना पारदर्शी कारण बताए अत्यंत मनमाने ढंग से हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाओं को बाधित किया। यात्रियों को भारी आर्थिक नुकसान, मानसिक कष्ट और समय की हानि का सामना करना पड़ा है। प्रभावित लोगों में वरिष्ठ नागरिक, बच्चे, महिलाएं, रोगी तथा व्यवसायी बड़ी संख्या में शामिल हैं, जिनके लिए अचानक रद्दीकरण किसी आपदा से कम नहीं साबित हुआ। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने अपने नोटिस में स्पष्ट कहा है कि इंडिगो का यह कृत्य भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019, विमानन नियम तथा DGCA द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है।

ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब की निरंतर बिगड़ती पर ध्यान आकर्षित किया

ग्रीन आर्मी 11 से स्वयं पुनर्जीवन स्वच्छता अभियान शुरू करेगी

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब की निरंतर बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा पिछले एक माह से शासन-प्रशासन को कई बार निवेदन और अनुरोध भेजे गए, जिनमें तालाब की वास्तविक परिस्थिति, बढ़ती गंदगी, जलकुंभी, सीवेज जल, निष्क्रिय एस.टी.पी. और सीमांकन की समस्या को विस्तार से बताया गया था। 08 नवम्बर को जारी प्रेस विज्ञप्ति में भी प्रशासन से तत्काल कार्यवाही का आग्रह किया गया था। इसके बावजूद आज तक तालाब की सफ़ाई, निरीक्षण या सुधार से संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। न कोई विभागीय टीम स्थल पर पहुँची और न ही किसी सुधार कार्य का आरंभ हुआ। रायपुर की यह पवित्र, प्राचीन और पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण धरोहर लगातार उपेक्षा की शिकार बनी हुई है।

इसी परिस्थिति को देखते हुए ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने यह तय किया है कि 11 दिसम्बर 2025 की सुबह 7. 30 बजे से ÷महाराजबंध तालाब पुनर्जीवन स्वच्छता अभियान स्वयं आरंभ किया जाएगा। यह अभियान जन-सहयोग, सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक प्रयासों पर आधारित होगा, जिसमें तालाब की सफ़ाई, जलकुंभी हटाने, परिसर को व्यवस्थित करने, गंदे पानी के स्रोत चिन्हित करने और नागरिकों को जागरूक करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। यह प्रयास किसी विरोध के रूप में नहीं, बल्कि शहर की धरोहर को बचाने की जिम्मेदारी के रूप में किया जाएगा। हम रायपुर के समस्त निवासियों से हार्दिक अपील करते हैं कि वे 11 दिसम्बर, गुरुवार की सुबह 7.30 बजे महाराजबंध तालाब परिसर में उपस्थित होकर इस पुनर्जीवन अभियान का हिस्सा बनें। आपका सहयोग न केवल तालाब को नया जीवन देगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का विश्वास है कि जब नागरिक स्वयं आगे आते हैं, तो हर धरोहर फ़िर जीवित हो उठती है। संगठन यह संकल्प दोहराता है कि हम शहर की जल-धरोहरों को बचाने और उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए सतत, प्रतिबद्ध और सकारात्मक प्रयास जारी रखेंगे। ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे जी ने बताया कि हमारा यह अभियान एक संदेश है प्रदेश के समस्त तालाबों को बचाने के लिए ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com